ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • श्रावण शुक्ल पक्ष 13 • विक्रम संवत 2080 • सोमवार, 31 जुलाई 2023 • वर्ष-29 • अंक-285 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

स्टूअर्ट ब्रॉड-एंडरसन के साथ जोड़ी को हमेशा... पेज 12 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### रिम्स में इलाज के दौरान कैदी की मौत

**रांची।** रिम्स में इलाज के दौरान कैदी दुलाल महतो (78) की मौत हो गई है। कैदी चांडिल थाना क्षेत्र के सरायकेला खरसावां जिले का रहने वाला था। मंडल कारा सरायकेला से विशेष जांच एवं इलाज के लिए पांच जुलाई को एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर में भर्ती किया गया था, जहां सेहत में सुधार नहीं होने के बाद 12 जुलाई को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया था। इलाज के क्रम में रविवार को कैदी की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### विष्णु अग्रवाल से तीसरे समन पर पूछताछ आज

**रांची।** झारखंड- बंगाल के बड़े कारोबारी विष्णु अग्रवाल से सोमवार को ईडी की पूछताछ होनी है। रांची जमीन घोटाले में विष्णु अग्रवाल को सोमवार की सुबह 11 बजे तक रांची जोनल आफिस में उपस्थिति को कहा गया है। हालांकि लगातार दो समन पर विष्णु अग्रवाल एजेसी से वक्त ले चुके हैं। एजेंसी ने हाल के दिनों में 17 जुलाई का समन विष्णु अग्रवाल को भेजा था, लेकिन तब बीमारी की बात कह उन्होंने तीन सप्ताह का वक्त एजेंसी से मांगा था। एजेंसी ने तब उन्हें 26 जुलाई को उपस्थिति को कहा था। लेकिन 26 जुलाई को भी विष्णु अग्रवाल एजेंसी के समक्ष यह कह कर उपस्थित नहीं हुए कि उनके घर में पूजा पाठ का आयोजन हुआ है। इसके बाद विष्णु अग्रवाल को ईडी ने 31 जुलाई का समन भेजा है। चेशायर होम रोड समेत कई जमीन की डील में विष्णु अग्रवाल की भूमिका संदेहास्पद की रही है।

### फ्लैट व दुकान के नाम पर 1.56 करोड़ की ठगी, केस दर्ज

**रांची।** हिनू निवासी बिल्डर नीरज सहाय से फ्लैट व दुकान के नाम पर 1.56 करोड़ की ठगी कर ली गई है। इस संबंध में नीरज ने गौशाला चौक निवासी हेमंत कुमार पोद्दार और हिमांशू पोद्दार के खिलाफ कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। बिल्डर की ओर से दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि उर्मिला आरसीपी कंस्ट्रक्शन के निदेशक दीपक कुमार भरतवार ने 2016 में जालान रोड स्थित एक भूखंड में अधूरे निर्माण को पूरा करने का प्रस्ताव दिया था। दोनों के बीच सहमति हुई। निर्माण कार्य के दौरान जमीन मालिक हेमंत कुमार पोद्दार अपने पुत्र हिमांशु स्थल में पहुंचे। इसी दौरान दोनों ने उन्हे बताया कि जमीन पर निर्माण कार्य के लिए सभी मालिकों ने उन्हें जिम्मेवारी सौंपी है।

## झारखंड में झमाझम बारिश के साथ फिर सक्रिय हुआ मानसून



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में एक बार फिर मानसून सक्रिय हो गया है। राजधानी रांची में शनिवार देर रात करीब दो घंटे तक जमकर बारिश हुई। मौसम विभाग ने कहा है कि दो अगस्त तक मानसून सक्रिय रहेगा। इस कारण सभी जिलों में बारिश होगी। इसको लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।बंगाल की खाड़ी में एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन बना हुआ है। इसका करीब पांच दिनों तक असर रह सकता है। रांची समेत राज्य के अधिकांश हिस्से में रविवार सुबह से बादल घिरे हुए हैं। मौसम में उमस बनी हुई है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने रविवार को बताया कि रांची के अलावा गुमला, सिमडेगा आदि जिलों में भी अच्छी बारिश हो रही है। मानसून की सक्रियता से अगले तीन दिन तक बारिश जारी रहने का अनुमान है। झारखंड में अभी औसत से 49 फीसदी कम बारिश हुई है। इसके कारण यहां धान की रोपनी भी प्रभावित हुई है। कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार राज्य में अभी लक्ष्य से काफी कम मात्र 13 फीसदी ही धान की रोपनी हो सकी है। जानकारों के मुताबिक खेती के लिए बारिश अब तक 436 मिमी से ज्यादा होनी चाहिए थी। राज्य में कई जिले ऐसे हैं जहां अब तक रोपा नहीं हुआ है। इनमें खूंटी, गढ़वा, पलामू, लातेहार, सरायकेला, हजारीबाग, रामगढ़, चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो आदि जिले शामिल हैं।

### दो अधिकारियों पर होगी विभागीय कार्रवाई

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और अंचल अधिकारी चक्रधरपुर बाल किशोर महतो के खिलाफ विभागीय कार्रवाई होगी। राज्य सरकार ने उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच के लिए सेवानिवृत आईएएस अधिकारी अरविंद कुमार को जांच संचालन पदाधिकारी के पद पर नियुक्त किया है। उनके खिलाफ अवैध तरीके से नामांतरण करने एवं भूमि सुधार न्यायालय, वक्रधरपुर द्वारा पारित आदेश का अनुपालन नहीं करने का आरोप है। पूरे मामले पर चाईबासा के डीसी ने सात फरवरी 2023 को प्रपत्र 'क' गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की थी, जिसके बाद इसकी जांच की गयी प्रथम दृष्टया आरोप प्रमाणित पाया गया। अब सरकार ने विभागीय कार्रवाई का निर्णय लिया है। पदाधिकारी को 15 दिनों में जवाब देने को कहा गया है।

## पांच लाख का इनामी जेजेएमपी सब जोनल कमांडर गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा पुलिस ने पांच लाख के इनामी उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के सब जोनल कमांडर मनोज परहिया को गिरफ्तार किया है। मनोज परहिया रमकंडा थाना क्षेत्र स्थित गौरियाकरम का निवासी है। गढ़वा एसपी अंजनी कुमार झा को रमकंडा थाना क्षेत्र के पटसर, चेटे, सूली और गोरयाकरम के जंगल में जेजेएमपी के उग्रवादी के मूवमेंट की सूचना लगातार मिल रही थी। इस सूचना पर एसपी ने रंका एसडीपीओ के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया। इस क्रम में रविवार को अहले सुबह जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के एक सदस्य के चेटे-पटसर के जंगली क्षेत्रों में रुके होने की सूचना मिली। इस सूचना पर छापेमारी दल पटसर के जंगल पहुंचा। पुलिस बल को आते देख उग्रवादियों ने भागने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस जवानों ने सब जोनल कमांडर मनोज परहिया को दबोच लिया। मनोज परहिया पूर्व में टीएसपीसी उग्रवादी संगठन से जुड़ा था। वर्तमान में जेजेएमपी संगठन के लिए सब जोनल कमांडर के तौर पर काम कर रहा था।

### राज्य सरकार का बड़ा फैसला

# नकल करते पकड़े जाने पर जाना होगा जेल, एक लाख तक अर्थदंड भी

### राज्यपाल की सहमति मिलते ही यह कानून बन जायेगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार प्रतियोगिता परीक्षा में नकल की रोकथाम के लिए कड़ा कानून बना रही है। इसके जिसके तहत प्रश्नपत्र लीक करने में पकड़े जाने पर ना केवल दस साल तक की सजा होगी, बल्कि एक करोड़ तक का अर्थदंड भी भुगतना पड़ सकता है। इसके अलावा परीक्षाओं में नकल करने पर दोषी पाए जाने पर संबंधित विद्यार्थी को तीन वर्ष तक की सजा और एक लाख रुपये का अर्थदंड के साथ अगले दो साल तक परीक्षाओं में शामिल होने पर प्रतिबंध का प्रावधान किया जा रहा है। झारखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) अधिनियम, 2023 के नाम से जाना जाने वाले इस बिल पर कैबिनेट की मंजूरी मिल चुकी है। इसे विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान ही सदन में पेश करने की तैयारी है। संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने परीक्षा माफिया पर अंकुश लगाने के लिए सरकार द्वारा उठाये जा रहे इस कदम की सराहना करते हुए कहा है कि झारखंड देश के लिए रोल मॉडल साबित होगा। प्रतियोगिता परीक्षा के दौरान नकल करते या प्रश्नपत्र लीक करते पकड़े जाने पर फौरन विद्यार्थी या नकल माफियाओं को जेल जाना पड़ेगा। न्यायालय के आदेश पर आगे की कार्रवाई होगी। इस धंधे में शामिल माफियाओं पर अंकुश लगाने के लिए सरकार यह कड़ा कानून ला रही है। वर्तमान समय में झारखंड एग्जाम कंडक्ट रूल 2001 प्रभावी है, जिसमें पेपर लीक और परीक्षाओं में नकल के लिए अधिकतम छह महीने की सजा और 3000 रुपये तक का जुमार्ना निर्धारित है। इसमें बदलाव करते हुए हेमंत सरकार नये सिरे से कानून बनाने जा रही है। विधानसभा से पास होने के बाद इस बिल को राजभवन भेजा जायेगा, जहां से राज्यपाल की सहमति मिलते ही यह कानून बन जायेगा।



## पलामू में 55 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद पुलिस ने शनिवार की देर शाम थाना क्षेत्र के बेनीकला पंचायत के सिरहा गांव के एक घर से 55पेटी में बंद 2,640 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब जब्त किया है। इसकी जानकारी देते हुए हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि हुसैनाबद एसडीपीओ सह आईपीएस अधिकारी पूज्य प्रकाश को गुप्त सूचना मिली की बेनी कला के सीढ़हा गांव निवासी अयोध्या उपाध्याय के घर में अवैध रूप से शराब बिक्री का करोबार किया जा रहा है। इसकी सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने एक छापेमारी टीम गठित कर इसके सत्यापन के लिए सिढ़हा गांव में अयोध्या उपाध्याय के घर पहुंची। पुलिस को देखते ही तिवारी बीघा गांव निवासी नीतीश कुमार अंधेरा का फायदा उठाकर वहां से भाग निकला। मिट्टी की टूटी फूटी घर की तलाशी लेने क्रम में एक कमरे में ब्लू स्ट्रोक विस्की ब्रांड के 55 कार्टून में बंद 180 एमएल का 2,640 बोतल शराब बरामद किया गया। शेष पृष्ठ 11 पर

### कौशल विभाग में गड़बड़ियों की एसीबी जांच बंद

## सीआईडी व जिला पुलिस से जांच का भेजा प्रस्ताव

### पांच केंद्रों पर दर्ज केस जिला या सीआईडी को भेजने का पत्र

**रांची।** झारखंड में केंद्र सरकार की कौशल विकास योजना के तहत खोले गए वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोवाइडर(वीपीटी) प्रशिक्षण में अनियमितता की जांच एसीबी नहीं करेगी। एसीबी ने 29.83 करोड़ की अनियमितता के मामले में सरकारी अफसरों या कर्मियों की भूमिका नहीं पायी है। पूरा मामला निजी प्रशिक्षण केंद्रों से जुड़ा है, ऐसे में एसीबी ने इस मामले में जांच बंद कर दी है। एसीबी ने निजी लोगों की भूमिका होने के कारण इस मामले में जांच नहीं करने संबंधी पत्र श्रम, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग को भेज दिया है। एसीबी ने इस मामले में विभाग को अनुशंसा की है कि इस मामले में चूंकि निजी लोगों व संस्थानों की भूमिका है, ऐसे में इस मामले में एसीबी के द्वारा दर्ज पांच कांडों की जांच सीआईडी या संबंधित जिला की पुलिस से करायी जाए। एसीबी ने इस मामले में रांची जिला के पांच प्रशिक्षण केंद्रों के खिलाफ पूर्व में एफआईआर दर्ज की थी।

#### कई संस्थानों पर केस दर्ज हुआ था

वीपीटी में साल 2011 से फजीर्वाड़े का गोरखधंधा चल रहा था। वीटीपी प्रशिक्षण मद में उत्थान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, पिठोरिया, रांची को 12,84,000 रुपये का भुगतान किया गया है। इसकी विभागीय पदाधिकारी के स्तर से जांच कराने पर गड़बड़ी पाई गई और संस्थान के खिलाफ एफआइआर किया गया। इसी प्रकार उत्थान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, रांची, कोक्सटैन एडमिनिस्ट्रेटिव एंड मैनेजमेंट कॉलेज, धनबाद एवं एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ इश्योरेंस एंड रिस्क मैनेजमेंट, लालपुर, रांची के खिलाफ प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त हुआ था।

## मानसून सत्र में विधायकों के वेतन बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव लाने की तैयारी

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में मंत्रियों और विधायकों की वेतन बढ़ोतरी से संबंधित प्रस्ताव सदन में लाने की पूरी तैयारी है। भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही ने इस साल बजट सत्र के दौरान सदन में विधायकों की वेतन बढ़ोतरी की मांग की थी। उनकी इस मांग पर पक्ष और विपक्ष के सदस्य सहमत दिखे थे। हालांकि, सरकार की ओर से इस विषय में कोई स्पष्ट उत्तर नहीं आया था। इसलिए इसपर कोई फैसला नहीं लिया जा सका था। बजट सत्र के दौरान भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही ने महंगाई बढ़ने के कारण समय की मांग को आधार बनाकर सदन में विधायकों की वेतन बढ़ोतरी की मांग की थी। इसके बाद भाजपा के वरिष्ठ विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी की अध्यक्षता में विधानसभा की एक समिति का गठन किया गया, जिसको विधायकों के वेतन बढ़ाने को लेकर एक रिपोर्ट विधानसभा को सौंपनी थी। बताया जा रहा है कि समिति ने अपनी रिपोर्ट विधानसभा को सौंप दी है, जिसमें विधायकों का वेतन 40 हजार से बढ़ाकर 55 से 60 हजार रुपये प्रतिमाह करने की अनुशंसा की गई है। अब चालू मानसून सत्र में इस प्रस्ताव को लाने की तैयारी की जा रही है। पिछली बार वेतन में बढ़ोतरी रघुवर दास सरकार में साल में 2015 में हुई थी। तब मुख्यमंत्री की बेसिक सैलरी 70 हजार से बढ़ाकर 80 हजार रुपये किया गया था। विपक्ष के नेता का वेतन 50 हजार प्रतिमाह से बढ़ाकर 65 हजार कर दिया गया था। विधानसभा अध्यक्ष का मूल वेतन 55 हजार किया गया। इसी तरह उप मुख्य सचेतक को 50 हजार और सचेतक का 45 हजार रुपये वेतन दिया जाता है।

### संगोष्ठी

### बाल संरक्षण, बाल सुरक्षा व बाल कल्याण मुद्दों पर कहा-

# बच्चों के अधिकारों की रक्षा की जाये : राज्य मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (एमओडब्ल्यूसीडी) ने रविवार को रांची के सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड के सभागार में बाल संरक्षण, बाल सुरक्षा और बाल कल्याण पर एक दिवसीय क्षेत्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। इसमें हिस्सा लेने वाले चार राज्यों में पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड एवं ओडिशा शामिल थे। संगोष्ठी में बाल कल्याण समितियों (सीडब्ल्यूसी), किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी), ग्राम बाल संरक्षण समिति (वीसीपीसी) के सदस्यों और आंगनबाड़ी कार्यकताओं के 1200 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

यह कार्यक्रम बाल संरक्षण, बाल सुरक्षा और बाल कल्याण मुद्दों के बारे में जागरूकता और पहुंच बढ़ाने के लिए देश भर में आयोजित होने वाली क्षेत्रीय संगोष्ठियों की श्रृंखला का हिस्सा है। संगोष्ठी को महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मुंजपरा महेन्द्रभाई, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो, महिला एवं बाल विकास विभाग के अपर सचिव संजीव कुमार चड्ढा ने संबोधित किया। कार्यक्रम में किशोर न्याय अधिनियम, नियमों में संशोधन पर ध्यान केन्द्रित किया गया। गोद लेने की प्रक्रियाओं पर इसके प्रभाव को भावी दत्तक माता-पिता द्वारा साझा किए गए अनुभव में रेखांकित किया गया, जिन्हें सितंबर, 2022 में संशोधन के बाद त्वरित समाधान प्राप्त हुआ था।

संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मुंजपरा महेन्द्रभाई ने कहा कि किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 को 2021 में संशोधित किया गया था, जिसने देश भर में बाल संरक्षण प्रणालियों को मानकीकृत किया है। इस प्रकार, सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा की जाए और देश के हर कोने में बच्चों के कल्याण के लिए कदम उठाए जाएं। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि मिशन वात्सल्य योजना के माध्यम से जुबेनाइल जस्टिस अधिनियम ने यह सुनिश्चित किया है कि राज्य स्तर पर एससीपीएस, एसएआरए, जिला स्तर पर जेजेबी, सीडब्ल्यूसी, डीसीपीयू और एसजेपीयू की वैधानिक संरचनाएं बाल संरक्षण और बाल कल्याण के लिए सुलभ हैं। बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 ने यह सुनिश्चित किया है कि शिक्षा से लेकर मनोरंजन तक विभिन्न क्षेत्रों में बाल अधिकार बच्चों की गरिमा और उनके अधिकारों के सम्मान के उपायों का पालन करें।

बच्चों के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए, और उनके स्थायी पुनर्वास में समुदाय को शामिल करते हुए, सरकार ने गैर-संस्थागत देखभाल पर जोर दिया है। यह बच्चे को पारिवारिक वातावरण में बढ़ने और उसकी कठिन परिस्थितियों के आघात और सीमाओं को दूर करने का अवसर प्रदान करता है। केंद्र सरकार प्रति माह प्रति बच्चे चार हजार रुपये फॉस्टर केयर और आफ्टर केयर के रूप में स्पांसर करती है। पिछले साल 62,000 से अधिक बच्चों को इससे लाभान्वित किया गया था। उन्होंने यह भी बताया कि बच्चों को यौन उत्पीड़न तथा उन्हें नुकसान पहुंचाने वाले अपराधों से बचाने के लिए दुष्कर्म और पॉक्सो अधिनियम, 2012 से संबंधित मामलों की त्वरित सुनवाई एवं निपटान के लिए 389 विशेष पॉक्सो अदालतों सहित 1023 फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों (एफटीएससी) की शुरूआत की गई है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने कहा कि जुवेनाइल जस्टिस एक्ट में संशोधन के बाद अब बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया आसान हुई है। कोर्ट-कचहरी के झंझट से मुक्त होकर अब जिलाधिकारी के माध्यम से ही बच्चा एडॉप्ट करने की प्रक्रिया की जा सकती है। वर्ष 2014 के बाद से अब तक शेष पृष्ठ 11 पर



### श्रीहरिकोटा से पीएसएलवी-सी56 रॉकेट को अंतरिक्ष भेजा गया

**श्रीहरिकोटा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) के श्रीहरिकोटा केंद्र से आज सुबह 6:30 बजे पीएसएलवी-सी56 रॉकेट को अंतरिक्ष का सफल प्रक्षेपण किया गया। यह रॉकेट अपने साथ सिंगापुर के डीएस-एसएआर उपग्रह समेत सात उपग्रहों को लेकर गया है। डीएस-एसएआर उपग्रह का वजन 360 किलोग्राम है। यह प्रक्षेपण न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड का महत्वपूर्ण मिशन है। यह मिशन इसरो की वाणिज्यिक शाखा का हिस्सा है। पीएसएलवी-सी56 रॉकेट के सफल प्रक्षेपण में अन्य छोटे उपग्रह वेलोक्स एएम, आर्केड, स्कूब-2, नूलियोन, गेलेसिया-2 और ओआरबी- 12 स्ट्राइडर शामिल हैं। पीएसलएलवी रॉकेट से अप्रैल में दो उपग्रहों को प्रक्षेपित किया गया था। आज का प्रक्षेपण इसरो का तीसरा वाणिज्यिक मिशन है। इसरो ने मार्च में एलवीएम3 रॉकेट से ब्रिटेन के वनवेब से संबंधित 36 उपग्रहों को प्रक्षेपित किया था।

## NEWS इन ब्रीफ

### आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लगेगा कैम्प

**पाटन।** किशुनपुर पँचायत सचिवालय में दो दिवसीय आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु एक एवं दो अगस्त को कैम्प लगाया जाएगा। आयुष्मान कार्ड से वंचित लोग अपना आधार कार्ड, राशन कार्ड तथा मोबाइल नम्बर लाकर आयुष्मान कार्ड निःशुल्क बनवा सकते है। यह जानकारी किशुनपुर पँचायत के मुखिया सुमन गुप्ता ने दी है।

### दुर्गा पूजा मनाने को लेकर कमिटी का विस्तार

**पाटन।** खरौंधा गांव में आगामी दुर्गा पूजा मनाने एवं गांव स्तर पर सामाजिक कार्यो की क्रियान्वयन कराने हेतु पूर्व बनी जय माँ भवानी क्लब के नये सिरे से पुनर्गठन एवं विस्तार किया गया। मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी सुरेंद्र सिंह के उपस्थिति में कमिटी की पुनर्गठन किया गया। विस्तारित एवं पुनर्गठित जय माँ भवानी क्लब के सरक्षक सुरेंद्र सिंह को बनाया गया जबकि क्लब के अध्यक्ष मुकेश सिंह, उपाध्यक्ष- अनिल सिंह, सचिव नीरज सिंह, बच्चन कुमार बनाये गये। क्लब के संचालन के लिये 14 अन्य लोगो को कार्यकारिणी के सदस्य बनाया गया है।

### सर्पदंश से किशोरी गंभीर, रेफर

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के बिहारी विगहा गांव निवासी नंदलाल राम की 16 वर्षीय पुत्री चादंनी कुमारी को विषैले सांप ने डंस लिया। जिससे किशोरी गंभीर रुप से बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में परिजनों ने इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां स्थिति को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### शोभा देवी ने मोहर्रम ताजिया कमेटी को सम्मानित किया

**पाटन।** ग्रामीण क्षेत्रों में मुहर्रम को लेकर काफी उत्साहित दिखे लोग। उताकी पंचायत के बैदा कला, मझौली,कुंवर बांध, के मुस्लिम भाइयों के द्वारा ताजिया का मिलान किया गया। इस मौके पर पाटन प्रमुख शोभा देवी के द्वारा ताजिया एवं सीपर बनाने वाले कारीगरों को सम्मानित किया गया।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, क्षेत्र में मातम का माहौल



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत केताता गांव के युवक मुकेश चौबे उर्फ कन्हैया चौबे (30) की मौत सड़क दुर्घटना में बिहार के नवीनगर (अंकोड़ा) मे हो गई। कन्हैया नवीनगर स्थित एनटीपीसी में कार्य करते थे। मिली जानकारी के अनुसार कन्हैया शनिवार को ड्यूटी करने के बाद घर आने के लिए ट्रेन पकड़ने हेतु शाम छः बजे रेलवे स्टेशन जा रहे थे। इसी बीच एक अनियंत्रित हाइवा ने उन्हें रौंद दिया।जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।रविवार को उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव केतत पहुंचा। शव पहुंचते ही गांव में कोहराम मच गया। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। कन्हैया झारखंड दिब्यांग क्रिकेट टीम का कप्तान भी रह चुका था। इसलिए उसकी मौत के बाद खिलाड़ियों में भी मातम का माहौल छा गया है। कन्हैया केतता कला पंचायत के मुखिया रवि शंकर चौबे उर्फ सेठ चौबे का चचेरा भाई था।रविवार को गांव के ही शमशान घाट पर उनका दाह संस्कार किया गया। जिसमें कई लोग शामिल हुए।

## ट्रक के धक्के से पोल क्षतिग्रस्त, मुख्य मार्ग जाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा ।** थाना क्षेत्र बकोरिया में 11000 विद्युत तार प्रवाहित पोल में यूपी 82 ए टी 5002 ट्रक ने धक्का मार दिया जिससे पोल क्षतिग्रस्त हो गया एवं एनएच 39 रोड से लगभग 4 फीट उपर गिर कर लटक जाने की वजह से रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग लगभग 4 घंटे जाम रहा। सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद अकबर ने बताया कि 3:15 बजे भोर में एक ट्रक रांची की ओर से



आ रहा था, वह सड़क के दाहिने में लगे विद्युत पोल को ठोक दिया जिसके कारण विद्युत पोल टूट गया और उसमें लगे विद्युत तार रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर झूल गए। जिसके कारण सड़क जाम हो गयी। धक्का मारने के बाद ट्रक बैक करके वापस भागने लगा। मोहम्मद अकबर तथा अन्य लोगों ने पिकअप गाड़ी से पीछा कर ट्रक को पकड़ा और उसे मनिका थाना में लगवा दिया। इसकी जानकारी बिजली विभाग को दी गई, बिजली विभाग ने तुरंत बिजली काटी। इस दौरान लगभग 2 किलोमीटर में सैकड़ों गाड़ियां जाम में फंसी रही, रविवार को करीब 7:00 बजे बिजली मिस्त्री आया और बिजली तार काटकर हटाने के बाद आवागमन शुरू हुआ।

### सुखाड़ की दहलीज पर पलामू

## सरकार पूरी तरह से हो जाये तैयार: कर्नल

### लगातार दूसरे वर्ष भी किसान फिर से सुखाड़ की चपेट में आने वाले है : कर्नल

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू में जुलाई माह समाप्त होने के बाद भी आवश्यकता के अनुरूप 25 प्रतिशत ही बारिश होना सुखाड़ का लक्षण प्रदर्शित करता है। अभी तक धान का आच्छादन जिले में तकरीबन पांच प्रतिशत ही हुआ है। परन्तु सुखाड़ प्रबंधन के नाम पर अभी तक सरकार की कोई तैयारी नजर नहीं आ रही है। किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने बताया कि पलामू की ज्यादातर भूमि असिंचित है। उक्त भूमि को सिंचाई हेतु किसानों ने वैकल्पिक व्यस्था बनाते हुए जमीन में काफी मात्रा में




डीप बोर कराने की वजह से जलस्तर बहुत नीचे चला गया है। जिससे पेयजल की किल्लत होने लगी है। वर्ष 2022- 23 के सूखे का दंश से पलामू की जनता उबर भी नही पाई थी। सरकार ने जनता के साथ जितना सुखाड़ का मुवावजा देने का वादा किया था अभी तक नही दिया और फिर से लगातार दूसरे वर्ष भी किसान फिर से सुखाड़ की चपेट में आने वाले हैं। आद्रा नक्षत्र के बीतने के महीनों बाद भी अभी तक किसानों ने धान का बिचड़ा लक्ष्य के विरूद्ध मात्र 5 प्रतिशत ,दलहन की खेती लक्ष्य के विरूद्ध 25 प्रतिशत, तेलहन 21 प्रतिशत तथा मोटा अनाज लक्ष्य के विरूद्ध 18 प्रतिशत का ही रोपाई कर पाये हैं। उक्त मुद्दे पर शीघ्र ही किसान ब्रिगेड का प्रतिनिधि मंडल पलामू उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपेगा। मौके पर समाजसेवी सुदेश प्रजापति , उमेश मेहता, मनोहर सिंह, गणेश प्रजापति, श्याम बिहारी मेहता, सुभाष कुमार, पप्पू सिंह व बिट्टू कुमार आदि लोग मौजूद थे।

## सुभाष मुंडा के परिवार से मिले पांकी विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** माकपा नेता सुभाष मुंडा की हत्या के बाद पूरे राज्य में आक्रोश का माहौल है। भाजपा के नेता लगातार सीबीआई की जांच की मांग कर रहे हैं। इसी कड़ी में पूर्व मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास आज सुभाष मुंडा के परिजनों से मिलने उनके घर पहुंचे। इसी दौरान बात करते हुए उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में लगातार आदिवासियों की हत्याएं हो रही है। राज्य सरकार की स्थिति ठीक नहीं है। इस राज्य में माफिया गिरोह और संगठित अपराधी गिरोह समानांतर सरकार चला रहे हैं। सुभाष मुंडा की हत्या की जांच सीबीआई से कराने की बात रघुवर दास ने हेमंत सरकार से की। उन्होंने कहा कि जब राज्य में भाजपा की सरकार थी तब अपराधी हों या नक्सली, सभी बिल में घुसे रहते थे।अगर मुख्यमंत्री को थोड़ा सा भी शर्म होगा तो सीबीआई जांच कराएं सुभाष मुंडा झारखंड के उगता हुआ सूरज थे, हेमंत सोरेन की सरकार नहीं चल रही है, यहां बल्कि माफिया सरकार चल रही है इसके साथ अनेक घटना पर चर्चा हुई, और सुभाष मुंडा के परिवार को ढांढस बढ़ाया। उनके साथ पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ शशि भूषण मेहता, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा एवं अन्य सभी मौजूद थे।

## विधानसभा के सामने दो अगस्त को धरना देंगे शिक्षक व कर्मचारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड राज्य वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर 31 जुलाई को वित्त रहित संस्थानों में एक दिवसीय शैक्षणिक हड़ताल रहेगी। जबकि 2अगस्त को अपनी मांगो को लेकर मोर्चा से जुड़े शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी झारखण्ड विधानसभा के सामने महाधरना देंगे। इससे भी बात नहीं बनी और मांगे नहीं मानी गई तो वित्त रहित शिक्षक व कर्मचारी राज्य के मुख्यमंत्री के आवास का घेराव करेंगे। यह निर्णय रविवार को मोर्चा की हुई बैठक में लिया गया है। शहर के सत्यम होटल में मोर्चा की हुई बैठक की अध्यक्षता बसंत कुमार पाठक ने की। इस बैठक में पलामू व लातेहार जिले के वित्त रहित इंटर कॉलेज, हाई स्कूल, मदरसा एवं संस्कृत विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित थे।



बैठक में मोर्चा नेताओं ने कहा कि पिछले वर्षों से वित्त रहित शिक्षक अपनी छह सूत्री मांगो को लेकर आंदोलित हैं, लेकिन सरकार मांगे पूरी नहीं कर रही है। इससे वित्त रहित शिक्षकों में आक्रोश है। कहा गया कि वर्ष 2023एवं 2024 मोर्चा का आंदोलन का वर्ष होगा। मोर्चा की मांगो में अनुदानित स्कूल एवं इंटर कॉलेजों का अधिग्रहण करने, अनुदान की राशि चार गुणा करने, विभागीय संचिका पर त्वरित कार्रवाई कर कैबिनेट को भेजने, अनुदान की राशि सीधे शिक्षक -कर्मचारियों के खाते में भेजने एवं सेवानिवृति की आयु 62 वर्ष करना आदि शामिल हैं। बैठक में मोर्चा अध्यक्ष मंडल के सदस्य सह इंटरमिडियट महासंघ के महासचिव अरविंद कुमार सिंह, प्राचार्य योगेंदर सिंह, ममता कुमारी, राजेश कुमार द्विवेदी, मो. मोख्तार आलम, देवराज राम, विनय कुमार, प्रभात कुमार मेहताएवं कुमारी मधुबाला आदि उपस्थित थे।

### सर छिपाने को आशियाना नही

## दूसरे के घर में रहकर तीन मासूम बच्चों को पाल रही है विधवा

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** पलामू जिला के पाटन प्रखण्ड के पकरी गांव के स्व. योगेंद्र भुइँया की 30 वर्षीय विधवा सविता देवी पकरी गांव के अशोक दुबे के घर मे तीन छोटे मासूम बच्चों के साथ रहने को मजबूर है। 2021 में एक सड़क हादसा में पति के मौत के बाद खम्भा आधारित टूटी झोपड़ी में तिरपाल लगाकर कुछ दिनों तक रह रही थी लेकिन कुछ दिनों बाद खम्भा आधारित झोपड़ी भी गिर गई। विधवा को स्थिति को देखते हुये बगल में रहने वाले अशोक दुबे ने बेकार पड़ी बालासर( देहाती गौशाला) में रहने को शरण दिया। जहाँ डेढ़ साल विधवा अपने बच्चों के साथ रहते हुये अम्बेडकर अथवा पीएम आवास योजना अंतर्गत सिर छिपाने की आशियाना पाने को इंतजार करते टूट चुकी है। विधवा सविता देवी के तीन बच्चों में 12 वर्षीय देवदत्त भुइँया 7 वी, आठ वर्षीय दिवाकर भुइया दूसरी , जबकि प्रभा



कुमारी पहली वर्ग में पकरी मध्य विद्यालय में नामांकित है। विधवा सविता देवी ने बताया कि गांव घर मे घर घर जाकर गोबर -गोइठा ठोककर मासूम बच्चों को पाल रही हुं। बड़ा बेटा नाबालिग होने के बाद भी कभी कभार पेट की भूख मिटाने के लिये दैनिक मजदूरी ईंट- बालू में काम करता है। खाद्य सुरक्षा अंतर्गत ग्रीन राशन कार्ड है 6 माह के बाद सर्फ एक माह का राशन 5 किलो मिला है। पीएच कार्ड नही होने के कारण ग्रीन कार्ड पर सिर्फ एक यूनिट पर ही 5 किलो चावल मिलता है जो 6 माह के बाद एक माह का आया है। 5 किलो चावल चार लोगों कितना दिन खाएंगे? डेढ़ साल पहले विधवा अम्बेडकर आवास बनाने के हेतु प्रखण्ड से चयन हुआ लेकिन लाभ नही मिला। ग्रीन कार्ड को पीएच में बदल दिया जाता तो मासूम बच्चे को भूखे पेट नही सोना पड़ता। इस सम्बंध में बीडीओ मनोज तिवारी ने कहा है आंबेडकर आवास आवंटन हेतु जिला को लिखा जाएगा तथा ग्रीन कार्ड के जगह पीला कार्ड बनाया जाएगा। ताकि विधवा को प्रतिमाह भोजन की राशन मिल सके।

## प्रखंड के हर पंचायत में सुना गया 'मन की बात' कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बजार।** नावा बजार प्रखंड क्षेत्र स्थित भाजपा प्रखंड अध्यक्ष महादेव प्रसाद के नेतृत्व में हर पंचायत के बूथों पर प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम संपन्न हुआ । मौके पर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने बहुत ध्यान पूर्वक प्रधानमंत्री की बातों को सुना । प्रधानमंत्री ने अपनी मन की बातों को कहते हुए जल संरक्षण के लिए पुनः फिर से कुआं रिचार्ज की बात कही ।चित्रकारों के द्वारा पुरानी बनाए गए कलाकृतियों की सराहना की। अपनी मन की बात में प्रधानमंत्री ने देश की हर बिंदुओं पर चर्चा की । जिसे सुनकर लोगों ने प्रधानमंत्री की काफी सराहना की। इस कार्यक्रम को 8 पंचायत में लगभग सभी बूथों पर मन की बात का 103 ऐपीसोड सुना गया। लोगों ने इस कार्यक्रम को



मोबाइल टीवी के द्वारा सुना गया। भारतीय जनता पार्टी के युवा प्रखंड अध्यक्ष उप मुखिया पति सुनील सिंह ने इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्सुक दिखे । कार्यक्रम में उपस्थित महामंत्री पंकज चंद्रवंशी अशोक चौहान मंत्री महेंद्र साह पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर सिंह निर्मल यादव परशुराम मेहता बलराम सिंह उपाध्यक्ष गुड्डू चंद्रवंशी अशोक पाल प्रखंड अध्यक्ष बलराम सिंह अजय यादव तथा मीडिया प्रभारी यादव प्रखंड संयोजक अखिलेश यादव पंचायत अध्यक्ष संतोष प्रजापति तथा सैकड़ों ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

### बोकारो दुर्घटना के लिए सरकार व प्रशासन दोषी : फिरोज

**मेदिनीनगर ।**पलामू जिला अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने होटल ज्योति लोक में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि बोकारो जिला में मोहर्रम जुलूस के दौरान बिजली करंट की चपेट में आने से 4 लोगों की मृत्यु एवं 9 व्यक्तियों के घायल होने की घटना झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन की अक्षमता को दशार्ता है। किसी भी धर्मावलंबी के द्वारा निकाले जाने वाले जुलूस को देखते हुए बिजली काट दी जाती है। पूर्व में भी इस तरह की घटना हो चुकी है। श्री अंसारी ने कहा कि बोकारो जिला के एसपी एवं डीसी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए एवं मृतक के आश्रितों एवं घायलों को उचित मुआवजा दिया जाए। पलामू जिला अल्पसंख्यक मोर्चा इस घटना की घोर निंदा करता है। शहर डाल्टनगंज पलामू में सौहार्द शांतिपूर्ण भाईचारा एवं गंगा जमुनी तहजीब के तहत रामनवमी कमेटी एवं मोहर्रम कमेटी ने मिलकर हसन हुसैन का शहादत दिवस मनाया। जो बहुत ही शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। भाजपा जिला अल्पसंख्यक मोर्चा पलामू जिला मोहर्रम कमेटी के जनरल सैयद शहरयार अली एवं भाजपा कार्यसमिति सदस्य अंजुमन इस्लामिया के सदर गुलाम गौस उर्फ गुड्डू खान को बधाई दी। कॉन्फ्रेंस में समीम खान भूपेंद्र सिंह होरा अमजद खान सलाहुद्दीन अंसारी सोनू खान एवं शान खान उपस्थित थे।

### मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का कराया मुकदमा

**चैनपुर ।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के नावाडीह पंचायत के तुरिया टोला गांव में शनिवार को चंदन भुईहर की 22वर्षीय पत्नी रजन्ति देवी का शव पेड़ से फांसी के फंदे पर लटकता मिला था । ससुराल वालों ने मामले को आत्महत्या बताया था, लेकिन मृतका के पिता ने पति,सास व ससुर के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। मृतका के पिता ने थाने को दिए गये लिखित आवेदन में बताया है कि ससुराल पक्ष के लोग उनकी बेटी से लगातार नगद डेढ़ लाख रूपए और अपाची मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे, इसके लिए उसके साथ मारपीट की जा रही रही थी। दहेज नहीं देने पर उसके पति चंदन भूईहर, सास राजमती कुंवर, बड़ा भाई राजू भूईहर,बहु सुनंती देवी एवं भतीजा सौरभ भूईहर ने मिलकर कर उसकी बेटी रजंती देवी की हत्या कर फांसी के फंदे पर लटका दिया था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है । रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन रॉय ने बताया कि मृतका के पिता के लिखित आवेदन के आधार पर पांच के खिलाफ दहेज हत्या में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### नौडीहा बाजार में हुआ झामुमो युवा मोर्चा का विस्तार

**नौडीहा बाजार।** नौडीहा बाजार के सरईडीह पंचायत में झामुमो युवा मोर्चा की रविवार को बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने की। कार्यक्रम का संचालन अमन कुमार ने किया। झामुमो युवा मोर्चा की कमिटी का मजबूती से विस्तार लगातार सभी प्रखंडों में किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश राम जी को अध्यक्ष और उप प्रमुख पति संजीत कुमार मुंडा जी को बनाया गया। सन्नी शुक्ला ने कहा ≈नौडीहा बाजार में आज प्रखंड कमिटी का निर्माण हुआ है, इससे झामुमो पार्टी को काफी मजबूती मिली है, साथ ही नौडीहा बाजार के समस्याओं का भी समाधान किया जा सकेगा। माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी की लोकप्रियता आज हर गांव में हैं। युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारी लगातार गांवों का दौरा कर रहे हैं और तेजी से युवाओं को पार्टी से जोड़ रहे हैं। हमारा मुख्य उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जन मानस तक पहुंचाना है जिससे लोगों के जीवन में सकारात्मक सुधार हो सके। नौडीहा बाजार प्रखंड, पलामू के सबसे पिछड़े प्रखंडों में से एक है। यहां के भाजपाई सत्ताधारी जनता के हित में ना आवाज उठाते हैं और ना ही विकास का एक भी कार्य कर पा रहे हैं वहीं हेमंत सरकार के पदाधिकारी गरीबों के द्वार पर आ कर काम करते हैं। सभी लोग पार्टी हित में कार्य करेंगे और सदस्यता अभियान को तेजी से चलाएंगे, साथ सरकार द्वारा चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को दिलाने का कार्य आप सब युवा मोर्चा द्वारा किया जाएगा। सभी नए पदाधिकारियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। इस कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष उदय कुमार पासवान, संयुक्त सचिव अंकित सिंह, हरिहर सिंह, अजीत तिवारी, अशोक सिंह, कृष्ण प्रजापति, रवि कुमार भारती, प्रवेश कुमार, चंदन कुमार, सुरेंद्र राम, डोमन सिंह सहित दर्जनों को उपस्थित थे।

### रेहला में रविवार को निकला मुहर्रम का जुलूस

**विश्रामपुर।** रेहला में मुहर्रम का जुलूस रविवार को निकला। जुलूस में शामिल डंडिला कला,गोदरमा व घोरडीहा का ताजिया आकर्षण का केंद्र बना रहा। गोदरमा,घोरडीहा,डंडिला कला,गुरहा,सबौना,भोलाटाडी, कुड़ी ,कामता सहित कई गांवो के ताजिया व सिपड़ का मिलान रेहला शुक्रबाजार में हुआ। जुलूस में शामिल लोग इस्लाम जिंदा होता है हर कर्बला के बाद का नारा लगा रहे थे।इसके अलावा या हुसैन-या अली के नारों से रेहला गूंज रहा था।मुस्लिम समाज के लोग धार्मिक झंडा के साथ तिरंगा झंडा भी लहरा रहे थे। शुक्रबाजार परिसर में ही पगड़ी-पोशी का कार्यक्रम भी हुआ।जिसमे कमेटी के लोगो ने स्थानीय गण्यमान लोगो को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया।जुलूस के सफल संचालन में मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी के लोग लगे रहे।भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा का भी व्यापक इंतजाम रेहला पुलिस के द्वारा किया गया था। जुलूस में कई राजनीतिक दल के लोग भी शामिल हुये।जुलूस में बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता,वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला,वरीय भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे,डॉ बी पी शुक्ला,ब्रजराज चौबे,समाजसेवी मनउवर खान,वरीय बसपा नेता गोपाल राम,संजय मेहता,एमामूल हक गुड्डू,निवर्तमान वार्ड पार्षद नजमुद्दीन नूरी, डॉ अल्लाउद्दीन अंसारी,डॉ नजरुल हक, रामचंद्र दीक्षित, फरीद खान, गुलाम नवी अंसारी,अल्ताफ हुसैन,शमशेर आलम, महबूब आलम,अली अहमद अंसारी, मुमताज अंसारी, फिरोज खान, तौहीद खान सहित कई लोग शामिल हुये।

**तकलीम** — झमाझम बारिश में भी अखाड़ियों ने अस्त्र-शस्त्र के करतब दिखाये

## मुहर्रम पर्व का शांतिपूर्वक देर रात हुआ समापन

### सैकड़ों की संख्या में सतबरवा प्रखंड परिसर मेला टाड़ में जुलूस का मिलान

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र व आसपास के क्षेत्रों में या अली या हुसैन के नारों के साथ शनिवार को मोहर्रम का जुलूस निकाला गया। मुहर्रम पर्व शांतिपूर्वक देर रात समाप्त हो गया। देर से जुलूस निकलने का कारण वर्षा का होना, झमाझम बारिश में भी अखाड़ियो ने गोल बनाकर विभिन्न जगहों पर परंपरिक अस्त्र-शस्त्र के करतब दिखाए। मोहर्रम का जुलूस धावाडिह,बोहीता, रेवारातू, चांपी कसमार,करमा, पोंची,ताबर मुक्ता से सैकड़ों की संख्या में सतबरवा प्रखंड परिसर मेला टाड़ में जुलूस का मिलान किए। और एक से बढ़कर एक अपना अपना करतब दिखाए। इसके बाद जुलूस को मेला टांड़ से क्रांति चौक होते हुए पुराना बस स्टैंड पहुंचा। और फिर अपने अपने गांव वापस लौट गए।






जुलूस में सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष बच्चे इत्यादि शामिल थे। हर कोई अपने हाथ में लाठी, डंडा, तलवार लेकर जुलूस में या अली या हुसैन नारों से पूरा सतबरवा प्रखंड गूंज उठा। वही मेला टाड़ परिसर में टेंट लगाकर सतबरवा प्रखंड उप मुखिया संघ के अध्यक्ष अर्चना कुमारी व सामाजिक कार्यकर्ता रोशन कुमार उर्फ बिट्टू के द्वारा मुहर्रम कमेटी में शामिल अखाड़ा में सभी लोगों के लिए शरबत, पानी, चना, गुड़ ,मुरब्बा का उत्तम प्रबंध किया गया था।

## सार्वजनिक नोटिस

मकान संख्या 187/ए, मिल्लत मस्जिद रोड, कुंड मुहल्ला, डाल्टनगंज (मेदिनीनगर) पर अवैध कब्जे का प्रयास।

मैं इशरत जहां, उपरोक्त संपत्ति की मालिक, जनता को सूचित तथा सचेत करती हूं कि हिना परवीन मेरे बेटे फराज दानिश खान की पूर्व पत्नी है। सुप्रीम कोर्ट से स्वीकृत पंजीकृत तलाक-हसन 2018 में हुआ है। हिना परवीन यह अफवाह फैला रही है कि तलाक नहीं हुआ। हीना परवीन का मुझसे संबंध नहीं है और संपत्ति पर कोई दावा नहीं है। मेरी अनुमति के बिना संपत्ति का किराया, बिक्री, लेन-देन अवैध अतिचार है। हिना परवीन की खिलाफ कोर्ट में कार्रवाई जारी है।

**Ref/00101/2023**

## एसपी के आदेश पर चला वाहन चेकिंग अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिशिमा रमेशन के आदेशानुसार शहर थाना के एसआई महावीर एका के नेतृत्व में शहर थाना के समीप सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान महावीर एक्का के द्वारा सभी दो पहिया वाहनों को रोककर इनकी कागजात की जांच की गई। जिन वाहन चालकों के पास वाहन से संबंधित कागजात नहीं पाया गया वैसे वाहनों को जब्त कर फाइन के लिए थाना में रखा गया है। इसके अलावा जो व्यक्ति हेलमेट नहीं पाने से उनका भी भाई को जब किया गया है। बताते चलें कि अभी नए एसपी के बाद आगमन के बाद सभी थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वही मौके पर उपस्थित महावीर एका ने बताया कि लाख मना करने के बाद भी लोग हेलमेट पहनने के प्रति जागरूक नहीं है। वाहन चेकिंग के दौरान उन्होंने लोगों को बाइक चलाते समय हेलमेट पहनना और वाहन से संबंधित कागजात साथ में रखने का आग्रह किया है।



## राष्ट्र ध्वज छेड़छाड़ मामले में 18 पर एफआईआर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मुहर्रम जुलूस के दौरान राष्ट्रध्वज के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सही पाया गया है। पुलिस जांच में पुष्टि होने के बाद इस संबंध में एक दर्जन से अधिक नामजद समेत 18 के खिलाफ चैनपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पूरे मामले की छानबीन में पुलिस जुटी हुई है। बताते चलें कि गत शुक्रवार को जिला मुख्यालय से सटे चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर, कल्याणपुर, कंकारी से होकर निकाले गए मोहर्रम जुलूस के दौरान राष्ट्रध्वज के साथ छेड़छाड़ कर उसे लहराते एक वीडियो सामने आया था। इस पर पुलिस ने संज्ञान लिया और छानबीन करते हुए 13 लोगों के खिलाफ नामजद एवं 4 - 5 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बताया जाता है कि शुक्रवार पूर्वाहन में शाहपुर, कल्याणपुर-कंकारी से होकर मुहर्रम पर नौवी का जुलूस निकाला गया था। जुलूस के दौरान राष्ट्रध्वज भी लहराया जा रहा था, लेकिन उसके साथ छेड़छाड़ की गई थी। राष्ट्रध्वज के रंग तो संबंधित थे, लेकिन उजले रंग की पट्टी के बीच होने वाले अशोक चक्र को हटा दिया गया था। उसके जगह उर्दू के कुछ शब्द लिखे गए थे और नीचे में तलवार का निशान बना दिया गया था। आस पास के लोगों ने जब तिरंगे में बदलाव देखा तो उसकी तस्वीरें ले ली और उसे सोशल मीडिया में वायरल किया। हालांकि तबतक इसकी सूचना पुलिस को मिल गई थी। सहायक पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने रविवार को बताया कि अनुसंधान के क्रम में राष्ट्रध्वज के साथ छेड़छाड़ का मामला सही पाया गया। मामले में इंसल्ट टू फ्लैग अधिनियम एवं भावनाएं आहत करने के संबंध में नामजद समेत अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और अनुसंधान किया जा रहा है।



## परशुराम सेना कहलायेगी राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी : देवेन्द्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी अब राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के रुप में जानी जाएगी। परशुराम वंशजों के मजबूत संगठन में सेना नाम का कहीं जिक्र नहीं होगा। उक्त बातें राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कही। श्री तिवारी रविवार को राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के पलामू ईकाई के बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में बोल रहे थे। युवा वाहिनी के रेड़मा स्थित कार्यालय में जिलाध्यक्ष विकास दूबे की अध्यक्षता आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने बताया कि संस्था का रजिस्ट्रेशन राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के रुप में ही है। इसलिए संगठन के नाम से सेना शब्द को हटाने का निर्णय लिया गया है। वहीं प्रदेश सचिव आशुतोष पाण्डेय लक्की ने बताया कि युवा वाहिनी की और कोई इकाई नहीं है। इसलिए संगठन के नाम पर अगर कोई चंदा मांगता है तो संगठन को इसकी सूचना दें। संगठन के द्वारा इस पर संज्ञान लेते हुए कानुनी कारवाई की जाएगी। प्रदेश सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी एकमात्र संगठन है जो अध्यात्म, सनातन, संस्कृति, संस्कार एवं संगठित होने की दिशा में कार्यरत है और इसकी ना तो कोई ईकाई है और ना ही युवा वाहिनी चंदा वसूली का कार्य करती है। बैठक में लिए गए निर्णयानुसार अगस्त माह से संगठन एक बार फिर 'चलो संपर्क से संबंध तक' की मूहिम चलाऐगी जिसके तहत युवा वाहिनी के सदस्य विप्र समाज के सभी सदस्यों के पास पहूंचने का प्रयास करेगा। इस दौरान सदस्यता अभियान भी चलाया जाएगा। जिसका शुभारंभ रांची रोड, रेड़मा स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रतिदिन संध्या 5 बजे से 7 बजे तक सदस्यों के आवागमन के साथ हो चुका है। इस दौरान राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी 21 नवंबर से होने वाले परमपूज्य देवकीनंदन ठाकुर महाराज की भागवत कथा की आगामी तैयारी पर भी चर्चा की गई। मौके पर प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी, संजय मिश्रा, प्रदेश कोषाध्यक्ष राकेश पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश तिवारी, अनील दूबे, प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी, मनीष तिवारी राज रौशन तिवारी, राकेश तिवारी लडडू, विक्रांत त्रिपाठी, आनंद दूबे, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पलामू ने पूरनचंद को पुण्यतिथि के मौके पर याद किया



### पूरन चंद को नोट और वोट जनता के द्वारा चार बार प्राप्त हुआ : अध्यक्ष

### डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के चार बार विधायक रहे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पूरनचंद विचार मंच और फाउंडेशन संस्था के तत्वावधान में स्वतंत्रता सेनानी महान समाजवादी नेता एवं एकीकृत बिहार के पूर्व मंत्री पूरन चंद की 22 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर पंच मुहान में स्थित पूरन चंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सीटू गुप्ता एवं संचालन रामनाथ चंद्रवंशी ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीटू गुप्ता ने अपने अध्यक्षीय भाषण में बताया कि पूरन चंद को नोट और वोट जनता के द्वारा चार बार प्राप्त हुआ। वह इस डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के चार बार विधायक रहे। पूरन चंद विचार मंच द्वारा निर्णय लिया गया कि उनके अधूरे सपनों को आगे बढ़ाने के लिए कृत संकल्पित है। कार्यक्रम में कई वक्ताओं ने अपने अपने विचार प्रकट किए। विचार प्रकट करने वालों में मुख्य रुप से केडी सिंह, शशि भूषण अधिवक्ता, सतीश कुमार सुमन, संतोष प्रसाद, विजय कुमार, विनोद कुमार सोनी अधिवक्ता, दीपक कुमार, गणेश रवि, सिद्धनाथ प्रसाद ,बलराम तिवारी, राजा कुमार चंद्र गुप्ता, कुश कुमार ,इस्लाम खान ,विजय प्रसाद अधिवक्ता, दिलीप सोनी आदि वक्ताओं ने विचार व्यक्त करते हुए पूर्ण चंद जी को गरीबों का मसीहा बताया एवं नारा दिया पूरन नहीं यह आंधी है झारखंड का गांधी है। मौके पर जदयू के पूर्व जिला अध्यक्ष राज नारायण पटेल,अंकित कुमार, अधिवक्ता शशि भूषण, प्रिया कुमारी, गौतम कुमार, सुनील प्रसाद ,महेश प्रसाद, अमन कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## दलितों की आवाज थे : उदय

**मेदिनीनगर ।** समाजवादी नेता सह पूर्व मंत्री पूरनचंद के 22वी पुण्यतिथि के अवसर पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के सदस्यों ने पंचमुहान चौक पर स्थापित पूरनचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम का नेतृत्व मोर्चा के अध्यक्ष उदय राम ने किया। इस अवसर पर उदय राम ने कहा कि पूरनचंद दलितों ,शोषितों की आवाज थे। वे दलितों के हक व अधिकार के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष किये। शोषण मुक्त ,भयमुक्त, समाज के निर्माण के लिए जींवन के अंतिम क्षणों तक लड़ाई लड़ते रहे। पूरनचंद का पूरा जीवन गरीबों के लिए ही था। गरीबों की लड़ाई लड़ने के लिए आधी रात को घर से बाहर आ जाते थे। वतर्मान समय में पूरनचंद के जीवन के आदर्शो को आत्मसात करने की जरूरत है। इस अवसर पर शिव नारायण साव,संजय कुमार, विजय राम, प्रेम कुमार, सन्तोष विश्वकर्मा, सतीश दुबे ,अनिल राम, अरविंद कुमार, प्रवीण कुमार, सुरजमल राम, संजीत कुमार,कर्मदेव राम ,रामनरेश महतो ,शिवराम ,ननन्हक सिंह, मनोज सिंह, रामयाद उरांव आदि उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन रजिंदर पाल ने किया।




**NEWS इन ब्रीफ**

### बाइक दुर्घटना में युवक घायल

**मेदिनीनगर।** बाइक दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार शनिवार की रात पड़वा थाना क्षेत्र के ग्राम चपरोधर निवासी रामपुकार यादव उम्र 35 वर्ष शनिवार की रात 8:30 बजे अपने घर से बाइक पर सवार होकर दूध देने के लिए पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम सखूई गैस गोदाम के पास जा रहे थे। तभी रास्ते में वह बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लेकर पहुंचे ।जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी रामपुकार यादव की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## 'इंडिया' घटक दल के नेताओं ने की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मणिपुर की घटना के विरोध में आईएनडीआईए आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। रविवार को स्थानीय परिसदन में इंडिया गठबंधन के घटक दलों के नेताओं की बैठक हुई। इसमें सीपीआई के पूर्व राज्य सचिव केडी सिंह,झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंहा,कांग्रेस जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू,प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी,राजद जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, राजद एससी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धनंजय पासवान,सीपीआई जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी,मुकेश सिंह,विद्या सिंह चेरो सहित कई लोग शामिल थे। बैठक में आंदोलन की रणनीति बनाया गया ।इसके बाद प्रेस कांफ्रेंस में बताया गया कि एक अगस्त को इंडिया गठबंधन के बैनर तले विरोध प्रदर्शन एवं सभा किया जायेगा। शहर के छह मुहान से सुबह करीब 11.30 बजे विरोध मार्च शुरू होगा। इसमें शामिल घटक दल के लोग मुख्य मार्ग से होते हुए कचहरी परिसर में प्रदर्शन एवं सभा करेंगे। झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंहा ने कहा कि मणिपुर की घटना से पूरी मानवता शर्मसार हुआ है। इस मामले में केंद्र एवं मणिपुर की भाजपा सरकार चुप है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि मणिपुर की घटना भाजपा की सोची समझी राजनीतिक षडयंत्र का परिणाम है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा ने यह साजिश रची है। मणिपुर की घटना पर विपक्ष सदन में प्रधानमंत्री से जवाब मांगा है,लेकिन इसके लिए पीएम के पास समय नहीं है। सीपीआई के पूर्व राज्य सचिव केडी सिंह ने मणिपुर की घटना को भाजपा का राजनीतिक साजिश करार दिया ।कांग्रेस प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी ने कहा कि मणिपुर की घटना से विश्व में भारत का छवि धूमिल हुआ है। सीपीआई के जिला सचिव ने कहा कि घटना के दो माह के बाद भी केंद्र सरकार का चुप रहना उनकी संलिप्तता को दशार्ता है। राजद जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा एवं एससी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धनंजय पासवान ने घटना की निंदा करते हुए भाजपा सरकार के खिलाफ मुखर आंदोलन की जरूरत बताया।

**प्रजनन** | पीटीआर की स्थापना 1974 में,उस समय 22 बाघ थे

# पीटीआर में एक बाघ की पुष्टि मार्च में छतीसगढ़ से आया था

### नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी ने बाघों की गिनती का आंकड़ा सार्वजनिक किया



**स्वीटी वर्मा**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व में एक बाघ की पुष्टि की गई है। नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी ने बाघों की गिनती का आंकड़ा सार्वजनिक किया है। पलामू टाइगर रिजर्व के निदेशक कुमार आशुतोष ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह पुष्टि टाइगर के मल की वैज्ञानिक जांच के आधार पर की गई है । 2 सैंपल मल के देहरादून भेजे गए थे जिनमें से एक मल बाघ और दूसरा मल तेंदुआ का मिला । वर्ष 2018 से 2020 तक पीटीआर में बाघों की संख्या शून्य हो चुकी थी। पीटीआर की स्थापना 1974 में की गई थी उस समय इस पीटीआर में 22 बाघों की संख्या थी। 10 वर्ष के बाद यानी 1984 में यह संख्या 22 बढ़कर 62 हो गई। लेकिन बाघों की संख्या में 90 के दशक के बाद लगातार गिरावट आती रही और 2022 में तो यह संख्या सिमटकर एक पर आ गई । निदेशक आशुतोष का कहना है कि बाघों की संख्या को बढ़ाने की इसके लिए पर्याप्त जल, भोजन और सुरक्षा की व्यवस्था की जा रही है । इसी वर्ष के मार्च में एक टाइगर छत्तीसगढ़ से पीटीआर आया था। टाइगर 4 से 5 दिन रहने के बाद लापता सा हो गया। आशुतोष भी ये मानते हैं कि छत्तीसगढ़ से आया टाइगर आखिर कहां गया होगा। हर वर्ष 29 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस मनाया जाता है। इस साल बेतला में भी एक सादा कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के उपलक्ष में मनाया गया। सूत्रों के अनुसार सरकार यह विचार कर रही है कि वे अन्य टाइगर रिजर्व से यहां कम से कम 3 बाघों को लाया जा सके इस तीन बाघों में से दो का मादा होना आवश्यक है। ताकि बाघों की प्रजनन प्रतिक्रिया में तेजी आये।




वर्तमान में हम सभी वन एवं वृक्ष की आवश्यकता एवं महत्ता से अनभिज्ञ नहीं हैं। वन एवं वृक्ष हमें प्रत्यक्ष रूप से ऑक्सीजन, आयुर्वेदिक औषधियाँ, फल, फूल, काष्ठ, लाह आदि प्रदान करते हुए अप्रत्यक्ष रूप से भू एवं जल-संरक्षण, जैव-विविधता संरक्षण के साथ-साथ पारिस्थितिकी संतुलन बनाये रखने में सहायता प्रदान करता है। आज पृथ्वी पर घटती, हरियाली, बढ़ते मरूस्थलीकरण, पारिस्थितिकी-तंत्र का ह्रास, जल एवं वायु-प्रदूषण, ग्लोबल-वार्मिंग तथा अनियमित जलवायु-परिवर्तन का कारण बन रहा है।

हम झारखंडवासियों को गर्व है कि हमें प्राकृतिक रूप से जल, जंगल तथा जमीन के रूप में प्रचूर संपदा मिली हुई है। हमारे प्रयास से वनों के क्षेत्रफल एवं गुणवत्ता में वृद्धि हुई है, परंतु वह अभी संतोषजनक नहीं है। हमें वृहद् रूप से वृक्षारोपण करते हुए पर्यावरण के संरक्षण, पारिस्थितिकी-तंत्र के असंतुलन, जल एवं वायु-प्रदूषण, ग्लोबल-वार्मिंग आदि पर नियंत्रण प्राप्त करने हेतु सार्थक प्रयास जारी रखना है।

अनुरोध है कि हम संकल्प लें कि इस वर्षा ऋतु में, हम सभी झारखंडवासी कम से कम दो वृक्ष लगायेंगे तथा भविष्य में इसकी देख-भाल करते हुए सुरक्षा प्रदान कर पूर्ण वृक्ष के रूप में विकसित करते हुए सामने उपस्थित कठिनाईयों को दूर करने में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करेंगे।

**श्री रविन्द्र नाथ महतो**
माननीय अध्यक्ष, विधानसभा
झारखंड

जोहार !
जय झारखंड

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड सरकार

PR No. 303579 (Forest, Environment and Climate Changes) 2023-24

# रुक-रुक कर हुई बारिश से किसानों के चेहरे खिले

## पुवाल का रंग लिया धान का बिचड़ा होने लगा हरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड में शनिवार व रविवार को रुक-रुक कर हुई बारिश से जहां प्रखंड के किसानों ने राहत की सांस ली है। वहीं सप्ताह दिन से खेतों में दम तोड़ रहा धान, मकई, अरहर व तिल के पौधों में भी एकाएक जान आ गई। पिछले सप्ताह दिन से क्षेत्र में बारिश नहीं होने के कारण खेतों में उपजा विभिन्न प्रजाति का पौधा बिल्कुल रूप से सूखने के कगार पर हो गया था। यहां तक कि सिर्फ तिल व अरहर का पौधा को छोड़कर धान का पौधा खेत में दम तोड़ कर पुवाल का रूप लेने लगा था। जिस कारण किसानों के चेहरे पर उदासी छा गई थी। पौधों की स्थिति को देख कितने किसान अपने खेत और बधार पर जाना छोड़ दिए थे। लेकिन जैसे ही लगातार दो दिनों तक झूम के बारिश होते रहा वैसे ही उनका खोया चेहरा बिल्कुल रूप से खिल उठा। वहीं घरों में मनमार बैठे कई किसान रविवार अहले सुबह अपने-अपने खेत की ओर निकल गए। इस बीच खेत की हरियाली को देख उनका चेहरा प्रशन्न हो गया। किसानों ने बताया कि पिछले सप्ताह दिनों से बारिश नहीं होने के कारण हम सभी पूरी तरह चिंतित हो गए थे कि अब हम लोगों का खेत में धान रोपनी का कार्य नहीं हो पायेगा। क्योंकि खेत में उपजा पौधा पानी के अभाव में दम तोड़ने लगा था। यहां तक की अधिकांश धान का उपजा पौधा सूखकर पूरा का रूप लेना शुरू कर दिया था। लेकिन लगातार दो दिनों तक रुक-रुक कर बारीश हुई जिससे अन्य पौधों की तरह उसमें भी



हरियाली आना शुरू हो गया। उन्होंने कहा कि जो धान का बिचड़ा सप्ताह दिन से पुवाल की तरह दिख रहा था वह रविवार को हल्का घास की तरह हरा दिखने लगा। वहीं किसानों ने कहा कि अभी धान रोपनी का समय समाप्त नहीं हुआ है। काश अभी से अगर नियमित बारिश होना शुरू हो गया तो खेत में उपजा धान के बिचड़े को बढ़ने में देर नहीं लगेगी। साथ ही कहा की जैसे ही बिचड़ा तैयार हो जाएगा। वैसे ही हम सभी अपने-अपने खेतों में धान की रोपनी भी करना शुरू कर देंगे। किसानों ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले वर्ष से ही हम लोगों के मन में पूरी तरह भय व्याप्त हो गया है। क्योंकि पिछले वर्ष भी बारिश के अभाव में खेत में बोया गया बिचड़ा खेत में ही सुख गया था।

## अध्यक्ष व सचिव पद के लिए नामांकन पत्र किया दाखिल



**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष व सचिव पद के चुनाव को लेकर रविवार को नामांकन दाखिल करने की तिथि समाप्त हो गई। अध्यक्ष पद के लिये शम्भूनाथ सौदागर व सचिव पद के लिये गोपाल प्रसाद जायसवाल ने चुनाव पदाधिकारियों के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। चुनाव अधिकारियों के अनुसार नियमानुसार स्कूटनी सोमवार को होगा। लेकिन अध्यक्ष व सचिव पद के लिये एक एक नामांकन पत्र दाखिल होने के कारण दोनों पदों पर अध्यक्ष व सचिव का निर्विरोध चयन तय है। मौके पर चुनाव पदाधिकारी तस्लीम खान, ओमप्रकाश चौबे, आनन्द अग्रवाल, विनोद कुमार, राजन कुमार, मनोज कुमार, अजय प्रसाद तथा पर्यवेक्षक धर्मचन्दलाल अग्रवाल उपस्थित थे।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** शहर के चिनिया रोड स्थित मिलाप मेडिकल सेंटर में लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम एवं मिलाप मेडिकल सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में हर महीने के 30 तारीख को एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। इस विशेष कार्यक्रम की जानकारी सेंटर के डायरेक्टर डॉ. असजद अंसारी ने दी। उन्होंने बताया कि इस महीने भी मिलाप मेडिकल सेंटर में कुल 47 रोगियों का इलाज और जांच की सुविधा उपलब्ध की गई है। इस कार्यक्रम के लिए स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. महजबीं द्वारा सेवाएं प्रदान की गई। स्वास्थ्य सलाह के साथ-साथ दवाओं का वितरण भी किया गया। उन्होंने बताया कि यह स्वास्थ्य शिविर आम जनता के लिए एक महत्वपूर्ण सेवा प्रदान करता है। जिसका उद्देश्य स्थानीय रोगियों को मुफ्त मेडिकल सुविधाओं तक पहुंचना है। इस आयोजन के माध्यम से सेंटर की टीम विभिन्न महिला संबंधित रोगों के लिए समागम स्थल बनाती है और रोगियों को आवश्यक इलाज और सलाह प्रदान करती है। इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मासिक आधार पर होता है। जिसे लोग अग्रिम बुक करा सकते हैं। रोगियों का आगंतुक जल्दी से जांच होता है और विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा उनकी चिकित्सा योजना बनाई जाती है। इसके साथ ही, महिलाओं को विभिन्न जीवन शैली और स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर सही जानकारी भी दी जाती है। यह सेवा स्वास्थ्य परिस्थितियों में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास है। इसमें विभिन्न रोगों की पहचान, उनका निपटारा और समय पर इलाज कराने का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इस मौके पर ओटी असिस्टेंट युसूफ अंसारी, एएनएम संध्या, सेजल, बिंदु सहित कई लोग उपस्थित थे।

## गढ़वा में शांति व सौहार्द के साथ मुहर्रम संपन्न

# आपसी एकता व सौहार्द में ही पर्व त्योहार की सार्थकता : मंत्री मिथिलेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** हजरत इमाम हसन - हुसैन की शहादत की याद में मुहर्रम मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि कर्बला के मैदान में हजरत इमाम हसन- हुसैन और यजीद की सेना के बीच जंग हुई थी। जिसमें इस्लाम की रक्षा के लिए हजरत इमाम हसन- हुसैन ने अपनी जान की कुर्बान दी थी। इसलिए मुहर्रम महीने के 10वें दिन मुहर्रम को मनाया जाता है। उक्त बातें स्थानीय विधायक प्रदेश के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के द्वारा मुहर्रम के अवसर पर बीती रात कर्बला के मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि कोई भी त्योहार अपने अपने घरों में मनाया जा सकता है। लेकिन पूर्वजों द्वारा सामूहिक रूप से त्योहार मनाने का मुख्य उद्देश्य था कि लोग आपस में मिलजुल कर त्योहार मनाए। साथ ही मिलजुल कर रहे। लेकिन आज छोटी-छोटी बातों पर लोग एक दूसरे से उलझ जाते हैं। इससे बचने की जरूरत है। छोटी-छोटी बातों पर लोगों को नहीं उलझना चाहिए। हम सभी लोग एकजुट होकर रहे, तभी ऐसे पर्वों की सार्थकता सार्थक साबित होगी। उन्होंने कहा कि यदि हमारी नियत नेक होगी तो हम सभी कार्यों में सफलता प्राप्त करेंगे। कोई भी पर्व, त्योहार तभी सफल होगा, जब हम एकजुट रहेंगे। झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम ने कहा कि इस्लाम महीना की शुरूआत और अंत दोनों कुबार्नी से शुरू होती है। रामनवमी पूजा समिति जनरल के अध्यक्ष मुरली श्याम सोनी ने कहा कि किसी को गंगा-जमुनी तहजीब देखना है तो वे गढ़वा आकर देखें। यहां सभी लोग आपस मिलजुल कर कोई भी पर्व-त्योहार मनाते हैं। गढ़वा जिला अंजुमन के सदर जैनुल आबेद्दीन खान उर्फ मदनी खान ने कहा कि गढ़वा में सभी मंच सद्भावना का मंच होता है। सभी मंचो पर दोनों समुदाय के लोग रहते हैं। मौके पर समाजसेवी डॉ यासीन अंसारी ने भी विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन आजाद खान ने किया। मौके मुख्य रूप से डीडीसी राजेश कुमार राय, सीओ मयंक भूषण, बीडीओ कुमुद कुमार झा, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, अनिता दत्त, अंजली गुप्ता, कंचन साहू, दौलत सोनी, एसडीपीओ अवध कुमार यादव, हाजी मनउवर, नईमुद्दीन सिद्दीकी, जमीरुद्दीन अंसारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## यादें हुसैन के बैनर तले मुहर्रम पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

# गंगा जमुनी तहजीब व सामाजिक सौहार्द का मिसाल है गढ़वा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** मोहर्रम के मौके पर यादें हुसैन के बैनर के तले मझिआंव मोड़ पर निगरानी मंच स्थापित कर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मोहर्रम के जुलूस में शामिल सभी ताजिया, सिपड़ आदि को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने फीता काट कर किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज हम हजारों साल बाद भी हसन, हुसैन की शहादत की याद में मोहर्रम का त्यौहार मनाते हैं। क्योंकि वे अन्याय, झूठ एवं फरेब का विरोध करते थे। गरीबों की मदद करते थे। इस कारण आज भी लोग उनकी शहादत को याद करते हुए मोहर्रम मनाते हैं। ऐसी मान्यता है कि रमजान में 30 दिनों का रोजा से भी अधिक मोहर्रम का एक दिन का रोजा का फल प्राप्त होता है। आज बड़े-बड़े ताजिया, सिपड पर बनाए जा रहे हैं। इसकी सार्थकता तभी होगी जब हम सब मिलकर सत्य एवं अपने संविधान की रक्षा करेंगे। मंत्री ने कहा कि भारत लोकतांत्रिक देश है। यहां समरसता, समाजिक एकता एवं सौहार्द बनी रहे, यह हम सब की जिम्मेवारी है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा में हिंदू, मुस्लिम सभी धर्म के लोग आपस में मिल-जुल कर एक दूसरे का पर्व, त्योहार मनाते हैं। यहां दोनों समुदायों के लोगों की पहुंच एक दूसरे के रसोई तक है। गढ़वा गंगा, जमुनी तहजीब एवं सामाजिक सौहार्द का मिसाल है। उन्होंने कहा कि हम सभी लोग यह संकल्प लें कि इस एकता एवं सौहार्द को तोड़ने वाली ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देंगे। मंत्री ने कहा कि आज इस मंच पर हिंदू, मुस्लिम एकता दिख रही है। यह फर्क कर पाना मुश्किल है कि यहां कौन हिंदू और मुस्लिम है। यही भारत की असली खूबसूरती है। मौके पर डीसी शेखर जमुआर आदि ने भी विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कंचन साहू, धन्यवाद ज्ञापन झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने किया। मौके पर मुख्य रूप से डीडीसी राजेश राय, एसडीओ राज महेश्वरम, सीओ कुमार मयंक भूषण, झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल के मुरली श्याम सोनी, एमपी गुप्ता, उबैदुल्लाह हक अंसारी, मदनी खान, शमीम अंसारी, आफताब खान, सनाउल्लाह खान, शमशाद खान, अलीम खान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** स्थानीय उत्सव गार्डन में विधिक जागरूकता -सह- सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को लाभान्वित करने का भी कार्य किया गया। कार्यक्रम का आयोजन दो चरणों में किया गया। पहले चरण में विधिक जागरूकता -सह- सशक्तिकरण शिविर के माध्यम से लोगों को अपने हक, अधिकार व कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने का कार्य किया गया। जबकि दूसरे चरण में लाभुकों को योजनाओं से आच्छादित करने का कार्य किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ न्यायमूर्ति श्री भेंगरा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजेश शरण सिंह ने दीप जलाकर किया। मंच का संचालन करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी गढ़वा कुमुद झा द्वारा माननीय न्यायमूर्ति श्री भेंगरा के गढ़वा आगमन पर स्वागत करते हुए विधिक जागरूकता -सह- सशक्तिकरण शिविर पर अपने विचारों को डीएलएसए की महत्ता पर केंद्रित करते हुए इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को इसके प्रति जागरूक करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के जरिए अपने-अपने मुकदमों के निष्पादन के बारे में बताया। उपायुक्त गढ़वा -सह- उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार शेखर जमुआर ने अपने संबोधन में डालसा (डीएलएसए) की आवश्यकता एवं महता के बारे में उदाहरण देते हुए बताया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों से ग्रामीण जनता अपने-अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला में आयोजित किए जाने वाले जनता दरबार में अपनी शिकायत व अपने हक-अधिकार की रक्षा के लिए आते हैं। जिनका यथासंभव निष्पादन भी कर दिया जाता है। परंतु कुछ मामले ऐसे होते हैं जिनका निष्पादन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत ही हो पाता है। ऐसे में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) द्वारा लोगों को अपना हक-अधिकार दिलाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाती है। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अन्य लाभ बताते हुए जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तर पर जनहित में किए जा रहे विभिन्न योजनाओं के संचालन एवं इनके पूर्ण होने की जानकारी साझा की गई। आम नागरिकों के विभिन्न समस्याओं के त्वरित निष्पादन में तेजी लाने के उद्देश्य से एक महीने के अंदर जिले के सभी पंचायतों को वाई-फाई कनेक्टिविटी से लैस कर देने की बात कही गई ताकि वैसी समस्याएं जो पंचायत एवं प्रखंड स्तर के हों, उन्हें वहीं सुलझाया जा सके एवं आम जनों को अपने ही स्थानीय स्तर पर अन्य लाभ मिल सके। उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा भी माननीय न्यायमूर्ति श्री भेंगरा के गढ़वा आगमन पर आभार व्यक्त की गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा राजेश शरण सिंह ने उक्त शिविर के आयोजन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जागरूकता एवं सशक्तिकरण लगभग एक जैसे शब्द ही लगते हैं लेकिन इसमें थोड़ा अंतर भी है, जिसे समझने की जरूरत है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि यदि किसी योजना का लाभ लेने हेतु लोगों को जानकारी दी जाती है तो। उसे जागरूक करना कहते हैं, जबकि योग्य होने के बावजूद भी उस योजना का लाभ नहीं मिल पाने पर उसके लिए संघर्ष करते हुए उसे पाने की चेष्टा करना एवं अपने हक-अधिकारों के लिए लड़ना सशक्तिकरण कहलाता है।

## छह दिवसीय वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण संपन्न

# प्रशिक्षण का लाभ उठाएं : सुशील



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में छह दिवसीय वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण का समापन रविवार को किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लोगों के बीच जेएसएलपीस के जिला प्रबंधक सुशील दास, आरसेटी के निदेशक इंदु भूषण लाल, जेएसएलपीएस नवल किशोर राजू , आई जोश लकड़ा, पिंकी, अंजनी कुमार, कांडी बीपीएम प्रदीप कुमार पाठक, फैकल्टी मिथलेश कुमार सिंह एवं पंकज कुमार वर्मा ने सयुक्त रूप से लोगो के बीच। प्रमाण पत्र का वितरण किया। इस मौके पर सुशील दास ने कहा की आप लोगों को वित्तीय साक्षरता का प्रशिक्षण दिया गया है आप सभी लोग अपने गांव पहुंचकर समूह की महिलाओं को वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूक करेंगे। संस्था के निदेशक इंदु भूषण लाल ने कहा कि गांव की महिलाएं आज भी बैंक के कामकाज को नहीं जानती है। उन्हे जागरूक करने की जिम्मेवारी आपको दी जा रही है। आप लोग ट्रेनिंग का लाभ उठाएं। आप लोग ट्रेनिंग के पश्चात अपने गांव और समाज के लोगों को वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूक करने का काम आपको करना है।इस मौके पर, रुस्तम अली, अभिषेक कुमार तिवारी, सुरेंद्र रवि शामिल थे।

## मुखिया ने किया पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**मेराल (गढ़वा)।** पूर्वी पंचायत के मुखिया राम सागर महतो ने रविवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रांगण में पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दो हजार पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर पौधा वितरण के साथ-साथ पौधों को लगाने, उन्हें संरक्षित करने, वन्यजीवों की सुरक्षा, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने के लिए लोगों ने सामूहिक रूप से शपथ लिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी ने कहा कि वर्तमान के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों का जीवन सुरक्षित, रखने पर्यावरण को बचाने, जल जंगल तथा जमीन को सुरक्षित रखने के लिए अधिक से अधिक पौधा लगाने की आवश्यकता है। मौके पर उपस्थित संजय भगत पूर्व मुखिया सुषमा कुशवाहा, परमानंद पाठक सुनील कुमार इत्यादि ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए जीवन में पेड़ पौधे का महत्व पर प्रकाश डाला। प्राकृतिक संतुलन, पर्यावरण संरक्षण में सभी लोगों को भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया। मुखिया रामसागर महतो ने कहा कि पंचायत के सभी वार्ड तथा भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में पौधा लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में पूर्वी पंचायत का अपना, महत्वपूर्ण भागेदारी हो सके। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर लाल मोहन ने किया। इस मौके पर पंचायत के सभी वार्ड से बड़ी संख्या में महिला पुरुष तथा बच्चे उपस्थित थे। जिन्हें फलदार छायादार तथा इमारती पौधा उपलब्ध कराया गया। इस मौके पर कृष्णा प्रसाद कुशवाहा बीटीएम प्रवीण मिश्रा, अभिषेक कुमार, अरविंद महतो, विनोद चौधरी, दिनेश मेहता, सुनील कुमार, सोबरन मेहता सहित अनेकों लोग मौजूद थे।

## मुहर्रम के जुलूस में प्रदर्शन करने वाले को किया गया सम्मानित

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** मुहर्रम के अवसर पर सूर्य मंदिर परिसर में लोगों ने लाठी, तलवार, भाला आदि का प्रदर्शन किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को नाइस टेलर के द्वारा सम्मानित किया गया। ताजिया में प्रथम स्थान बगईयाटांड़ के अख्तर खान, दूसरा बिशुनपुर के जाहिद हुसैन। वहीं अखाड़ा में सद्दाम हुसैन डुबाट पर लाठी, भाला, तलवार आदि खेल प्रदर्शन में प्रथम स्थान सोनबरसा निवासी महबूब आलम तथा दूसरे स्थान के लिये नरही निवासी शाहिद रजा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, अंजुमन कमेटी के सदर तौहिद, खान,नाइस टेलर के प्रोपराइटर अबूताज शहंशाह के द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान लाने वाले प्रतिभागियों को मोमेटो एवं पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ मुहर्रम त्योहार को मनाते हैं। मौके पर पूर्व सरपरस्त तस्लीम खान, मुहर्रम इंतजामिया कमेटी सदर मुराद खान, खजांची लालबाबू खान, सरपरस्त शमीम खान, झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, झामुमो नेत्री किरण देवी, खुशदिल सिंह, कांग्रेस जिला महासचिव ओमप्रकाश चौबे, समाजसेवी आमीन खान, डॉ कुतबुद्दीन अंसारी, डॉ कैसर आलम, शोएब आलम, नरही सदर नसीर अंसारी, फुलटून खान, अजूबा खान, अयुब अंसारी, इम्तियाज अंसारी, तुफैल खान, बबलू खान, तौवाब खान, सलातीन खान, सुहैल आलम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## केतार बाजार में भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण

**केतार (गढ़वा)।** केतार मुख्य बाजार में रविवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर की आदम कद प्रतीमा का अनावरण किया गया। वहीं भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन, अनवारण समिति के सयोंजक अजय वर्मा, दिल्ली यूनिवर्सिटी प्रोफसर लक्ष्म यादव ने संयुक्त रूप से फूल माला चढ़ाकर किया। प्रतीमा का अनावरण के पश्चात नियोजित कार्यक्रम में लोहिया समता उच्च विद्यालय मैदान में सर्वप्रथम डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर, गौतम बुद्ध, कबीर दास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया गया। इसके बाद जन सभा का आयोजन कार्यक्रम की शुरूआत की गई। वहीं अनवारण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनय रतन के द्वारा बाबा साहेब का प्रत्तिमा लगाने के दौरान जेल गए पांच लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर लक्ष्मण यादव ने कहा कि केतार में आज बाबा साहेब की प्रतिमा का अनावरण हुआ है।

## विनोद वर्मा का निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति : झामुमो

**गढ़वा।** कुशल राजनीतिज्ञ, झामुमो का मजबूत स्तंभ विनोद वर्मा के निधन पर रविवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर आयोजित शोक सभा में झामुमो नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। दो मिनट का मौन रखकर मृतक के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर आदि ने कहा कि स्व. वर्मा झामुमो के मजबूत स्तंभ थे। ये वर्ष 2013 से लगातार लेखन का कार्य कर रहे थे। वे कुशल राजनीतिकार थे। इनके द्वारा विकास कार्य की गाथा लिखी गई एवं उसे सूचीबद्ध किया गया। वर्त्तमान में जो विकास कार्य दिख रहा है, वो इन्हीं का देन है। ये झामुमो परिवार के वरिष्ठ राजनीतिकार रहे हैं। इनके बताये गए नक्शे कदम पर चलकर आज जो विकास कार्य हो रहा है, वैसा विकास कार्य आज तक इस गढ़वा जिला की धरती पर कभी नहीं हुआ था। वे विगत नौ माह से बीमार चल रहे थे। इनका निधन गत 27 जुलाई को चाईबासा में हो गया। इनके निधन से झामुमो परिवार मर्माहत है। पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। इनके कार्य को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। मौके पर मुख्य रूप से उक्त सहित शरीफ अंसारी, राजकिशोर यादव, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय सिंह उर्फ छोटू, कार्तिक पाण्डेय, आलमगीर अंसारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, सचिव चंदा देवी, अहमद अली, फुजैल अहमद, कामेश्वर चौधरी, आशीष गुप्ता, मेराल राजेश बैठा, तौकीर आलम, फैजुल अहमद अंसारी, रामसागर यादव, मुक्तेश्वर पाण्डेय, इम्तेयाज अहमद, नसीम इमाम, लालमोहन पासवान, भरत केशरी, दिव्य प्रकाश केशरी, भिखम चन्द्रवंशी, मीना देवी आदि लोग उपस्थित थे।

## किसी भी व्यक्ति को मर्यादा का ख्याल रखना चाहिये

# किसी भी परिस्थिति में मंत्र की संत की व भगवान की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए : जीयर स्वामी

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान श्री जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि मंत्र संत एवं भगवान की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इसी मर्यादा का पालन कुंती ने नहीं किया था। जिसके चलते उनको विवाह से पहले पुत्र को प्राप्त करना पड़ा। कुंती ने मर्यादा का पालन नहीं किया और मंत्र की परीक्षा लेनी शुरू कर दी। जिसका परिणाम यह हुआ की कुंवारी अवस्था में हीं उसे कर्ण के रूप में पुत्र को प्राप्त करना पड़ा। अतः किसी भी व्यक्ति को मर्यादा का ख्याल रखना चाहिये। किसी भी परिस्थिति में मंत्र की संत की तथा भगवान की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए। हर व्यक्ति को मर्यादा के अंतर्गत अपने जीवन को जीना चाहिए। किसी भी परिस्थिति में मर्यादा का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। विषम परिस्थिति में भी मर्यादा का पालन करते रहना चाहिए, क्योंकि मर्यादा ही पुरुष की शोभा है। मनुष्य की शोभा है संसार की शोभा है। राष्ट्र की शोभा है। कुल की शोभा है इस जगत की शोभा है। बिना मर्यादा का मनुष्य जानवर से भी गया गुजरा है। जिस प्रकार जल विहीन नदी का कोई अस्तित्व नहीं रह जाता, उसी प्रकार मर्यादा के बिना मनुष्य का भी कोई अस्तित्व नहीं है। जो विषम परिस्थितियों में भी मर्यादा का पालन करते हैं धर्म का पालन करते हैं, माता-पिता का कद्र करते हैं, स्त्री का सम्मान करते हैं, बुजुर्गों का सम्मान करते हैं। उन पर लक्ष्मी नारायण भगवान की कृपा बनी रहती है। उनका परिवार विकास करता है। उन्होंने कहा कि सबको आपस में प्रेम और सद्भाव के साथ जीवन जीना चाहिए। भरत के चरित्र को जीवन में उतारना चाहिए। भाई भरत के चरित्र का पूजा किया जाए और एक भाई से बेईमानी किया जाए यह उचित नहीं है। जिस प्रकार त्रेता द्वापर में एक भाई दूसरे भाई के लिए त्याग की भावना रखते थे। उसको जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने परिवार के लिए, अपने भाई के लिए ,अपने समाज के लिए मन में त्याग की भावना रखनी चाहिए। स्वामी जी महाराज ने कहा कि एक भाई से बेईमानी कर कबूतर को दाना खिलाने से कोई फायदा नहीं हो सकता।



### नम आंखों के साथ शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया मुहर्रम, निकाली गई ताजिया

# अखाड़ा जुलूस में युवाओं ने दिखाया हैरतंगेज करतब

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
इस्लाम धर्मावलंबियों के द्वारा मनाया जाने वाला मुहर्रम रविवार को भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।जिसकी तैयारी पिछले कई दिनों से की जा रही थी। बता दें कि मुहर्रम हजरत इमाम हुसैन के शहादत की याद में मनाया जाता है। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के द्वारा ताजिया जुलूस निकाला गया और जिला मुख्यालय में भ्रमण किया। जिसे अखाड़ा जुलूस भी कहा जाता है। अखाड़ा जुलूस में युवाओं की टोली पारंपरिक हथियार के साथ चल रहे थे। अखाड़ा में युवाओं के द्वारा कला का प्रदर्शन भि किया गया। लाठी, तलवार व अन्य पारंपरिक हथियार भांजने की कला का प्रदर्शन किया। आकर्षक और हैरतअंगेज करतब दिखाए।जिला मुख्यालय सहित कई अन्य जगहों के कमिटियां तय समय पर अपने अपने स्थान से ताजिया निकाला और शहर में भ्रमण किया। ताजिया जुलूस में हजारों की संख्या में लोग साथ चल रहे थे। इसी दौरान जगह जगह करतब दिखाते हुए आगे बढ़ते गए। इन कमिटियों ने बेहद ही खूबसूरत और आकर्षक ताजिया का निर्माण कराया था। पिछले कई दिनों से ताजिया बनाने का काम चल रहा था। वहीं युवाओं की टीम ने पारंपरिक हथियार से करतब दिखाते हुए सबको हैरान कर दिया।



**सुरक्षा के किए गए थे पुख्ता इंतजामः** मुहर्रम को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। कड़ी सुरक्षा के बीच ताजिया और अखाड़ा जुलूस निकला। अखाड़ा या ताजिया जुलूस के साथ सदर थाना प्रभारी एवं अन्य पदाधिकारी और जवान साथ चल रहे थे। प्रशासन ने शांतिपूर्ण माहौल में मुहर्रम मनाने की तैयारी कर रखी थी। शहर के चौक चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इसके अलावा पुलिस टीम गस्त करती नजर आई। पुलिस अधीक्षक ने सौहार्द और भाईचारा बनाए रखने की अपील भी की थी। और सभी थाना प्रभारियों को भी विशेष दिशा निर्देश दिया गया था।

## श्रम मंत्री ने किया एकलव्य विद्यालय भवन का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
राज्य के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता रविवार को एक दिवसीय दौरे पर कान्हाचट्टी पहुंचे। इस दौरान मंत्री श्री भोक्ता ने प्रखंड के ग्राम राजपुर में कल्याण विभाग से निर्मित एकलव्य आवासीय विद्यालय भवन का फीता काटकर व नारियल फोड़कर विधिवत उदघाटन किया। साथ लोगों से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं से भी अवगत हुए। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी, बीडीओ हुलास महतो, राजपुर थाना प्रभारी भेलानाथ दास समेत कई गणमान्य उपस्थित थे।

### मणिपुर घटना को लेकर आदिवासी संगठन का विरोध प्रदर्शन

# आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार को बर्दास्त नहीं किया जाएगा

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
मणिपुर में आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने व जारी हिंसा के विरोध में आदिवासी आयोजन समिति के बैनर तले रविवार को रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया रैली संत अन्ना कॉनभेंट मैदान से इंदिरा गांधी चौक तक निकाली गई। इसमें शामिल लोग मणिपुर में आदिवासी महिलाओं पर अत्याचार बंद करो, केंद्र सरकार शर्म करो,मणिपुर सरकार को बर्खास्त करो,आदिवासी महिलाओं को न्याय दो आदि नारे लगा रहे थे। रैली का नेतृत्व कर रहे आदिवासी आयोजन समिति के अध्यक्ष सुमन सुनील सोरेंग ने कहा कि मणिपुर में जिस प्रकार से आदिवासियों के ऊपर जुल्म किया जा रहा है महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाया गया है हम उसकी निंदा करते हैं उन्होंने कहा कि मणिपुर में घट रही घटनाओं पर पीएम मोदी की चुप्पी तो और भी ज्यादा निंदनीय है,उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को यह बताना चाहिए कि उन्होंने मणिपुर हिंसा को रोकने हेतु आज तक क्या क्या कदम उठाए हैं और क्या कारण है कि मणिपुर हिंसा पर काबू पाने में असफल मुख्यमंत्री को आज तक बर्खास्त क्यों नहीं किया गया। झामुमो नेता शितमोहन मुंडा ने कहा कि एक असफल मुख्यमंत्री का आज तक मणिपुर में अपने पद पर बने रहना जहां एक ओर आदिवासियों के प्रति उनकी सोच को उजागर करता है तो वहीं दूसरी ओर इससे जनता में यह संदेश जाता है कि हिंसा को सरकारी संरक्षण प्राप्त है। आदिवासी महिलाओं के साथ घोर अन्याय हो रहा मणिपुर हिंसा पर प्रधानमंत्री की चुप्पी से देश के नागरिकों में प्रधानमंत्री के प्रति असंतोष बढ़ रहा है। रैली में शामिल लोगों ने महिलाओं के साथ दरिंदगी करने वालों को फांसी देने,हिंसा पर रोक लगाने, मणिपुर सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगानें की मांग की है। रैली में स्टीफन मिंज,विनय कुमार खलखो,जितेंद्र सिंह,बिनोद कुमार भगत,फादर इमानुएल केरकेट्टा, फादर जोसेफ एक्का, लाल बिहारी उंराव,अनूप कुमार बड़ाईक,कुलदीप लकड़ा,प्रदीप उंराव,सिस्टर नीलम,सुचिता टोपनो,अनुपा मिंज,एंजेला सोरेंग आदि शामिल थे।



## भारत माला प्रोजेक्टः जमीन अधिग्रहण को ले रैयतों ने की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। हंटरगंज**
हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा पंचायत अंतर्गत पचमो गांव में रैयतों ने भारत माला प्रोजेक्ट में किये जा रहे जमीन अधिग्रहण को लेकर एक बैठक किया। जिसकी अध्यक्षता जय किशोर महतो ने किया। बैठक में उपस्थित रैयतों ने विभिन मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि सरकार द्वारा बनाए जाने वाले भारत माला प्रोजेक्ट के तहत ग्रीन एक्सप्रेसवे में जिन-जिन लोगों के जमीन जा रहा हैं उन सभी लोगों को उचित मुआवजा मिलनी चाहिए, चाहे वो रैयती जमीन हो या गैरमजरूआ। बहुत लोग ऐसे भी हैं जो जमीन विहीन हैं और वो वन क्षेत्र में अपना घर बना कर रह रहे हैं वैसे लोगों को भी या तो मुआवजा मिलनी चाहिए या फिर वैसे लोगों को कहीं पुनर्वास के लिए जमीन मिलनी चाहिए। उपस्थित लोगों ने सरकार को कोसते हुए कहा कि वर्तमान सरकार में अधिकारियों का मनोबल बढ़ गया है जो भी अधिकारी जमीन अधिग्रहण हेतु आते हैं वो पुलिस-प्रशासन का भय दिखा कर जमीन अधिग्रहण का काम कर रहे हैं और जब ग्रामीण इसका विरोध करते हैं तो अधिकारियों द्वारा कहा जाता है कि आगे आने वाले लोगों को फंसा दिया जाएगा। रैयतों का कहना है कि इस प्रोजेक्ट में जिन लोगों की जमीन जा रही है उसे उचित मुआवजा मिलनी चाहिए। मुआवजा नही मिलने पर हमलोग उग्र आंदोलन भी करने को तैयार हैं। बैठक में करनी, पचमो, कोइरिया, दुन्दु, स्टालिन नगर के सैकड़ों रैयत उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### 11 हजार केवी लाइन की चपेट में आने से बिजली कर्मी हुआ घायल

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र में रविवार को 11 हजार केवी लाइन के बिजली के खंभे के चपेट में आने से दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी नीचे गिरकर घायल हो गया. उसे ग्रामीणों व एम्बुलेंस के मदद से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरवाडीह अस्पताल लाया गया.जंहा उसकी इलाज चिकित्सक डॉ अनुपमा एक्का व ड्रेसर राजेश चंद्र , बबलू की देखरेख में किया गया.जिसके बाद स्तिथि गंभीर होने पर एमएमसीएच मेदिनीनगर अस्पताल रैफर किया.
घायल विद्युत कर्मी सकेन्द्र उरांव (40) बिजली कंपनी के जेवीवीएनएल में दैनिकभोगी मजदूर में कार्य करता है दोपहर में वह बेतला में 11 हजार केवी लाइन में आए फाल्ट में सुधार के लिए खंभे पर चढ़ा था. खंभे पर सुधार कार्य करने के दौरान तार में अचानक करंट आ गया.करंट का झटका लगने से खंभे से नीचे गिर गया.जिसके कारण गम्भीर रूप से घायल हो गया.उधर घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह घटनास्थल पहुँच जांच पड़ताल में जुट गए है.

### वज्रपात से दर्जन से अधिक मवेशियों की हुई मौत

**बरवाडीह।** प्रखंड के छिपादोहर थाना अंतर्गत हरनामाड़ गांव में शनिवार की देर शाम हुए वज्रपात में तीन किसानों के 22 बकरियों और 3 गाय की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार पीड़ित किसानों में बन्धु सिंह,वीरेंद्र सिंह,और चमरू सिंह के नाम शामिल हैं.जिनमें चमरू सिंह के दो बकरी, एक बैल, रामलाल सिंह तीन बकरी चार खस्सी,बंधु सिंह का पांच खस्सी 6 बकरी एक बैल, बिरेन्द्र सिंह का चार बकरी एक गाय शामिल हैं. घटना की सूचना पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह के साथ घटनास्थल पहुंचे. मौके पर पशुपालन पदाधिकारी ने मृत सभी मवेशियों का घटनास्थल पर ही पोस्टमार्टम कर दफना दिया गया. विधायक प्रतिनिधि पिंटू सिंह ने कहा कि प्रावधान के तहत सभी मृत मवेशियों के बदले पशुपालकों को उचित मुआवजा दिलाया जाएगा.शनिवार देर शाम हुई बज्रपात की घटना के बाद पीड़ित किसानों में मातम छा गया.पीड़ित किसानों ने सरकारी प्रावधान के तहत प्रखंड प्रशासन से मुआवजा की मांग की है. इधर वज्रपात से भारी संख्या में हुए पालतू जानवरों के मौत से पशुपालकों भय दहशत का माहौल है.मौके पर छिपादोहर मुखिया बेरोनिका कुजूर, पंचायत समिति सदस्य दिलीप सिंह, देवनाथ सिंह, सकेन्द्र उरांव, निजाम अंसारी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### भाजपाइयों ने सुना पीएम का मन की बात कार्यक्रम

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र दास मोदी के 103 वी मन की बात कार्यक्रम को भाजपाइयों ने बहुत चाव से सुना ।भाजपा मंडल क्षेत्र के मुरपा, मरंगलोइयां ,झाबर, धाधू ,भगिया, रजवार ,मसियातु समेत सभी पंचायत में सफलता पूर्वक लाइव प्रसारण टीवी लैपटाप मोबाइल रेडियो के माध्यम से सुना गया। मोदी जी के किए गए कार्यों एवं आगामी दूर दर्शी सोच व योजना के बारे में प्रधानमंत्री जी के द्वारा जानकारी दी गई।देश को सशक्त करने को लेकर देश के नागरिकों से अपील किया गया। कार्यक्रम को लाइव सुनने में भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार , रामकुमार गुप्ता,विजय यादव ,किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी , सोहराय भगत ,लखन महतो, मनोज यादव, थामोस कुजूर, नरेंद्र रजक , भारत नारायण तिवारी, सावरत प्रसाद साहू , राजकुमार तिवारी समेत सैकड़ों की संख्या में सभी में अपने अपने पंचायत में सुना।

### परसाही गांव में शिव चर्चा का हुआ आयोजन

**चंदवा।** कामता पंचायत के परसाही स्कूल के प्रांगण में शिव चर्चा और भजन का आयोजन किया गया। शिव चर्चा का संचालन तिर्पू प्रजापति कर रहे थे। शिव चर्चा का आयोजन प्रदीप साव के द्वारा किया गया था।शिव चर्चा में बोलते हुए सामाजिक कार्यकर्ता दीपू कुमार सिन्हा ने कहा कि इस सृष्टि में जब भी कोई संकट आया है उसे भगवान शिव ने ही दुर किए हैं, सास्त्रों के अनुसार जब समुद्र मंथन हुआ तो सबसे पहले भगवान शिव ने ही जहर निकाला जिससे तीनों लोकों अकाश, पृथ्वी,पताल में हाहाकार मच गया ऐसे में भगवान शिव ने बिष को अपने गले में धारण कर पुरी सृष्टि का कल्याण किया इसी के बाद वे निलकंठ कहलाए, इस प्रकार शिव ही पुरे सृष्टि के रक्षक हैं, शिव भगवान काफी दयालू हैं जो भी उनको याद करता हैं उनके संकट दूर हो जाते हैं। तिर्पू प्रजापति,चंद्रिका वर्मा, अरुण कुमार विश्वास,नुनू मल्हार, मुकेश कुमार सिंह,गुरू बहन आरती विश्वास,अंजू देवी,शीला देवी,दिनेस साव,गोपाल प्रसाद गुप्ता ने शिव पर चर्चा करते हुए कहा कि शिव को गुरु मानकर उनके महिमा का गुणगान करें, दुख होने पर शिव भगवान को याद करें,अंधविश्वास झाड़ फूंक्र के चक्कर में न पड़ें शिव ही दुख को हरने वाले हैं,शिव भक्ति का मार्ग कल्याणकारी है, इसे जन जन में पहुंचाने की आवश्यकता है, शिव सबके साथ सामान्य रूप से प्रेम और दयालु के भाव रखते है। अंत में लोगो के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। शिव चर्चा में कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, आयोजक प्रदीप साव,राजू साव, महेंद्र गंझु,विजय शर्मा,पवन कुमार,रविशंकर गंझु,राधेश्याम साव,राजेश गंझु समेत बड़ी संख्या महिला पुरुष शामिल थे।

## डीवीसी कंपनी का बाहरी गाड़ियों से कोयले के परिवहन को ले स्थानीय हाईवा मालिकों में रोष

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
प्रखंड मुख्यालय स्थित आशीर्वाद ढाबा(मंत्री ढाबा) में लातेहार हाईवा ओनर एसोसिएशन अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू के नेतृत्व में आपातकालीन बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से सैकड़ों स्थानीय हाईवा ऑनर उपस्थित हुए। डीवीसी कंपनी द्वारा बाहरी गाड़ियों से कोयले की परिवहन से एसोसिएशन में रोष देखा गया। बता दें बीबीसी कंपनी द्वारा संचालित उबेद कोल माइन्स से कोयले का परिवहन अंबे माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कोयला का परिवहन कुसम्ही साइडिंग (बालूमाथ)में किया जा रहा है। स्थानीय एसोसिएशन ने बैठक में निर्णय लिया कि आगामी 6 अगस्त को बालूमाथ कजरिया होटल में समय 11 अंबे माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के साथ बैठक कर भाड़ा तय किया जाएगा। एसोसिएशन ने यह भी निर्णय लिया कि अगर कंपनी एसोसिएशन के साथ भाड़ा तय के लिए आगामी 6 अगस्त को बैठक में भाग नहीं लेती है तो आगामी 10 अगस्त से एसोसिएशन बंदी करने का रूपरेखा तैयार करेगी। मौके पर ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू, शाहनवाज आलम, मो. दानिश, मो. अफरोज ,मो. इरफान, आफताब आलम मो. सोहेल, देवपाल प्रसाद, दिनेश कुमार, विकास कुमार ,विनोद कुमार ,मो. जफर आलम ,अयूब भाई ,संतोष कुमार, मंटू कुमार सहित सैकड़ों हाईवा ओनर उपस्थित रहे।



## मुहर्रम जुलूस निकाला गया, सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
ोहर्रम इंत्तजामिया कमिटी के जनरल खलीफा लडले खान, नायब खलीफा परेवज अलाम, शहजाद अलाम, रासीद खान, मतीन उर्फ गुडु के नेतृत्व में शान से मोहर्रम मुहर्रम जुलूस निकाली गई. बस स्टैंड स्थित मंच में मुहर्रम सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह, विशिष्ठ अतिथि के रूप में एसडीपीओ राजेश कुजूर, महुआडांड़ बीडीओ अमरेन डांग, पुलिस निरक्षक धर्मदेव पासवान, प्रमुख कंचन कुजूर, थाना प्रभारी रतन टुडू, उपप्रमुख अभय मिंज, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि इस्तेखार अहमद, हिंदू महासभा अध्यक्ष मनोज जयसवाल मौजूद थे. सभी अतिथियों का स्वागत मोहर्रम इंत्तजामिया कमिटी महुआडांड़ की ओर से शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया. प्रखंड के विभिन्न गांव मुहल्ले के खिलाड़ियों ने तलवार, भाला, बाना, फरसा से एक से एक करतब दिखाये। विधायक रामचंद्र सिंह समेत एसडीओ नीत निखिल सुरीन व एसपीओ राजेश कुजूर ने भी लाठी खेला, गांव से आये खिलाडियों को मोहर्रम इंत्तजामिया कमिटी के द्वारा मुख्य अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया गया। विधायक ने कहा, इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों ने अन्याय के खिलाफ न्याय के लिए अपनी शहादत दी थी। समारोह का सफल आयोजन में जामा मस्जिद के सदर इमरान खान, सिक्रेटी महजर खान, तनवीर अहमद, नुरुल हसन , अमीर सुहेल, मोहम्मद मुस्तकीम आदि का योगदान सराहनीय रहा।



### कार्यक्रम 74 वां वन महोत्सव में शामिल हुए श्रम मंत्री, कहा

# वन जीवन का आधार है इसका संरक्षण जरूरी

**चतरा। प्रतिनिधि**
जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड अंतर्गत झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयपरिसर में रविवार को वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग दक्षिणी वन प्रमंडल चतरा के द्वारा 74वां वन महोत्सव 2023 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि राज्य के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानन्द भोक्ता शामिल हुए। कार्यक्रम का मंत्री भोक्ता ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने पारंपरिक ढंग से स्वागत किया। इसके उपरांत मंत्री समेत गणमान्यों ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। तत्पश्चात मंत्री भोक्ता ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सभी को वन महोत्सव की बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वन जीवन का आधार है। हमसब को कम से कम खास मौके जैसे शादी सालगिरह, जन्मदिन, त्यौहार आदि पर जरूर से जरूर पौधा लगाने चाहिए एवं उसका संरक्षण करना चाहिए। पेड़ पौधों हैं तभी जीवन सम्भव है। आज पूरे विश्व में ग्लोबल वार्मिंग की समस्या विकराल रूप धारण करते जा रही है। इनसब से बचने का एक मात्र उपाय है पेड़ पौधे और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण। वन महोत्सव कार्यक्रम में उपायुक्त अबु इमरान, वन प्रमंडल पदाधिकारी राहुल मीणा, जिप उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, 20सूत्री प्रखंड अध्यक्ष रामेश्वर यादव, मंत्री प्रतिनिधि राजेन्द्र राम, मुखिया छोटू सिंह, मुखिया सुप्रिया कुमारी समेत कई गणमान्य शामिल थे।



## मुहर्रम का त्योहार शांति व सौहार्द के साथ हुआ संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातू**
प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में शनिवार को मुहर्रम का त्योहार शांति व सौहार्द वातावरण में संपन्न हो गया ,प्रखण्ड मुख्यालय सहित साल्वे, इटके, शिब्ला, नावाडीह, बठेठ, रत्नादाग, फुलसु, रहमत नगर, के अलावा कई मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मुहर्रम के नवमी एंव दसवीं यौमे आशुरा के अवसर पर रोजा (उपवास) रखा. दसवीं मुहर्रम को लेकर सुबह से ही प्रखंड प्रशासन बीडीओ, सह सीओ प्रतिमा कुमारी, प्रोन्नित एसपी अजय कुमार सिंह, थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, पुलिस अवर निरिक्षक रवि कुमार, बिन्देश्वर महतो, दिपक नारायण सिंह, गगन कुमार ठाकुर, की कुशल नेतृत्व व देखरेख मे मुहर्रम का भव्य जुलूस का निगरानी किया गया। प्रखण्ड मुख्यालय के अंसारुल इस्लामिया मुहर्रम कमिटी के द्वारा जुलूस निकाली गई। मुहर्रम को सफल बनाने मे टोंटी पंचायत के पंसस सह मुहर्रम कमिटी के अध्यक्ष मो होजैफा, मो सालिम, सलह उद्दीन उर्फ फुचानी, मो इस्लाम, मुम्मताज, शफीक, मुस्लिम,हदीस, शमीम, जैनुल, तैयब, मोईन, अताउर्रहमान, जुबैर, मिस्टर, सफीर, खालिद, नसीम का सराहनीय योगदान रहा।



### शहीद एसपी अजय कुमार सिंह की प्रतिमा का किया गया भव्य अनावरण

# झारखंड जल्द होगा नक्सल मुक्त: एडीजी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
पुलिस अधीक्षक कार्यालय के प्रांगण में रविवार को भव्य समारोह आयोजित कर शहीद एसपी अजय कुमार सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया गया। प्रतिमा का अनावरण शहीद एसपी के पिता रामाश्रय सिंह, माता कृष्णा देवी, अपर पुलिस महानिदेशक वायरलेस राजकुमार मल्लिक, अपर पुलिस महानिदेशक अभियान संजय आनन्दराव लाठकर, पुलिस उपमहानिरीक्षक दक्षिणी छोटानागपुर अनूप बिरथरे, पीडीजे राजेन्द्र बहादुर पाल, डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी आर रामकुमार, सीआरपीएफ कमांडेंट राहुल कुमार, आईपीएस अधिकारी सह वरीय पुलिस उपाधीक्षक अभियान दीपक पांडेय समेत अन्य अतिथियों ने किया। इसके बाद पेशरार में शहीद हुए एसपी अजय कुमार सिंह के नाम पर जिला प्रशासन के द्वारा विशेष केंद्रीय सहायता मद से निर्मित पुस्तकालय का भी अनावरण किया गया। इस मौके पर एसपी अजय कुमार सिंह



पर आधारित वीडियो प्रसारित किया गया। मौके पर अजय कुमार सिंह के पिता और माता को एडीजी अभियान, एडीजी वायरलेस, डीआईजी, डीसी एसपी के द्वारा शॉल ओढ़ाकर, पुष्प गुच्छ देकर और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। मौके पर अपर पुलिस महानिदेशक अभियान संजय आनन्दराव लाठकर ने कहा अजय कुमार सिंह के शहादत के 23 वर्ष हो गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के प्रांगण में प्रतिमा का अनावरण के लिए एसपी आर रामकुमार का साधुवाद दिया। शहीद स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर बताया कि शहीद अजय कुमार सिंह मेरे बैचमेट थे। बहुत जिंदादिल एवम बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। गलत को गलत बोलने में पीछे नहीं रहते थे, उनके शौर्य एवं साहस को नमन करते हुए एक अच्छा दोस्त खोने का दुख प्रकट किया। कहा कि पेशरार में लाइब्रेरी का निर्माण उनके नाम पर किया गया है। जो अजय कुमार सिंह के शहादत को यादगार बनाने का काम करेगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि भविष्य में कभी पुलिस अधीक्षक कार्यालय दूसरे जगह सिफ्ट हो तो प्रतिमा को भी शिफ्ट करें। उन्होंने कहा कि आनेवाले दो तीन महीनों में झारखंड से नक्सवाद का सम्पूर्ण रूप से सफाया हो जाएगा। अपर पुलिस वायरलेस महानिदेशक आर के मल्लिक ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक छोटी सी घटना का जिक्र करते हुए बताया कि एसपी अजय कुमार सिंह से मुजफ्फरनगर में एक मुलाकात हुई थी। उनकी सौम्यता, गंभीरता एवं प्रतिभा से बहुत प्रभावित हुआ हूं। बताया कि नक्सलवाद से लड़ाई लड़ने का पुलिस ने जो संकल्प लिया था उसी के मूल में अजय सिंह की शहादत हुई, और उसी छत्रछाया में हमलोग उस लड़ाई में आगे बढ़ पाए हैं। एसपी आर रामकुमार ने समारोह में आये सभी गण्यमान्य लोगो एवं विशेषकर शहीद एसपी अजय सिंह के पिता एवं माता के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि इतने दूर से इनका हम सबों के बीच आना प्रेरणा का स्रोत है। इससे पूर्व शहीद अजय कुमार सिंह ट्रस्ट के सचिव व सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल ने विषय प्रवेश कराते हुए शहीद अजय सिंह ट्रस्ट के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि 23 सितंबर 2004 को शहीद अजय कुमार सिंह ट्रस्ट का गठन किया गया था। इसका उद्देश्य युवाओं में खेल की प्रतिभा को विकसित करना, नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, लाइब्रेरी का निर्माण करना आदि है। विदित हो कि 16 जून 2000 को एसपी अजय सिंह ने जिला में अपना योगदान दिया था। पेशरार प्रखंड में नक्सलियों द्वारा घात लगाकर उनकी हत्या कर दी गई थी। उनकी स्मृति में एसपी रामकुमार द्वारा कार्यालय के सामने प्रतिमा की स्थापना एवं अनावरण किया गया। मौके पर आईपीएस अधिकारी सह अभियान एसपी दीपक कुमार पांडे, एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, पुलिस निरीक्षक मंटू कुमार, बनारसी प्रसाद सदर थानेदार अनिल उरांव, सभी थानेदार, प्रो शमीमा खातून, मनोरमा एक्का समेत पुलिस के जवान मौजूद थे।

## कैरो: हर्षोल्लास के साथ मना मोहर्रम त्योहार



**नवीन मेल संवाददाता। कैरो / लोहरदगा :** त्याग और बलिदान का पर्व मोहर्रम प्रखण्ड क्षेत्र में हर्षोउल्लास के साथ संपन्न हुआ।इस अवसर पर दसवीं मुहर्रम को लगने वाला मेला प्रखण्ड क्षेत्र के चरीमा और कैरो में लगाया गया इससे पूर्व सातवी मुहर्रम से ही कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किये गए। कैरो उतका नवाटोली का जुलूस लगातार तीन दिनों तक निकाली गई।दसवीं मोहर्रम के दिन कैरो,नवाटोली,उतका,नरौली,गजनी,गराड़ीह,चाल्हो,सढ़ाबे,गितिलगढ़ आदि गांव के जुलूस कैरो मेला टांड़ पहुंचकर लाठी डंडा खेल का प्रदर्शन किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य सुखदेव उराँव ने कहा कि दसवीं मुहर्रम शहीदों को याद करने का दिन है। कैरो पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह प्रखण्ड बिससूत्री सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी ने कहा कि मुहर्रम का त्योहार त्याग और बलिदान का त्योहार है,पर्व त्योहार से आपसी प्रेम सौहार्द को बढ़वा मिलता है हम लोग हमेशा से ही आपस मे मिलजुलकर पर्व त्योहार मनाते रहें है और आगे भी भाईचारे का परिचय देते रहेंगे।त्योहार को देखते हुए पुलिस प्रसाशन तैनात रही।मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो,अंचधिकारी कमलेश उराँव,चिकित्सा प्रभारी डॉ राकेश प्रशाद,पुलिस इंस्पेक्टर मंटू कुमार, थाना प्रभारी संखनाथ उराँव,एस आई ऋषिकांत कुमार शर्मा,शंतोष कुमार,एएसआई संजय कुमार राय,उपेंद्र कुमार सिंह,वर्मा उरांव व मुहर्रम कमिटी के अख्तर अंसारी, नसीम अंसारी, चाँद खान,सलीम खान,खालिक खान,साजिद खान,सोनू खान,खुर्शीद अंसारी,मुर्शिद अंसारी,मोगीश अंसारी,सहित गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

### आशु भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने लिया प्रकृति रक्षा का संकल्प

# प्रकृति का संरक्षण प्रत्येक नागरिक का प्राथमिक कर्तव्य है: सुधीर अग्रवाल

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में इको क्लब द्वारा आयोजित प्रकृति का संरक्षण हमारा दायित्व विषयक आशु भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों ने प्रकृति की रक्षा का संकल्प लिया. उद्घाटन समारोह में प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया. समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संघ के गुमला विभाग संपर्क प्रमुख सुधीर अग्रवाल ने प्रतिभागियों पुरस्कार और प्रमाण पत्र का वितरण किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन के क्षेत्र में कॉलेज में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है. प्रकृति का संरक्षण



प्रत्येक नागरिक का प्राथमिक कर्तव्य है. प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि जिस प्रकार से मनुष्य प्रकृति का दोहन कर रहा है उसकी भरपाई के लिए प्रत्येक व्यक्ति को 100 गुना अधिक गति से पेड़ लगाने, डेली यूज पॉलिथीन हटाने और जल बचाने की आवश्यकता है. प्रतियोगिता का आयोजन सदनवार किया गया और प्रत्येक सदन के विजेता को पुरस्कृत किया गया' अजनाभवर्ष सदन की विजेता सृष्टि श्रेया बागे बनी. इसी प्रकार कार्तिक उरांव सदन से रोशनी उरांव, भारतवर्ष सदन से लाल शुभम नाथ हिमवर्ष सदन से सुभाष उरांव, गणपत राय सदन से मुनिका कुमारी, जंबूद्वीप सदन से रोशनी उरांव, आर्यावर्त सदन से पूनम कुमारी, तिलकामांझी सदन से रोशन कुमार रवि, बिरसा मुंडा सदन से ज्योति प्रिया कुजुर, हिंदुस्तान सदन से संदीप उरांव, सिद्धू कान्हु सदन से सुमंत राय एवं भरतभूमि सदन से आदित्य उरांव विजेता बने. संचालन नीतू कुमारी और धन्यवाद ज्ञापन इको क्लब प्रमुख रेणु कुमारी ने किया' आयोजन को सफल बनाने में इको क्लब सह प्रमुख यशोदा कुमारी एवं सभी सदन प्रमुख, अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं और कर्मियों ने महत्वपूर्ण योगदान किया।

## मुंशी प्रेमचन्द की रचनाएं अमर और कालजयी हैं : अलीरजा

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो / लोहरदगा**
हिन्दी और उर्दू के महान लेखक मुंशी प्रेमचन्द की रचनाएं अमर और कालजयी हैं। वे एक संवेदनशील लेखक, कुशल वक्ता, सचेत नागरिक और विद्वान संपादक थे। 'उपन्यास सम्राट' के नाम से मशहूर मुंशी प्रेमचन्द ने हिन्दी कहानी और उपन्यास की एक ऐसी परंपरा का विकास किया जिसने पूरी सदी के साहित्य का मार्गदर्शन किया। उक्त बातें कैरो प्रखंड मुख्यालय निवासी रा. उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने कहीं। हिन्दी साहित्य की समस्त विधाओं यथा कहानी, उपन्यास, नाटक, लेख, समीक्षा, संपादकीय, संस्मरण में उनकी रचनाओं ने भारतीय जनमानस में अमिट छाप छोड़ी।सेवासदन, गोदान, गबन, प्रेमाश्रम, रंगभूमी, निर्मला, कर्मभूमि आदि उनके द्वारा लिखित उपन्यासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मुंशी



प्रेमचन्द की इन कृतियों में सच्चे भारतीय ग्रामीण जीवन की झलक दिखाई पड़ती है। उनकी कहानियों और उपन्यास में किसान, मजदूर और बिल्कुल आमलोगों की भावनाएं सहज और सरल अंदाज में दिखाई पड़ती हैं। उनकी लिखी ईदगाह, पूस की रात, दो बैलों की कथा, कफन,बड़े घर की बेटी इत्यादि तीन सौ से अधिक कहानियों ने समाज को आईना दिखाने का काम किया है। 'सोजेवतन' पत्रिका में प्रेमचन्द ने कलम चलाकर देश की गुलामी की जंजीरों को काटने में अग्रणी भुमिका भी निभाई है।

## संक्षिप्त

### साप्ताहिक बाजार में अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ कुडू पुलिस ने चलाया अभियान



**कुडू - लोहरदगा :** कुडू थाना पुलिस ने रविवार को अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान कुडू बाजार टांड स्थित लगने वाले साप्ताहिक हाट में थाना प्रभारी विश्वजित कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस के जवान बाजार पहुंचे जहां बड़े पैमाने पर दुकान लगाकर शराब की बिक्री की जा रही थी। पुलिस का वाहन देख शराब विक्रेता भागने लगे वहीं पीने वालों में भी भगदड़ मच गई। हालांकि शराब विक्रेता पकड़ में नही आए। थाना प्रभारी ने बताया कि अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। और बेचने वालों को चेतावनी दी गयी है कि आगे से शराब बेचते पाए गए तो विक्रेताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### वारंटी को कुडू पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**कुडू - लोहरदगा :** कुडू पुलिस ने मांडर थाना क्षेत्र के मरकोनी गांव से न्यायालय के फरार एक वारंटी को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले में थाना प्राभारी विश्वजित कुमार सिंह ने बताया कि कुडू थाना कांड संख्या 51/21 के अभियुक्त वारंटी सोनू अंसारी पिता सिराजुद्दीन अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेजा गया है। ज्ञात हो कि गिरफ्तार सोनू को न्यायिक दंडाधिकारी पिके लाल की अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 414/34 का दोषी ठहराते हुए इस्तेहार जांरी किया था।

### भंडरा साप्ताहिक बाजार टाड़ में मुहर्रम मेला का आयोजन



**भंडरा/लोहरदगा।** हुसैनी मुहर्रम कमिटी भंडरा के तत्वावधान में रविवार को साप्ताहिक बाजार टाड़ में मुहर्रम मेला का आयोजन किया गया। मेला में विधिवत अस्त्र शस्त्र चलन प्रतियोगिता का कार्यक्रम किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न गांव के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मोहमद अब्दुल जब्बार समाजसेवी लोहरदगा ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुरूआत किया। इस दौरान मंचासीन अतिथि बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता, भाजपा अनुसूचित जनजाति के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उराँव आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे। अस्त्र सशत्र प्रतियोगिता में विभन्न क्षेत्रों आये ग्रुप मंडली ने भाग लिया और अपना कला का पदर्शन किया उत्कृष्ट प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार दिया गया। मौके पर सामिल उराँव, मुखिया इंद्रदेव उराँव, परमेश्वर महली, आकाश यादव, मंजूर अंसारी, तैयब खान, विवेक सोनी, जुल्फान अंसारी, परवेज अंसारी, अब्दुल कुदुश, मंसूर अंसरी, सकील अंसारी , फिरोज अंसारी , ऐनुल अंसारी , मुमताज अंसारी , शाहिद अंसारी , महबूब अंसारी , इसराइल अंसारी आदि मौजूद थे।

# हैहय समाज ने स्वर्गीय अरुणा साहू के आकस्मिक निधन पर मौन सभा का किया आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
लोहरदगा के रॉय साहब बलदेव साहू, शिव प्रसाद साहू स्मृति भवन हैहय समाज, लोहरदगा में धीरज प्रसाद साहू सांसद के बड़े भैया उदय शंकर प्रसाद साहू की धर्म पत्नी की आकस्मिक स्वर्गवास होने पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वर्गीय अरुणा साहू ( 28 जुलाई 1942 - 24 जुलाई 2023 ) की फोटो पर धीरज प्रसाद साहू एवं अन्य ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए माल्यार्पण किया, साथ ही धीरज प्रसाद साहू द्वारा दीप प्रज्वलित कर स्वर्गीय अरुणा साहू की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना किया गया । इस अवसर पर धीरज प्रसाद साहू ने कहा की मेरी भाभी अरुणा साहू



मेरी मां के सामान रहीं। जब मै बचपन मे कुछ बदमाशी किया करता था तो मेरी मां अरुणा भाभी को बोलती थी की बहु धीरू को समझाया करो पढ़ने हेतु प्रेरित किया करो तब अरुणा भाभी मुझे बहुत प्यार से समझाया करती थी और हमेशा मुझे प्रेरणा देती रहती थीं। आज भी उनकी हर बात और प्रेरणा मुझे यादगार लम्हें के रूप में मेरे साथ है। इस अवसर पर भाजपा के वरीय नेता ब्रज बिहारी प्रसाद साहू ने कहा कि साहू परिवार हमेशा समाज में आपसी सौहार्द और एकता के साथ जिला के विकास हेतु तत्पर रहा है। आज इनके कारण ही लोहरदगा जिला विकास का मॉडल जिला बना हुआ है, इस अवसर पर मनीष साहू द्वारा मंच संचालन किया गयो इस अवसर पर राजीव रंजन साहू, नागेंद्र प्रसाद गुप्ता, नवल प्रसाद साहू, चंद्रकिशोर प्रसाद साहू,कामेश्वर साहू, गुड्डु साहू, आशीष कुमार, लाल मोहन प्रसाद केसरी, कमल प्रसाद केसरी, निशीथ जायसवाल, प्रमोद साहू, सुदेश गुप्ता, गुप्तेश्वर प्रसाद, पंकज साहू, उदय गुप्ता, संदीप गुप्ता जिला परिषद सदस्य आदि सैकड़ो गणमान्य उपस्थित थे।

## अभिभावकों के त्याग पर आधारित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में प्राचार्य जीपी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शिक्षक शितेश कुमार पाठक द्वारा पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत कक्षा ग्यारहवीं के बच्चों के मध्य भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। माता पिता इस प्रकृति की सबसे अनमोल नेमत है। जो इस धरती पर उस ईश्वर ने हमें दिया है। वह हर समय हमारे साथ नहीं रह सकता। इसलिए उसने धरती पर माता-पिता को अपना रूप बना कर भेजा है। ऐसे ही नहीं किंवदंतियां बनी है कि- माता पिता के चरणों में स्वर्ग होता है। बच्चों में माता-पिता के प्रति कृतज्ञता का भाव



जागृत करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा ग्यारहवीं के बच्चों के मध्य माता- पिता के महत्व पर आधारित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें दीपांशु कुमार ने प्रथम आलिया हसन ने द्वितीय तथा स्नेहा देवघरिया व आकृति पंकज ने तृतीय स्थान अर्जित किया। इस प्रतियोगिता में शिक्षक यू सी दास, पी के सिन्हा व पूनम सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

### आस्था | त्याग और बलिदान का त्योहार मुहर्रम पर सेन्हा में हुआ मेला का आयोजन


# मुस्लिम धर्वलम्बियों ने गाजे बाजे के साथ निकाला जुलूस

**प्रतिनिधि ।सेन्हा-लोहरदगा**
त्याग और बलिदान का पर्व मोहर्रम को लेकर सेन्हा प्रखंड के सेन्हा ईदगाह मैदान में मुहर्रम कमिटी व अंजुमन इस्लामिया के संयुक्त तत्वाधान में मेला का आयोजन किया गया. आयोजित मेला में मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार तथा पण्डित चंद्रमोहन पाठक द्वारा लाठी और तलवार खेल कर खेल नुमाइसी प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया. मुहर्रम मेला में विभिन्न क्षेत्रों से लोग रविवार को ताजिया व बाजे गाजे के साथ मेला में शामिल हुए.वही सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस प्रशासन दण्डधिकारी के साथ




तैनात रहे। त्याग और बलिदान का त्यौहार मुहर्रम के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में ताजिया के साथ जुलूस निकाला गया था. इस के उपरान्त एक दिन बाद रविवार को सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित ईदगाह मैदान में मेला का आयोजन किया गया. वही इस दौरान मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा या अली या हुसैन के नारों से इलाका गूंज उठा मुहर्रम जुलूस में इस्लाम धर्मावलंबियों के साथ साथ विभिन्न धर्म के लोग भी शामिल हुए.जबकि मेला स्थल पर जुलूस पहुंचते ही बने अखाड़ा में लोगो ने तलवार,भाला,गड़ासा,लाठी सहित विभिन प्रकार के पारम्परिक हथियार से तरह का खेल करतब दिखाया।जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक इंतजाम पुलिस निरीक्षक बनारसी प्रसाद, थाना प्रभारी अभिनव कुमार तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा के नेतृत्व में किया गया था. जबकि गस्ती के दौरान एस आई गणेश कुमार यादव एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी शस्त्र बल के साथ शांति व्यवस्था बनाने में लगे हुए थे. मौके पर उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण,एसपी आर रामकुमार,जिप सदस्य राधा तिर्की,बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा,बिस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम,संरक्षक फजल अब्बास के अलावे इम्तियाज अन्सारी,सदर जावेद अन्सारी,सेक्रेटरी कयामुद्दीन अन्सारी,मिथलेश मिश्रा,नंदकिशोर शुक्ला,मोख्तार अन्सारी, चंद्रमोहन पाठक,तबारक हुसैन सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## आने वाले महीनों में कुछ एफटीए को अंतिम रूप देने की उम्मीद : पीयूष गोयल



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारत आने वाले महीनों में कई मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को अंतिम रूप दे देगा। भारत और ब्रिटेन के बीच एफटीए बातचीत अंतिम चरण में है। इसके अलावा देश कनाडा और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ भी इसी तरह के समझौते पर बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा, "हम यूएई और ऑस्ट्रेलिया के साथ मुक्त व्यापार समझौतों का लाभ उठा सकते हैं और हमें उम्मीद है कि आने वाले महीनों में हम आपके लिए कुछ और मुक्त व्यापार समझौतों को अंतिम रूप देंगे।" गोयल ने यहां फुटवियर उद्योग के प्रतिनिधियों से कहा, "इससे चमड़े के उत्पादों और जूते पर शून्य शुल्क के साथ आपके व्यवसाय को बढ़ाने में मदद मिलेगी। मंत्री ने उद्योग जगत से विकसित दुनिया में व्यावसायिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए गुणवत्तापूर्ण और टिकाऊ विनिर्माण प्रक्रियाओं पर ध्यान केंद्रित करने को भी कहा।

## टीसीएस ने सीनियर मैनेजमेंट में किए कई बड़े बदलाव

**नई दिल्ली।** भारतीय आईटी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने अपने वरिष्ठ प्रबंधन में कई प्रमुख बदलावों की घोषणा की है। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि उसके कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी अनंत कृष्णन अक्तूबर में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ने यह भी घोषणा की कि मुख्य सेवा नवाचार अधिकारी डॉ हैरिक विन 1 अगस्त से वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिक (एसएमपी) के रूप में पदभार संभालेंगे। वह तीन दशकों से अधिक समय से टीसीएस के साथ जुड़े हुए हैं और उन्हें शिक्षा और उद्योग क्षेत्र में अनुभव है। इस भूमिका से पहले, हैरिक ने टीसीएस डिजिटेट का नेतृत्व किया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने यह भी घोषणा की कि शंकर नारायणन, वी राजन्ना, अशोक पई, रेगुरमन अय्यास्वामी और शिव गणेशन सहित अन्य अधिकारियों को 31 जुलाई से एसएमपी के रूप में नामित किया जाएगा। शंकर नारायण कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं और तीन दशक से अधिक समय से टीसीएस के साथ हैं। उन्होंने खुदरा, सीपीजी, यात्रा और आतिथ्य के वैश्विक प्रमुख और टीसीएस के यूके और आयरलैंड बाजार के प्रमुख सहित महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं।

## टायर बनाने वाली कंपनी के शेयर ने 1 लाख को बना दिया 1 करोड़

**नई दिल्ल।** टायर बनाने वाली कंपनी सिएट लिमिटेड (उएअळ 'ꣳ) ने चालू वित्त वर्ष में लगभग 750 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है। इसमें से ज्यादातर राशि कंपनी के महाराष्ट्र के अंबरनाथ संयंत्र में एग्री-रेडियल टायरों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने में लगाई जाएगी। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अर्नब बनर्जी ने यह जानकारी दी है। कंपनी को भरोसा है कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी और चौथी तिमाही में मूल उपकरण विनिमार्ताओं (ओईएम) को उसकी आपूर्ति बढ़ेगी।वाहन विनिमार्ताओं से इसके लिए जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद है। सिएट ने वाहनों के टायर बदलने के बाजार (रिप्लेसमेंट) में पहली तिमाही में विशेषरूप से मोटरसाइकिल खंड में अच्छी वृद्धि दर्ज की है।

## 5 साल बाद सरकार खरीदेगी आईओसी कंपनी की हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड से बाहर निकलने के पांच साल बाद सरकार को कंपनी में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी मिलने जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि ईंधन खुदरा विक्रेताओं को पिछले साल रियायती दरों पर पेट्रोल और डीजल बेचने पर काफी नुकसान हुआ है, जिसके चलते सरकार एचपीसीएल में इक्विटी निवेश करने जा रही है। सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के आम बजट में सार्वजनिक क्षेत्र की ईंधन खुदरा विक्रेताओं - इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), एचपीसीएल और भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) को 30,000 करोड़ रुपये की पूंजी सहायता देने की घोषणा की थी। एचपीसीएल से कहा गया कि वह सरकार को तरजीही आधार पर शेयर आवंटन करने के विकल्प पर विचार करे।

### टॉप 10 में से 7 कंपनियों का मार्केट कैप घटा

# आईटीसी और एचडीएफसी बैंक को हुआ अधिक नुकसान




**एजेंसी। नई दिल्ली**

सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 77,434.98 करोड़ रुपए की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान आईटीसी और एचडीएफसी बैंक को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 524.06 अंक या 0.78 प्रतिशत के नुकसान में रहा। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और बजाज फाइनेंस के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और भारती एयरटेल का मूल्यांकन बढ़ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में आईटीसी का बाजार पूंजीकरण 26,192.05 करोड़ रुपए घटकर 5,83,732.19 करोड़ रुपए रह गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 22,747.89 करोड़ रुपए के नुकसान से 12,40,322.63 करोड़ रुपए पर आ गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 12,127.47 करोड़ रुपए घटकर 4,47,298.52 करोड़ रुपए रह गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 5,818.43 करोड़ रुपए के नुकसान से 17,10,076.74 करोड़ रुपए और टीसीएस का 5,214.15 करोड़ रुपए टूटकर 12,27,739.80 करोड़ रुपए रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर के मूल्यांकन में 4,417.23 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 6,07,369.34 करोड़ रुपए रहा। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 917.76 करोड़ रुपए के नुकसान से 6,96,495.74 करोड़ रुपए पर आ गई। इस रुख के उलट भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 5,643.3 करोड़ रुपए बढ़कर 5,00,369.30 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। इन्फोसिस के मूल्यांकन में 4,129.44 करोड़ रुपए का उछाल आया और यह 5,56,271.03 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एसबीआई की बाजार हैसियत 981.71 करोड़ रुपए बढ़कर 5,49,800.72 करोड़ रुपए रही।

## बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 393 परियोजनाओं की लागत 4.64 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक के खर्च वाली 393 परियोजनाओं की लागत तय अनुमान से 4.64 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा बढ़ गई है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी और अन्य कारणों से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की जून, 2023 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,643 परियोजनाओं में से 393 की लागत बढ़ गई है, जबकि 815 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इन 1,643 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 23,86,687.07 करोड़ रुपए थी लेकिन अब इसके बढ़कर 28,51,556.84 करोड़ रुपए हो जाने का अनुमान है।

# जिंदल ने चीन के आयात इस्पात पर सरकार से रोक लगाने की अपील की




**एजेंसी। नई दिल्ली**

स्टेनलेस स्टील विनिर्माता जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) ने चीन समेत चुनिंदा देशों से इस्पात उत्पादों के बढ़ते आयात पर लगाम लगाने के लिए सरकार से हस्तक्षेप की अपील की है। जेएसएल के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि चीन और कुछ अन्य देश घरेलू बाजार में जमकर अपने उत्पाद भेज रहे हैं। उन्होंने कहा, हम सरकार से इनके आयात पर लगाम लगाने के लिए कुछ कदम उठाने का आग्रह करते हैं। सरकार वस्तुओं के आयात पर डंपिंगरोधी शुल्क (एडीडी) और प्रतिपूर्ति शुल्क (सीवीडी) लगा सकती है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जून, 2023 में भारत में कुल इस्पात आयात में चीन, जापान, वियतनाम, सऊदी अरब, रूस, नेपाल और अमेरिका का हिस्सा पिछले साल के इसी माह की तुलना में बढ़ा है। भारत में इस्पात का आयात जून में सालाना आधार पर 7.6 प्रतिशत बढ़कर 4.84 लाख टन हो गया। जून, 2022 में चीन से आयात 26.1 प्रतिशत और वियतनाम से एक प्रतिशत था। हालांकि जून, 2023 में इस्पात आयात में चीन का हिस्सा बढ़कर 37.1 प्रतिशत हो गया, जबकि वियतनाम का हिस्सा भी बढ़ोतरी के साथ 4.8 प्रतिशत हो गया है। स्टेनलेस स्टील क्षेत्र के लिए अगले नीतिगत ढांचे पर जिंदल ने कहा कि यह उद्योग की काफी लंबे समय से मांग रही है। उन्होंने कहा, ह्यह्यइस्पात क्षेत्र के लिए बनाए गए नियम और नीतियां हमारी स्थिति के बावजूद हमें प्रभावित करती हैं।

## जून में चाय उत्पादन 3.7 प्रतिशत घटकर 13.78 करोड़ किलोग्राम रह गया



**एजेंसी। कोलकाता**

इस साल जून में चाय उत्पादन सालाना आधार पर 3.7 प्रतिशत घटकर 13.78 करोड़ किलोग्राम रह गया है। जून 2022 में यह आंकड़ा 14.31 करोड़ किलोग्राम था। चाय बोर्ड के अनंतिम आंकड़ों के अनुसार समीक्षाधीन महीने के दौरान उत्तर भारत में 10 करोड़ 97 लाख किलोग्राम चाय का उत्पादन हुआ, जबकि दक्षिण भारत में उत्पादन मात्रा दो करोड़ 81.5 लाख किलोग्राम थी। उत्तर भारत में, असम में जून 2023 में छह करोड़ 35 लाख किलोग्राम चाय का उत्पादन हुआ, जबकि जून 2022 में यह आंकड़ा 51.6 लाख किलोग्राम था। उत्तर भारत के अन्य प्रमुख उत्पादक राज्य पश्चिम बंगाल ने इस साल जून में चार करोड़ 26.4 लाख किलोग्राम चाय का उत्पादन हुआ। भारतीय चाय संघ (आईटीए) के सूत्रों ने कहा कि उत्पादन मात्रा में गिरावट का कारण प्रतिकूल मौसम का होना और बागानों में कीटों के हमले का होना है।



## रूस में तूफान से सात की मौत, 22 घायल

**मॉस्को।** रूस के मारी गणराज्य में तूफान के चलते तंबुओं पर पेड़ गिर गए, जिससे तीन बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गई और 22 अन्य घायल हो गए। नागरिक सुरक्षा और जनसंख्या संरक्षण समिति के प्रमुख अलेक्जेंडर मल्किन के हवाले से बताया कि घटना विगत शनिवार को स्थानीय समयानुसार शाम 6 बजे (1500 जीएमटी) यालचिक झील के पास हुई, जो मैरी एल और पड़ोसी तातारस्तान के निवासियों के लिए एक लोकप्रिय मनोरंजन स्थल है। समुद्र तट पर लगभग 500 कारें और एक तम्बू शिविर था, जब तेज हवाओं से कई पेड़ गिरे। उन्होंने कहा कि बचावकर्मी, पुलिस और रूसी आपातकालीन मंत्रालय का एक हवाई समूह राहत कार्य में शामिल है। मारी एल मॉस्को से लगभग 650 किमी पूर्व में स्थित है। रूसी सरकार तूफान पीड़ितों के हर तरह से सहयोग कर रही है। बचाव कार्य पूरी तरह से अपने कार्यों में जुटी हुई है।

# मॉस्को में फिर गरजे यूक्रेनी ड्रोन दो सरकारी बिल्डिंगों को उड़ाया



**एजेंसी। मॉस्को**


रूस और यूक्रेन में छिड़ी जंग अब मॉस्को तक पहुंच गई है। जिसका खामियाजा अब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को भुगतना पड़ रहा है। दरअसल, शनिवार देर रात यूक्रेन ने मॉस्को पर ड्रोन हमला किया, जिसमें एक सरकारी बिल्डिंग को जबरदस्त नुकसान पहुंचने की खबर है। रूसी मीडिया के अनुसार, हमला रात के समय किया गया, जिसकी जद में दो सरकारी बिल्डिंग आ गईं। दोनों बिल्डिंगों में लगे कांच टूट गए और उनके सामने वाले हिस्से को मामूली नुकसान पहुंचा। बाद में मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन के बताया कि इस हमले में किसी को चोट नहीं आई है। रूस ने यूक्रेन के एक ड्रोन को मार गिराने का दावा किया था। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया था कि यह इस महीने में मॉस्को पर यूक्रेन का तीसरा ड्रोन हमला था। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि तड़के घटी इस घटना में कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। उसने यह विस्तृत जानकारी नहीं दी कि ड्रोन को कहां मार गिराया गया, लेकिन बताया कि घटना मॉस्को ओबलास्ट इलाके की है। रूस के यूक्रेन पर हमलों की शुरूआत को 18 महीने होने वाले हैं और इस हमले से मॉस्को की चिंता बढ़ेगी। सोमवार को दो ड्रोन से रूसी राजधानी पर हमला किया गया था। उनमें से एक क्रेमलिन से लगभग तीन किलोमीटर (दो मील) दूर मॉस्को नदी के किनारे रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय के पास, शहर के बीचोंबीच गिरा। दूसरे ड्रोन से दक्षिणी मॉस्को में एक कार्यालय भवन पर हमला किया गया, जिससे कई ऊपरी मंजिलें नष्ट हो गईं। रूस की सेना ने कहा कि चार जुलाई को हुए एक अन्य हमले में वायु सेना ने मॉस्को के बाहर चार ड्रोन को मार गिराया और पांचवें को उतरने पर मजबूर कर दिया गया।

**रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया था कि यह इस महीने में मॉस्को पर यूक्रेन का तीसरा ड्रोन हमला था**

## अमेरिका के विस्कॉन्सिन में दो विमानों की दुर्घटनाओं में 4 की मौत

**मैडिसन।** अमेरिका के विस्कॉन्सिन राज्य में दो विमान दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। संघीय उड्डयन प्रशासन के अनुसार, शनिवार दोपहर करीब 1.30 बजे विटमैन क्षेत्रीय हवाई अड्डे पर एक हेलीकॉप्टर और जाइरोकॉप्टर की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। एनबीसी न्यूज ने विन्नेबागो काउंटी शेरिफ कार्यालय के कैप्टन लारा वेंडोला-मेसर के हवाले से बताया कि इससे पहले, दो अन्य की मौत तब हो गई थी जब एक सिंगल इंजन वाला विमान पास के लेक विन्नेबागो में जा गिरा। यह दुर्घटना सुबह लगभग 9 बजे हुई जब सिंगल इंजन वाला उत्तरी अमेरिकी टी-6 टेक्सान विटमैन क्षेत्रीय हवाई अड्डे से प्रस्थान करने के बाद लेक विन्नेबागो में जा गिरा। ईएए एयरवेंचर ओशकोश आयोजकों ने एक बयान में कहा, दो घायल लोगों की हालत स्थिर है।

# अंजू की मदद के लिए आगे आये लोग, रहने के लिए मिला फ्लैट



**एजेंसी। इस्लामाबाद**

भारत से पाकिस्तान गई अंजू लगातार झूठ पर झूठ बोल रही है। अंजू का दावा रहा है कि उसने न तो नसरुल्लाह से शादी की है और न ही इस्लाम कबूल किया है। लेकिन लगातार पाकिस्तान से आ रही तस्वीरें और वीडियो से ऐसा लग रहा है कि उसने शादी कर ली है। पाकिस्तान में लगातार लोग अंजू से मिलने आ रहे हैं और उसे बधाई दे रहे हैं। पाकिस्तान के एक बड़े बिजनेसमैन ने तो अंजू को फ्लैट और 50 हजार रुपए का चेक तोहफे में दिया है। लेकिन इस दौरान उसने कुछ ऐसे बयान दिए, जिससे साफ हो गया कि वह इस मुद्दे के जरिए धर्मांतरण को बढ़ावा देनें में लगा है। वीडियो में पाकिस्तान के स्टार ग्रुप ऑफ कंपनीज के सीईओ मोहसिन खान अब्बासी ने कहा, 'अंजू ने इस्लाम में आकर नसरुल्लाह से शादी कर ली है। हम उसके स्वागत के लिए आए हैं।

**आरोप** नॉर्थ कोरिया का रॉकेट इस्तेमाल कर रहा यूक्रेन

# सेना ने रूसी सैनिकों से छीने हथियार

**एजेंसी। कीव/मॉस्को**

यूक्रेन के सैनिक जंग में नॉर्थ कोरिया के रॉकेट्स का इस्तेमाल करते नजर आए हैं। फाइनेंशियल टाइम्स के मुताबिक, यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि ये रॉकेट उन्होंने रूसी सैनिकों से अपने कब्जे में लिए हैं। यूक्रेन के बाखमुत शहर के पास सेना नॉर्थ कोरियाई हथियारों का इस्तेमाल करती नजर आई है। अमेरिका लगातार तानाशाह किम पर रूस को समुद्र के रास्ते हथियार सप्लाई करने का आरोप लगाता रहा है। दोनों देशों ने लगातार अमेरिका के दावों को खारिज किया है। हालांकि, तानाशाह किम ने लगातार यूक्रेन पर रूस के हमलों को जायज ठहराया है। 27 जुलाई को नॉर्थ कोरिया की विक्ट्री डे परेड में रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु बतौर चीफ गेस्ट शामिल हुए थे। तब उन्होंने नॉर्थ कोरिया की डिफेंस ऐग्जीबिशन में बैलिस्टिक मिसाइलें भी देखी थीं। नॉर्थ कोरिया की डिफेंस ऐग्जीबिशन में हथियार-



मिसाइलें देखते रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू और किम जोंग।

नॉर्थ कोरिया की डिफेंस ऐग्जीबिशन में हथियार-मिसाइलें देखते रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू और किम जोंग। वहीं, रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कहा है कि वो यूक्रेन मामले में शांति वार्ता से इनकार नहीं कर रहे हैं। सेंट पीटर्सबर्ग में अफ्रीकी लीडर्स से बातचीत के बाद पुतिन ने कहा- अफ्रीका और चीन की तरफ से पेश किए गए पीस प्लान के आधार पर शांति वार्ता को आगे बढ़ाया जा सकता है। ऐसे समय में जब यूक्रेन लगातार हम पर हमले कर रहा है, सीजफायर और मुश्किल काम है। उन्होंने बताया कि फिलहाल रूस यूक्रेन पर हमले तेज नहीं करने वाला है। दूसरी तरफ, मॉस्को में एक बार फिर ड्रोन हमला हुआ है। आरटी के मुताबिक, मॉस्को के फाइनेंशियल हब में 3 ड्रोन्स से अटैक हुआ, जिसमें 2 बिल्डिंग को नुकसान पहुंचा है। राजधानी के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने बताया कि यूक्रेन के हमले के बाद एयर ट्रैफिक रोक दिया गया है। हमले में एक व्यक्ति घायल हुआ है। दोनों बिल्डिंग्स को खाली करवा लिया गया है। रूस के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, 2 यूक्रेनी ड्रोन्स को रूस के एयर डिफेंस सिस्टम ने मार गिराया। वहीं एक ड्रोन मॉस्को के बाहर गिरा। न्यूज एजेंसी ळअरर के मुताबिक, ड्रोन गैर-आवासीय बिल्डिंग के 5-6 फ्लोर पर गिरा, जहां बिल्डिंग के शीशे टूट गए। इस दौरान एक धमाका भी हुआ, जिसके बाद लोगों को वहां से हटाया गया। घटनास्थल पर फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम ने फिलहाल बिल्डिंग को सीज कर दिया है। इससे पहले सोमवार यानी 24 जुलाई को भी रूस ने यूक्रेन पर ड्रोन हमले का आरोप लगाया था। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने बताया था कि यूक्रेन

**रूस ने कहा कि अफ्रीका और चीन की तरफ से पेश किए गए पीस प्लान के आधार पर शांति वार्ता को आगे बढ़ाया जा सकता है**

## बेटा मनी लॉन्ड्रिंग में गिरफ्तार पर राष्ट्रपति पिता का दखल देने से इनकार

**बोगोटा।** दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया की पुलिस ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में राष्ट्रपति के बेटे को गिरफ्तार किया है। राष्ट्रपति के बेटे पर पिछले साल चुनाव अभियान के दौरान इकट्ठा किए गए पैसों में गड़बड़ी करने का आरोप है। कोलंबियाई मुख्य अभियोजक कार्यालय ने कहा है कि निकोलस पेट्रो और उनकी पूर्व पत्नी डेसुरिस वाजक्वेज को बोगोटा की एक अदालत के आदेश पर शनिवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 6 बजे हिरासत में ले लिया गया। कार्यालय ने कहा कि कोर्ट के सामने पेश किए जाने पर अभियोजक पक्ष दोनों आरोपियों के अस्थायी हिरासत की मांग करेंगे, क्योंकि इनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की पहले से ही जांच की जा रही है। बेटे की गिरफ्तारी की खबरों के बीच कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने कहा कि वह जांच में हस्तक्षेप नहीं करेंगे। पेट्रो ने सोशल मीडिया पर लिखा कि एक व्यक्ति और पिता के रूप में, मुझे इतना आत्म-विनाश और अपने एक बेटे को जेल जाते हुए देखकर दुख होता है।

# नाइजर की सेना ने देश का किया तख्तापलट

**अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने नाइजर के राष्ट्रपति की तत्काल रिहाई और देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था की बहाली की अपील की।**



**एजेंसी। नाइजर**

अफ्रीकी देश नाइजर में सेना ने तख्तापलट कर दिया है। सैनिकों ने नेशनल टीवी पर इस तख्तापलट का ऐलान कर दिया। सेना ने नाइजर के संविधान को भंग करने का ऐलान करते हुए सभी संस्थानों को निलंबित कर दिया। इस तख्तापलट के बाद देश की सभी सीमाओं को बंद कर दिया। हालांकि यह पहली बार नहीं है। साल 1960 में फ्रांस से आजादी मिलने के बाद यहां अब तक चार बार तख्तापलट हो चुका है। नाइजर से पहले उसके दो पड़ोसी देशों माली और बुर्किना फासो में पिछले सालों जिहादी विद्रोह के बाद तख्तापलट हुआ था और अब इस छोटे से देश में तख्तापलट ने दुनियाभर की चिंता बढ़ा दी है। खासकर अमेरिका और अफ्रीकी यूनियन संघ की परेशानी सबसे ज्यादा बढ़ गई है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने नाइजर के राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम की तत्काल रिहाई और देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था की बहाली की अपील की। दुनिया के गरीब देशों की लिस्ट में आने वाले इस देश में तख्तापलट ने अमेरिका समेत दुनियाभर की चिंता बढ़ा दी है। इस घटना पर सबसे पहले चिंता जताने वालों में अमेरिका ही है। बाकी देश भी इस देश में तख्तापलट से परेशान हैं । इस गरीब देश में तख्तापलट से अमेरिका यूं ही परेशान नहीं है। नाइजर अति गरीब देश होने के बावजूद यूरेनियम भंडार का मालिक है। इसी यूरेनियम भंडार ने अमेरिका की चिंता बढ़ा दी है। जिस देश की 80 फीसदी जमीन रेगिस्तान में बदल चुकी है, उस देश में सैन्य तख्तापलट से अमेरिका परेशान है। नाइजर पर अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों और कई देशों का भारी ऋण है। अपने भारी कर्ज के साथ यूरेनियम के भंडार ने अमेरिका के साथ ही अफ्रीकी यूनियन को परेशान कर दिया है। नाइजर दुनिया के सबसे बड़े यूरेनियम उत्पादकों में से एक है। विश्व परमाणु संघ (डब्ल्यूएनए) के अनुसार, नाइजर दुनिया का सातवां सबसे बड़ा यूरेनियम उत्पादक देश है। रेडियो एक्टिव मेडल यूरेनियम भंडार वाले इस देश में मचे सियासी उठापटक से टेंशन बढ़ना लाजिमी है।

‘दुःख भोगने वाला इंसान जीवन में आगे चलकर सुखी हो सकता है, पर दुःख देने वाला इंसान कभी सुखी नहीं सो सकता।’ – अज्ञात

# प्रतिभा को सम्मान

***झारखंड*** के तीन संस्कृति कर्मियों को भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा फेलोशिप अवॉर्ड का मिलना बड़ी बात है। जबकि इसी वर्ष के जूनियर फेलोशिप अवॉर्ड के लिए राज्य से एक कलाकार का चयन किया गया है। यह बड़ा इत्तेफाक है कि इस वर्ष के लिए झारखंड से जिन चार नामों को सीनियर और जूनियर फेलोशिप अवॉर्ड के लिए चुना गया, वे सभी महिलाएं हैं। ऐसे में सहज समझा जा सकता है कि राज्य में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। बस उसे जरूरत है सरकार के द्वारा प्रोत्साहन देने की। रांची की सीमा देवी व मोनिता सिन्हा ,दुमका की नीलम और नीरद को जनजातीय चित्रकला के क्षेत्र में अवॉर्ड का मिलना इस बात का सूचक है कि झारखंड के आंगन में प्रत्येक तरह के फूलों का खिलना जारी है। यह यहां की संस्कृति को और बेहतर बनाने की दिशा आगे काम करेंगी। ऐसा विश्वास किया जा सकता है। साथ ही दबी प्रतिभाओं को इससे सीख मिलेगी।

**जादोपटिया चित्रकला का संबंध संताल जनजाति से है। इस शैली के चित्र कागज और कपड़े के लंबवत पट पर बनाये जाते हैं। प्रत्येक पट के अलग-अलग विषय होते हैं और एक पट पर 16 से 32 चित्र तक होते हैं।**

यह फेलोशिप अवॉर्ड संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशिष्ट कला-साधकों को दिया जाता है, जिसका चयन राष्ट्रीय स्तर पर होता है। यह फेलोशिप दो वर्ष के लिए मिलता है, जिसे योजना के अनुसार छह माह का अतिरिक्त विस्तार दिये जाने का भी प्रावधान है। सबको मालूम है कि नीलम नीरद जनजातीय जादोपटिया चित्रकला की प्रख्यात कलाकार हैं। इनकी कलाकृतियां राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनियों में सराही गयी हैं। ये सम्मानित भी होती रही हैं। जादोपटिया चित्रकला का संबंध संताल जनजाति से है। इस शैली के चित्र कागज और कपड़े के लंबवत पट पर बनाये जाते हैं। प्रत्येक पट के अलग-अलग विषय होते हैं और एक पट पर 16 से 32 चित्र तक होते हैं। इन्हें प्राकृतिक रंगों से बनाया जाता है और पारंपरिक कलाकार इसे दिखाते समय गीत भी गाता है, जिसमें चित्रों की कथा का वर्णन होता है। नीलम नीरद ने इसके वंशानुगत कलाकारों से सीख कर इस चित्रकला शैली को आगे बढ़ा रही हैं और इसमें कई प्रयोग भी उन्होंने किया है। झारखंड से जिन लड़कियों का सिंगल गर्ल चाइल्ड फेलोशिप में हुआ चयन, उन्हें राशि का भी प्रावधान है। नीलम संताल जनजातीय समाज के पारंपरिक भित्तिचित्रों पर भी शोधपूर्ण कार्य कर रही हैं। उन्हें यह फेलोशिप अवॉर्ड संताल जनजातीय भित्तिचित्र चित्रकला के शोध पूर्ण चित्रांकन, रूपांकन, संवर्धन और विस्तार तथा इसके नवोन्मेष के लिए दिया गया। यह गौरव की बात है। झारखंड के संताल समाज में भित्ति चित्र की प्राचीन परंपरा है, जिसका जिक्र संताली लोकगीतों, लोकथाओं एवं मिथकों में बहुत गहराई से मिलता है, लेकिन छोटानागपुर और संताल परगना के भित्ति चित्रों में भिन्नताएं हैं। इस बड़े उद्देश्य की बदौलत नीलम नीरद के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गयी है। नीलम नीरद की बात को सच मानी जाये तो संताल जनजातीय समाज में भित्ति-चित्रण की परंपरा बहुत पुरानी और समृद्ध रूप में रही है। यह समाज मानता है कि उनकी जाति और सभ्यता के विकास के पांच महत्वपूर्ण चरण हैं। संताल समाज मानता है कि पृथ्वी पर भित्ति-चित्रण की कला का जन्म यहीं हुआ। हालांकि इन स्थानों की कोई भौगोलिक पहचान निश्चित नहीं है। फिर भी इनके लोकगीतों, मिथकों और गाथाओं में इसका वर्णन आज भी मिलता है। नीलम बताती हैं कि संताल समाज में इस कला को लेकर पहले जैसी ही मान्यता तो है। तभी यह समाज भित्तिचित्र की इस परंपरा को जीवित रखे हुए है और इनकी गाथाओं, लोकथाओं और मिथकों में इसका वर्णन अब भी मिलता है। ऐसे में झारखंड सरकार को इन क्षेत्रों में विकास की गति को बढ़ाने की जरूरत है।

# आज भी प्रासंगिक है प्रेमचंद का साहित्य





डॉ. वंदना सेन

***महान*** साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद का साहित्य कालजयी है। उन्होंने देश और समाज के बारे में गंभीर चिंता करते हुए अपनी लेखनी चलाई। समाज की जटिलताओं को कहानी और उपन्यासों के माध्यम से जिस प्रकार से प्रस्तुत किया है, उसके बारे में निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि वे आज भी समसामयिक लगती हैं। कहा जाता है कि साहित्य वही है जो हमेशा प्रासंगिक बना रहे। प्रेमचंद ने समाज आधारित साहित्य की रचना की। जो आज भी नवोदित साहित्यकारों के लिए एक सार्थक दिशा का बोध कराता है। वास्तव में प्रेमचंद की रचनाएं समाज का दर्पण हैं। प्रेमचंद जी साहित्यकारों के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए लिखते हैं कि साहित्यकार का काम केवल पाठकों का मन बहलाना नहीं है। यह तो भाटों और मदारियों, विदूषकों और मसखरों का ही काम है। साहित्यकार का पद इससे कहीं ऊंचा है, वह हमारा पथ प्रदर्शक होता है। वह हमारे मनुष्यत्व को जगाता है। हमारे सद्भावों का संचार करता है। हमारी दृष्टि को फैलाता है। प्रेमचंद ने केवल मनोरंजन के लिए साहित्य रचना नहीं की, बल्कि अपनी रचनाओं द्वारा समाज को नयी रूपरेखा, नये आदर्शों में ढालने का प्रयास किया। उनके सृजन कर्म का उद्देश्य साहित्य के द्वारा समाज में प्रेम और भाईचारे का संदेश देने और एक ऐसे शोषण विहीन समाज की रचना करना था, जिसका आधार स्वतंत्रता हो। प्रेमचंद अपने साहित्य रचना के माध्यम से इस उद्देश्य में सफल रहे हैं। कथा और उपन्यास सम्राट प्रेमचंद का जन्म 31 जुलाई 1880 को उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर से चार मील दूर लमही नामक गांव में हुआ था। इनके पिता का नाम अजायब राय और माता का नाम आनंदी देवी था। प्रेमचंद ने साहित्य की अनेक विधाओं पर अपनी लेखनी चलाई। उपन्यास के क्षेत्र में उनके योगदान को देखकर प्रसिद्ध बांग्ला उपन्यासकार शरतचंद्र चट्टोपाध्याय ने इन्हें उपन्यास का सम्राट कहकर संबोधित किया। प्रेमचंद ने नाटक, उपन्यास, कहानी, समीक्षा, लेख, संस्मरण संपादकीय आदि विधाओं में साहित्य का सृजन किया, पर उन्हें ख्याति कथाकार के रूप में प्राप्त हुई। अपने जीवनकाल में ही वे उपन्यास सम्राट की उपाधि से भी सम्मानित हुए। प्रेमचंद ने सन 1936 में प्रगतिशील लेखक संघ के पहले सभापति के रूप में संबोधन किया। उनका यही भाषण प्रगतिशील आंदोलन के घोषणापत्र का आधार बना। प्रेमचंद की भाषा हिंदी उर्दू मिश्रित थी। अलंकारों और मुहावरों ने उन्हें सजीवता प्रदान की। इनकी भाषा के कारण इनकी रचना के सभी पात्र व चरित्र हमारे समक्ष सजीव हो उठते हैं। यही इनकी भाषा की सबसे बड़ी ताकत है। इनकी भाषा सहज सरल एवं बोधगम्य है। साहित्य एक विराट उद्देश्य को लेकर चलने वाली विधा है और उसमें मनुष्य के सामाजिक जीवन को अधिक सूक्ष्मता एवं विस्तार से जांचा परखा जाता है। मनुष्य चरित्र के अनेकानेक चित्र प्रस्तुत करने के लिए सबसे अधिक विकल्प उपन्यासकार के पास ही होते हैं। प्रेमचंद के उपन्यास व्यष्टि और समष्टि की सटीक व्याख्या करते हैं। उसमें मनुष्यों की सैद्धांतिक जटिलताओं और प्रपंचों से मुक्ति पाने का संदेश दिया गया।

**वास्तव में प्रेमचंद की रचनाएं समाज का दर्पण हैं। प्रेमचंद जी साहित्यकारों के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए लिखते हैं कि साहित्यकार का काम केवल पाठकों का मन बहलाना नहीं है।**

**इन दिनों**

उनके उपन्यास सहजता व सरलता का प्रसार करते हैं। प्रेमचंद के उपन्यासों की रचना उस दौर में हुई, जब भारत सरकार में अंग्रेजी राज और उसके अत्याचार चरम पर थे। उनके उपन्यास में तत्कालीन घटनाएं सजीवता के साथ चित्रित की गयी हैं। प्रेमचंद ने अपने समय में साहित्य और समाज के बीच एक मजबूत सेतु की भूमिका निभायी, जिससे आम आदमी के मन में भी साहित्य के लिए भरोसा पैदा हुआ। प्रेमचंद ने अपना साहित्य मानव जीवन के उत्थान को ध्यान में रखते हुए लिखा। लोक संस्कृति के ऐतिहासिक संदर्भों एवं परम्पराओं को ध्यान में रखते हुए प्रेमचंद ने ग्रामीण जीवन की अनेक प्रवृतियां, सादगी और उनके जीवन दर्शन को अपने उपन्यास में अभिव्यक्त किया है। प्रेमचंद ने अपने उपन्यास गोदान में देश के किसानों के जीवन और उनके संघर्ष को मार्मिक संवेदनाओं के साथ चित्रित किया है। गोदान उपन्यास में किसान की नैया भूख और गरीबी के बीच झूलती रहती है। गोदान में होरी का चरित्र भारतीय किसान को बड़ी ही सहजता से निरूपित करता है। गोदान में होरी की मृत्यु एक प्रतीक के रूप में ही है। इसलिए गोदान उपन्यास का विश्व साहित्य मे एक महत्वपूर्ण स्थान है। गोदान में प्रेमचंद ने एक किसान को उपन्यास का नायक बनाकर प्रस्तुत किया है। गोदान भारतीय जीवन साहित्य की अनुपम कृति है। प्रेमचंद चाहते थे कि देश की सभी माताएं अपने बेटों को वीरोचित संस्कार दें। प्रेमचंद ने अपने नारी पात्रों में देशभक्ति का एक उच्चतम शिखर दिखाया है। रंग भूमि में जान्हवी को यह मंजूर नहीं था कि उनका बेटा वीरों जैसी जिंदगी की बजाय प्रेम संबंधों में अपना ध्यान लगाये। विनय द्वारा सोफिया के नाम पत्र लिखा देखकर वह सोफिया को धिक्कारती हुई उससे कहती है मैं विनय को ऐसा मनुष्य बनाना चाहती है जिस पर समाज को गर्व हो। मैं अपने बेटों को सच्चा राजपूत बनाना चाहती हूं। आज वह किसी की रक्षा के निमित अपने प्राण दे तो मुझसे अधिक भाग्यवती संसार में न होगी। प्रेमचंद सबसे पहले उपन्यासकार है, जिन्होंने उपन्यास साहित्य को तिलिस्मी दुनिया से बाहर निकाला और अपनी रचनाओं में जन साधारण की भावनाओं, परिस्थितियों और उनकी समस्याओं का मार्मिकता के साथ चित्रण किया। प्रेमचंद एक सच्चे समाज सुधारक थे। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज को सुधारने का प्रयास किया। प्रेमचंद ने अपने पात्रों का चुनाव समाज के उपेक्षित वर्ग से अधिक किया है। उन्होंने अपनी कहानियों में भारत के वंचित शोषित, दलित, पिछड़े और गरीब किसानों के लिए संघर्ष वर्णित किया है। उनकी कहानियां दलितों व स्त्रियों के दुखों को उजागर ही नहीं करती, बल्कि उसे मार्मिक भी बना देती हैं। आधुनिक हिंदी साहित्य जगत में कहानी कला को अक्षुण्ण बनाये रखने वाली कहानीकारों में प्रेमचंद अग्रणी है। प्रेमचंद का लेखन उनके इस कथन को पूरी तरह से चरितार्थ करता है कि साहित्यकार देशभक्ति और राजनीति के पीछे चलने वाली सच्चाई नहीं, बल्कि उसके आगे मशाल दिखाती हुई चलने वाली सच्चाई है।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**बोधि वृक्ष**

## *आइये सुने कथा शिव पुराण की*

***सो*** भगवान विष्णु ने मोहिनी स्वरूप धारण कर भष्मासुर का हाथ उसके अपने सिर पर रखवा कर भगवान शंकर की रक्षा की। इसलिये भगवान शंकर की थोड़ी भी पूजा कर दी जाये तो वह प्रसन्न हो बहुत ज्यादा फल देते हैं। जो शिव पुराण की कथा श्रवण करते हैं उन्हें कपिला गायदान के बराबर फल मिलता है। पुत्रहीन को पुत्र, मोक्षार्थी को मोक्ष प्राप्त होता है तथा उस जीव के कोटि जन्म पाप नष्ट हो जाते हैं और शिव धाम की प्राप्ति होती है। इसलिये शिव पुराण कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिये। जो निरन्तर अनुसंधानपूर्वक इस शिवपुराण को बांचता है अथवा नित्य प्रेमपूर्वक इसका पाठमात्र करता है, वह पुण्यात्मा है - इसमें संशय नहीं है। जो उत्तम बुद्धिवाला पुरुष अन्तकाल मे भक्तिपूर्वक इस पुराण को सुनता है, उस पर अत्यन्त प्रसन्न हुये भगवान महेश्वर उसे अपना पद (धाम) प्रदान करते हैं। जो प्रतिदिन आदरपूर्वक इस शिवपुराण का पूजन करता है, वह इस संसार मे सम्पूर्ण भोगों को भोगकर अन्त मे भगवान शिव के पद को प्राप्त कर लेता है। जो प्रतिदिन आलस्यरहित हो रेशमी वस्त्र आदि के वेष्टन से इस शिवपुराण का सत्कार करता है, वह सदा सुखी होता है। यह शिवपुराण निर्मल तथा भगवान शिव का सर्वस्व है; जो इहलोक और परलोक मे भी सुख चाहता हो, उसे आदर के साथ प्रयत्नपूर्वक इसका सेवन करना चाहिये। यह निर्मल एवं उत्तम शिवपुराण धर्म, अर्थ, काम और मोक्षरूप चारों पुरुषार्थों को देने वाला है। अतः सदा प्रेमपूर्वक इसका श्रवण एवं विशेष पाठ करना चाहिये। पूजा के दिन प्रातः स्नानादि नित्य कर्मों से निवृत होकर पवित्र हो जायें तत्पश्चात पूजास्थल पर भगवान शिव, माता पार्वती और नंदी को पवित्र जल अर्पित करें।

*(क्रमशः)*

# सावन का महीना व यादों में झूले...



रमेश सर्राफ धमोरा

***पड़ गये*** **झूले सावन रुत आई रे, सीने में हूक उठे अल्लाह दुहायी रे...।** ऐसे गाने सावन आते ही लोगों की जुबान पर खुद-ब-खुद आ जाते हैं। पहले सावन शुरू होते ही गांव की गलियों से लेकर शहरों तक झूले पड़ते थे। महिलाएं झूला झूलतीं और गाती थीं। सावन और भादो का महीना हमें प्रकृति के और निकट ले जाता है। झूला झूलने के दौरान गाये जाने वाले गीत मन को सुकून देते हैं। झूले गांव के बागीचों और मंदिर के परिसरों में डाले जाते थे। सावन को बहुत पवित्र महीना माना जाता है। मान्यता है कि सावन में माता पार्वती ने भगवान शिव की तपस्या करके उन्हें पाया था। सावन दक्षिणायन में आता है जिसके देवता शिव हैं। इसीलिए इन दिनों उन्हीं की आराधना शुभ फलदायक होती है। सावन के महीने में बहुत वर्षा होती है। इसलिए इसे वर्षा ऋतु का महीना या पावस ऋतु भी कहा जाता है। भारतीय संस्कृति में झूला झूलने की परम्परा वैदिक काल से है। श्रीकृष्ण-राधा संग झूला झूलते और गोपियों संग रास रचाते थे। मान्यता है कि इससे प्रेम बढ़ने के अलावा प्रकृति के निकट जाने एवं उसकी हरियाली बनाये रखने की प्रेरणा मिलती है। एक दौर था जब लोगों को सावन के महीने का बेसब्री से इंतजार रहता था। लड़कियां ससुराल से मायके आती थीं। लेकिन अब ये परंपरा खत्म होती जा रही है। अब न तो झूले पड़ते हैं और न गीत सुनाई देतें है। सावन शुरू हो गया है, लेकिन इसका अहसास ही नहीं हो रहा है। उमंग और खुमारी का संगम इसी महीने में हरियाली तीज पर खत्म होता था। सखियों को सुख-दुख बांटने, साथ बैठकर मेहंदी लगाने की परंपरा फिर गीत गाना सब गुम हो चुका है। बच्चे अब झूले नहीं वीडियो गेम में मस्त रहते हैं। महिला संगठन भी अब किटी पार्टी जैसे आयोजनों तक सीमित हैं। झूले की परम्परा लुप्त होने के पीछे सबसे प्रमुख वजह मनोरंजन के भरपूर साधनों का होना भी हैं। सावन के आते ही गली-कूचों और बगीचों में मोर, पपीहा और कोयल की मधुर बोली के बीच युवतियां झूले का लुत्फ उठाया करती थीं। अब न तो पहले जैसे बाग-बगीचे रहे और न ही मोर की आवाज सुनाई देती है। अब बिना झूला झूले ही सावन गुजर जाता है। वन माफिया के चलते गांवों में भी बाग-बगीचे नहीं बचे हैं, जहां युवतियां झूला डाल कर झूल सके। गांवों की बुजुर्ग महिलाएं बताती हैं कि सावन आते ही बेटियां ससुराल से मायके बुला ली जाती थीं और पेड़ों पर झूला डाल कर झूलती थीं। त्योहार में बेटियों को ससुराल से बुलाने की परम्परा तो आज भी चली आ रही है। लेकिन जगह के अभाव में न तो कोई झूला झूल पाता है और न ही अब मोर, पपीहा व कोयल की सुरीली आवाज ही सुनने को मिलती है। दस साल पहले तक रक्षाबंधन तक झूले का आनंद लिया जाता था। गांवों के पेड़ों पर मोटी रस्सी से झूला डाला जाता था और सारे गांव की बहन-बेटियां झूलती थीं। अब पेड़ ही नहीं हैं तो झूला कहां डालें। सावन के महीने में नवविवाहित महिलाओं को अपने मायके जाने की परम्परा राजस्थान में तो आज भी चली आ रही है। समय के साथ पेड़ गायब होते गये और उनके स्थान पर

**झूला झूलने के दौरान गाये जाने वाले गीत मन को सुकून देते हैं। सावन को बहुत पवित्र महीना माना जाता है। मान्यता है कि सावन में माता पार्वती ने भगवान शिव की तपस्या करके उन्हें पाया था।**

**सावन**

बहुमंजिला इमारतों के बनने से आंगन का अस्तित्व समाप्त हो गया। ऐसे में सावन के झूले भी यादें बनकर हमारी परम्परा से गायब हो रहे हैं। जन्माष्टमी पर मंदिरों में सावन की एकादशी के दिन भगवान को झूला झुलाने की परम्परा जरूर अभी भी निभाई जा रही है। सावन में झूला झूलना मात्र आनंद की अनुभूति नहीं कराता अपितु यह स्वास्थ्यवर्धक यौगिक क्रिया भी है। सावन में चारों तरफ हरियाली छाई होती है। हरा रंग आंखों पर अनुकूल प्रभाव डालता है।

**फोटो की दुनिया**



**फेसबुक वॉल से**




# अब सार्थक बहस हो व संसद सुचारु चले



ललित गर्ग

***विपक्षी*** गठबंधन ‘इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस’ (इंडिया) ने मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का निर्णय लेकर अपनी राजनीतिक अपरिपक्वता, नासमझी एवं विवेकहीनता का ही परिचय दिया है, यह प्रस्ताव स्वीकार भी हो गया। अब प्रतीक्षा है उस पर बहस की। आइएनडीआइए भले ही अविश्वास प्रस्ताव को अपनी जीत समझ रहा हो और यह मानकर चल रहा हो कि उसे संसद में अपनी एकजुटता एवं ताकत दिखाने का अवसर मिलेगा, लेकिन एक तो इस प्रस्ताव का गिरना तय है, दूसरा विपक्षी एकता एवं शक्ति के दावे भी खोखले साबित होने है। जब प्रस्ताव का गिरना पहले से ही तय है तो क्यों विपक्ष अपनी किरकिरी कराने पर तूली। क्योंकि प्रधानमंत्री ने पहले ही मणिपुर के हालात पर क्षोभ व्यक्त करते हुए संसद भवन परिसर में कहा था कि यह घटना किसी भी सभ्य समाज को शर्मसार करने वाली है और इससे पूरे देश की बेइज्जती हुई है। बावजूद विपक्ष की जिद्द इसलिये भी बचकानी एवं बेहूदी कही जायेगी क्योंकि कोई भी मामला जिस मंत्रालय संबंधित होता है, उसके ही मंत्री को उस पर वक्तव्य देना होता है। सोचने वाली बात है कि विपक्ष यदि वास्तव में मणिपुर पर दुःखी होता तो चार दिन संसद का काम रोक कर न तो नारेबाजी और न हठधर्मिता में अपनी ऊर्जा खपा रहा होता और न ही गृह मंत्री को सुनने से इन्कार कर रहा होता। विपक्षी दलों की चिंता मात्र एक दिखावा ही अधिक प्रतीत हुई है। विपक्ष का चेहरा जनता के सामने बेनकाब हुआ है, जो कुछ बाकी रहा है प्रधानमंत्री अविश्वास प्रस्ताव पर अपने वक्तव्य में उसे उघाड़ देंगे, इस नये गठबंधन की कथित एकजुटता की पोल भी खोल ही देंगे और उसकी आपसी खींचतान को भी उजागर कर ही देंगे। विपक्षी गठन इंडिया के गठन के बाद वे कितने राजनीतिक रूप से शक्तिशाली हुए है और प्रधानमंत्री को चुनौती देने की स्थिति कितने सक्षम बने हैं, इन स्थितियों का भी पदापाश होगा। बात जब तीर से निकली है तो दूर तक जायेगी, अविश्वास प्रस्ताव की बहस केवल मणिपुर तक सीमित नहीं रहने वाली, क्योंकि हालिया पंचायत चुनावों के दौरान बंगाल में जो भीषण हिंसा हुई, कोई भी उसकी अनदेखी नहीं कर सकता-मोदी सरकार तो बिल्कुल भी नहीं। यह सही है कि अविश्वास प्रस्ताव लाकर विपक्ष ने अपने इस उद्देश्य को हासिल कर लिया कि मणिपुर के मामले में प्रधानमंत्री को सदन में बोलना ही पड़ेगा, लेकिन उसने उन्हें अपनी राजनीतिक हठधर्मिता को बेनकाब करने का अवसर भी दे दिया है। यह पूरे देश की जनता को मालूम है कि इस अविश्वास प्रस्ताव से मोदी सरकार को कोई खतरा नहीं है क्योंकि इसके पास अपने बूते पर सदन में जबर्दस्त बहुमत है और 538 की वर्तमान सदस्य संख्या वाली लोकसभा में भाजपा व इसके सहयोगी दलों के 332 सांसद हैं जबकि इंडिया दलों के 142 व निरपेक्ष या संकट के समय मोदी सरकार का साथ देने वाले दलों के सदस्यों की संख्या 64 है। यह अविश्वास प्रस्ताव सांकेतिक है और इस बात का प्रयास है कि इसके माध्यम से विपक्षी गठबन्धन देश के लोगों के बीच अपने समर्थन में ‘जन-अवधारणा’ का निर्माण कर सके। लेकिन विपक्षी दलों का यह न्यूसेंस भरा ध्येय अधूरा ही रहने वाला है। अविश्वास प्रस्ताव संसदीय लोकतन्त्र में प्रायः सरकारों के खिलाफ जन अवधारणा सृजित करने के लिए ही लाये जाते हैं क्योंकि भारत के संसदीय इतिहास में अब तक 28 अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये, जिनमें केवल तीन बार ही सत्तारूढ़ सरकारें इनके माध्यम से सत्ता से बेदखल की गई हैं।

**विपक्षी गठन इंडिया के गठन के बाद वे कितने राजनीतिक रूप से शक्तिशाली हुए है और प्रधानमंत्री को चुनौती देने की स्थिति कितने सक्षम बने हैं, इन स्थितियों का भी पदापाश होगा।**

**राजनीति**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# आयुर्वेद शब्द का अर्थ, परिभाषा व प्रयोजन



**वैद्य ब्रजेश कुमार दुबे**
**पतंजली आरोग्य केन्द्र रेड़मा**
**डालटनगंज पलामू झारखण्ड**
**मो. - 7903216488, 9334716688**

**आयुर्हिताहितं व्याधिर्निदानं शमनं तथा।**
**विद्यते यत्र विद्वम्दिः सः आयुर्वेद उच्चते।।**

जिस शास्त्र के द्वारा आयु (सुखी आयु तथा दुखी आयु, हितकर आयु तथा अहितकर आयु) का हित (लाभदायक) एवं अहितकर (हानिकारक) आहार-विहार (स्वस्थवृत) का, व्याधि (रोग), निदान तथा शमन (चिकित्सा) का ज्ञान प्राप्त किया जाता है, उस (शास्त्र) का नाम 'आयुर्वेद' है।

**हिताहितं सुखं दुःखमायुस्तस्य हिताहितम्।**
**मानं च तच्च यत्रोक्तमायुर्वेदः स उच्यते।। (च.सू. 1/41)**

अर्थात जिस शास्त्र में हितकर आयु तथा अहितकर आयु, सुखी आयु एवं दुःखी आयु का वर्णन हो और आयु का मान बतलाया गया हो तथा आयु का वर्णन हो वह आर्युवेद कहलाता है। जितने समय पर्यन्त शरीर एवं आत्मा का संयोग रहता है उतने समय का नाम आयु है। इसी समय में प्राणी धर्मादि की सिद्धि कर सकता है। मानव आयुर्वेद शास्त्र द्वारा आयु के विषय में ज्ञान प्राप्त करता है अतः इसका नाम आयुर्वेद है-

**'आयुरस्मिन् विद्यते, अनेन वऽऽयुर्विन्दन्ति इत्यायुर्वेदः।'**
**(सु.सू. 1/15)**

शरीर एवं जीव का योग 'जीवन' कहलाता है, उससे युक्त काल का नाम 'आयु' है। आर्युवेद द्वारा व्यक्ति आयु के विषय में हित-अहित द्रव्य तथा गुण एवं कर्म को जानकर और उसका सेवन तथा परित्याग करके आरोग्ययुक्त स्वास्थ्यलाभ पूर्वक आयु को प्राप्त करता है और दूसरों की आयु का भी ज्ञान प्राप्त करता है।

आयुर्वेद का प्रयोजन-

**'व्याध्युपसृष्टानां व्याधिपरिमोक्षः,स्वस्थस्य रक्षणं च।'**
**(सु.सू.1/14)**

इसके द्वारा रोगियों को रोगों से मुक्ति मिलती है और स्वस्थ व्यक्तियों के स्वास्थ्य की रक्षा होती है।

आचार्य चरक का उद्घोष है-

**'प्रयोजनं चास्य स्वस्थस्य स्वास्थ्यरक्षणमातुरस्य विकारप्रशमनं च'**
**(सू. 30/16)**

अर्थात आयुर्वेद शास्त्र का प्रयोजन है- स्वस्थ पुरूष के स्वास्थ्य की रक्षा करना और रोगी व्यक्ति के रोग को दूर करना।

धर्म,अर्थ एवं सुखादि का साधन आयु है। अतः आयु की कामना करने वालों को आयुर्वेद के उपदेशों में परम आदर करना चाहिए।

**आयुः कामयमानेन धर्मार्थ सुखसाधनम्।**
**आयुर्वेदोषदेशषु विधेयः परमादरः।।**

(अष्टांगहृदय सूत्र1/5) आयुर्वेद के उपदेशों(विधि एवं निषेधों)का आदर (पालन) करने से आयुका लाभ होता है और उससे धर्म आदि की सिद्धी होती है।

**आयुर्वेद शब्द का अर्थ है :** आयुर्वेद शब्द आयु एवं वेद इन दो शब्दों के मेल से बना है। आयु का अर्थ इस प्रकार है-

क. 'एति गच्छति इति आयुः' अर्थात जो निरन्तर गतिमान रहती है,उसे आयु कहते हैं।

ख.'आयुर्जीवितकालः' अर्थात जीवितकाल को आयु कहते हैं। (अमरकोष2/8/120)

ग. 'चैतन्यानुवर्तनमायुः' अर्थात जन्म से लेकर चेतना के बने रहने तक के काल को आयु कहते हैं। (च.सू. 30/22)

घ. 'शरीरजीव योर्योगो जीवनम तेनावच्छिन्नः काल आयुः' अर्थात शरीर एवं जीव के संयोग को जीवन कहते हैं।

वेद से तात्पर्य है ज्ञान। अतः आयुर्वेद का सामान्य अर्थ हुआ- जीवन का विज्ञान (साइंस ऑफ लाईफ) संक्षेप में -

**'आयुषो वेदः आयुर्वेदः या आयुर्वेदयत्यायुर्वेदः।'**

अर्थात आयुर्वेद वह शास्त्र है, जिसमें आयु से संबंधित सर्वांगीण ज्ञान का वर्णन किया गया हो।

# शिव तत्व की विशेषता

हमारे पुराणों में वर्णित है कि श्रावण मास शिव की प्रसन्नता एवं कृपा प्राप्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिव को जलधारा अति प्रिय है और सावन के महीने में स्वयं इन्द्रदेव प्रभु की आराधना में तत्पर दिखाई देते है। शिव को सभी देवों में महादेव की संज्ञा प्रदान की गई है, इसका तात्पर्य है कि शिव में कुछ ऐसी अनूठी विशेषताएं है जो अन्यत्र दुर्लभ है। भूतभावन भोलेनाथ की इन्हीं विशेषताओं पर आज हम दृष्टि डालेंगे।

**ध्यान की उत्कृष्ट पराकाष्ठा :** शिव स्वरूप मोहमाया के मिथ्या रूप को जानते है, इसलिए सदैव ध्यान की प्रेरणा देते है। जीवन का अंतिम ध्येय शांतचित्त स्वरूप होना है। आशुतोष जो केवल जलधारा से प्रसन्न हो जाए, जो द्रव्य हर किसी के लिए सहजता से उपलब्ध हो जाए वही शिव स्वीकार कर मनोवांछित फल प्रदान करते है। प्रत्येक आडंबर से मुक्त जगतगुरु जीवन के सत्य से साक्षात्कार कराते है। शिव संदेश देते है की हम स्वयं पर ध्यान केन्द्रित करके उन्नति के आयाम को खोज सकते है। स्वयं के आनंद स्वरूप को पहचान सकते है। हमें अपनी ऊर्जा को स्वयं के भीतर ही बढ़ाना है। स्वयं में ही आनंद के क्षण को खोजना है।

**सत्य का साक्षात्कार स्वरूप :** भोलेनाथ के ललाट पर त्रिपुंड तिलक सुशोभित होता है। यह त्रिलोक और त्रिगुणः- सतोगुण, रजोगुण और तमोगुण को बताता है। त्रिपुंड चंदन या भस्म का होता है। इसी त्रिपुंड में भोलेनाथ का त्रिनेत्र सुशोभित होता है, इसी कारण शिव को त्रिलोचन कहा जाता है। शिव का तीसरा चक्षु सदैव जागृत रहता है परंतु बंद अवस्था में, ऐसी मान्यता है की यदि शिव का तीसरा नेत्र खुल गया तो शिव प्रलयंकर का रूप धारण कर लेंगे जिसके कारण सृष्टि का विनाश हो जाएगा। उमानाथ के हाथो में स्थित डमरू एक वाद्य यंत्र है एवं भोलेनाथ के एक स्वरूप नटराज को संगीत और नृत्य विधा का देव भी माना जाता है। त्रिशूल शिव का अचूक एवं अमोघ अस्त्र है यह भी त्रिगुणः- सतोगुण, रजोगुण एवं तमोगुण का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसी मान्यता है की त्रिशूल तीनों कालों भूतकाल, वर्तमानकाल एवं भविष्यकाल का भी प्रतीक है। जटाधारी विशाल आकाश का प्रतीक है। इसी जटाधारी में आदिनाथ शिव ने कल्याणदायिनी गंगा को धारण कर रखा है। शिव बाघंबर एवं हस्ति चर्म को वस्त्र के रूप में धारण करते है। बाघ हिंसा का एवं हाथी अभिमान को परिलक्षित करता है और महादेव इसको धारण कर हिंसा और अभिमान को दबाने की शिक्षा देते है। जगद्गुरू अपने शरीर पर भस्म लगाते है जो कि मोह और आकर्षण से विरक्ति को बताती है। मानव देह तो पंचतत्वो से निर्मित है और इस नश्वर शरीर का अंत भी इन्ही पंचतत्वो में विलीन होकर हो जाता है। शिव भस्म धारण कर संदेश देते है की मनुष्ययोनि का अंतिम लक्ष्य ईश्वर की आराधना करके इसी रूप में परिवर्तित होना है।



**आनंद स्वरूप का प्रतिबिंब :** शिव की सबसे अनूठी विशेषता उनका आनंद स्वरूप है। पूरी दुनिया की मोहमाया एवं आकर्षण को छोडकर वे विरक्त स्वरूप में आनंद की खोज करते है, क्योंकि जीवन की सच्ची उत्कृष्टता तो आनंद की प्राप्ति में निहित है। भोले भण्डारी अपने भक्तों को भी संतोषी स्वभाव अपनाने की प्रेरणा देते है। वे छल-कपट से दूर रहकर सदैव अपने इष्ट की आराधना में ध्यानरत रहते है एवं सदैव नीलकंठ बनकर दूसरों को भी आनंदमयी जीवन प्रदान करते है।

**आडंबर रहित जीवन :** शिव की वेषभूषा हो या उनका रहने का स्थान, प्रत्येक रूप में आशुतोष आडंबर रहित दिखाई देते है। उनके जीवन में मन की सच्चाई और पावन हृदय की प्रधानता हमें दिखाई देती है। भक्त के लिए भी वे एकदम सहज है। उन्हें कोई विशिष्ट भोग एवं विशिष्ट सामाग्री की आवश्यकता नहीं है। जो आपके पास है उसे पूर्ण निष्ठा एवं भक्ति-भाव से आप समर्पित कर दीजिए। उमापति तो अनायास भी पूजा करने वालों की प्रार्थना को पूरा कर देते है एवं मनुष्ययोनि में मुक्ति का द्वार खोल देते है।

**सहजता, सरलता एवं सहृदयता :** शिव की विशालता और सरलता की कोई तुलना नहीं है। प्रभु के लिंग स्वरूप पर यदि कोई एक लौटा जल भी समर्पित कर देता है तो भी शिव अति प्रसन्न हो जाते है और यदि भक्त इतना भी न कर सके तो अपने अंगूठे को लिंग स्वरूप मानकर शिव को आराध ले, उससे भी महादेव प्रसन्न होकर पूजा स्वीकार कर लेते है और इच्छित वर प्रदान कर देते है।

**उत्तम प्रेम का निर्वहन :** शिव-शक्ति का प्रेम तो सभी गृहस्थ के लिए वंदनीय है। जब शक्ति स्वरूपा जगदंबा सती ने अपने आप को प्रताड़ित किया तो भोलेनाथ ने अपना धीरज खो दिया और रौद्र रूप धारण कर विध्वंस करने लगे। वहीं अनंत वर्षों तक प्रेम और भक्ति की राह को स्वीकारते हुए शिव ने शक्ति को प्राप्त किया। सभी देवताओं में सुखी गृहस्थ जीवन के लिए शिव-शक्ति की जोड़ी को ही सर्वश्रेष्ठ माना जाता है क्योंकि उमा ने भी कभी शिव की वेषभूषा एवं जीवन में आडंबर को महत्व नहीं दिया। वे सदैव महादेव के गुणों को ही प्रधान मानती है।

**दयालुता को देदीप्यमान स्वरूप :** शिव की आराधना देव, दानव, राक्षस इत्यादि सभी ने की और शिव ने सभी को मनोवांछित फल प्रदान किया। शिव के समान को भी दयालु नहीं है। सिर्फ यह साधक की निष्ठा भक्ति पर निर्भर है की वह किस तरह भोलेनाथ को अपने भावों की माला से ध्याता है। यहाँ तक की शिव मानस पूजा के द्वारा भी शिव की आराधना की जा सकती है।

शिव तत्व की विशेषताएं अनंत है। शिव का आनंद स्वरूप होना भी हमें सीख देता है कि जीवन की जीवंतता प्रसन्नता में ही निहित है। भक्तवत्सल भूतभावन भोलेनाथ की स्तुति सर्वाधिक सुलभ है। यदि भक्त प्रभु को अपना सर्वस्व मानकर पूर्ण निष्ठा भाव से अपनी मनोकामना महादेव के प्रत्यक्ष रखता है तो उसके भाग्य के कपाट अनायास ही खुल जाते है। शिव तत्व काल को स्मरण रखने पर भी बल देता है। संतोषी जीवन की सच्चाई को भी उजागर करता है। देने के भाव के महत्व को भी समझाता है। शिव सदैव अन्तर्मन में झाँकने और ध्यान की प्रेरणा देते है। वे बाहरी दुनिया के दिखावे से दूर रहने को हमें प्रेरित करते है। मान-अपमान, मोह-माया, राग-द्वेष इन सब से ऊपर उठकर महादेव हमें सत्य का साक्षात्कार कराते है। श्रावण मास में शिव की आराधना हमें शिव तत्व को जानने और उसे जीवन में आत्मसात करने की ओर प्रेरणा देती है। हम सभी संसारी सांसरिक बंधनों में फँसे हुए है पर जो प्रत्येक बंधन से मुक्त है वही शिव है। प्रारम्भ, मध्य और अंत सब कुछ शिव है।

❖ **डॉ. रीना रवि मालपानी**

## काव्य कोना

### मुट्ठी खुली


धन दौलत बँट जायेगा, बंदे
नाम बाम जुड़ जायेगा
संस्कार की बात करेंगे
कर्म कहाँ बँट पायेगा
कर्ता भोगे कर्म का लेखा
प्रारब्ध जुड़ जायेगा।

खुली थी मुट्ठी
चेहरा नम था
आँखों में कोई पहचान न थी
सीखा, देखा, पहचाना सब
यहीं बने सब नाते रिश्ते
एक अकेला आया था
एक अकेला जायेगा।

काहे को इतराता, बंदे
काहे को दिखलाता रे
आने जाने के खेला में,
मुट्ठी खुली की खुली रहेगी
काहे को इतराता, बंदे
कुछ भी साथ न जायेगा
धन दौलत बँट जायेगा, बंदे
काहे को इतराता, बंदे
काहे को इतराता, रे।

– **नाग मणि**

# सुबह की चाय पीने से नहीं बढ़ेगा वजन...



जब आप चाय बना रहे हैं तो उसमें किस तरह के दूध का इस्तेमाल करते हैं, इससे काफी फर्क पड़ता है। मसलन, अगर आप चाय बनाते समय उसमें फुल क्रीम दूध का इस्तेमाल करते हैं तो इससे उसका कैलोरी कंटेंट काफी बढ़ जाता है। सुबह के समय अधिकतर घरों में लोग चाय पीना पसंद करते हैं। हम सभी ने सुना है कि सुबह के समय चाय का सेवन नहीं करना चाहिए। लेकिन जिन लोगों को सुबह चाय पीने की आदत होती है, वे चाहकर भी अपनी इस आदत को छोड़ नहीं पाते हैं। ऐसे में जरूरी होता है कि आप कुछ छोटे-छोटे टिप्स अपनाएं, जिससे चाय पीने के बाद भी आपको वजन बढ़ने की समस्या नहीं होगी।

**स्किम्ड दूध का करें इस्तेमाल :** जब आप चाय बना रहे हैं तो उसमें किस तरह के दूध का इस्तेमाल करते हैं, इससे काफी फर्क पड़ता है। मसलन, अगर आप चाय बनाते समय उसमें फुल क्रीम दूध का इस्तेमाल करते हैं तो इससे उसका कैलोरी कंटेंट काफी बढ़ जाता है। जिससे वजन पर भी असर पड़ता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप कैलोरी कंटेंट को बैलेंस करने के लिए आप फुल क्रीम दूध की जगह स्किम्ड दूध का इस्तेमाल करें।

**चीनी की मात्रा :** जब आप चाय का सेवन कर रहे हैं तो उसमें चीनी की मात्रा से काफी असर पड़ता है। मसलन, 1 चम्मच चीनी में 19 कैलोरी होती है, जबकि एक टेबलस्पून चीनी में 48 कैलोरी पाई जाती है। इसलिए, अगर आप सुबह के समय चाय पीते हैं या फिर आप दिनभर कई कप चाय पीते हैं तो ऐसे में आपको अपनी चीनी की मात्रा पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। अन्यथा आपका वजन बढ़ सकता है।

**ना लें अनहेल्दी स्नैक :** अक्सर लोगों की यह शिकायत होती है कि चाय से उनका वजन बढ़ता है। लेकिन वास्तव में उसके पीछे की मुख्य वजह चाय के साथ लिया जाने वाला अनहेल्दी स्नैक होता है। जब भी हम चाय लेते हैं तो उसके साथ कुछ अनहेल्दी स्नैक जैसे नमकीन, बिस्कुट व रस्क आदि खाते हैं। इससे वजन तेजी से बढ़ने लगता है।

**बिल्कुल खाली पेट ना लें :** भले ही आपको सुबह के समय चाय पीने की आदत है, लेकिन फिर भी आपको इसे बिल्कुल खाली पेट ना लें। इससे आपको एसिडिटी व जलन की समस्या बढ़ सकती है। इसलिए, कोशिश करें कि आप हल्के भोजन या नाश्ते के बाद ही चाय का सेवन करें।

❖ **मिताली जैन**

## सूडोकु नवताल- 6777

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | 3 | 1 | | | 8 | |
| 3 | 6 | | 2 | | 7 | | 9 | |
| | | 7 | | | 6 | | 2 | 1 |
| | 7 | | 1 | | | | | |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| | | | | | 5 | | 4 | |
| 6 | 2 | | 4 | | | 9 | | |
| | 5 | | 6 | | 9 | | 1 | 8 |
| | 1 | | | 5 | 3 | | 6 | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6776 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 |

## दैनिक पंचांग

**31 जुलाई को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 06.49 बजे से |
| चंद्र | धनु में | कन्या | 09.01 बजे से |
| मंगल | सिंह में | तुला | 11.11 बजे से |
| बुध | सिंह में | वृश्चिक | 13.26 ब.से |
| गुरु | मेष में | धनु | 15.42 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मकर | 17.47 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कुंभ | 19.34 बजे से |
| राहु | मेष में | मीन | 21.07 बजे से |
| केतु | तुला में | मेष | 22.37 बजे से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | वृष | 00.17 बजे से |
| | | मिथुन | 02.15 बजे से |
| | | कर्क | 04.29 बजे से |

**सोमवार** 2023 वर्ष का 212 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** श्रावण **पक्ष** शुक्ल **तिथि** त्रयोदशी 07.27 बजे तदनन्तर चतुर्दशी 03.52 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा 18.58 बजे को समाप्त। **योग** विष्कुम्भ 23.05 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 07.27 बजे, गर 17.42 बजे तदनन्तर वणिज 03.52 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 13.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 18° 23' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871691 **जूलियन दिन** 2460156.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** मोहर्रम **तारीख** 12 **विशेष** श्रावण अधिक द्वितीय सोमवार व्रत, मुंशी प्रेमचंद जयंती, उधमसिंह शहीदी दिवस, मोहम्मद रफी पुण्यतिथि।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7839

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | | ■ | 6 | 7 |
| | ■ | ■ | 8 | 9 | | 10 | ■ | |
| 11 | | 12 | ■ | | ■ | 13 | | |
| ■ | ■ | 14 | | ■ | 15 | | ■ | ■ |
| 16 | | | ■ | 17 | ■ | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | | 22 | ■ | ■ | |
| 23 | 24 | ■ | | ■ | | ■ | 25 | |
| ■ | 26 | | | ■ | 27 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1.कथा,गाथा-3
3.भगौना-3
5.पुष्पहार-2
6.वायदा,कसम-2
8.अभिष्ट इच्छापूर्ति,वर-4
11.योग्य,उपयुक्त-3
13.चिंतन,सोच-विचार-3
14.ताश का एक खेल-2
15.संजय दत्त की पहली फिल्म-2
16.चेहरा,शक्ल-3
18.चाकू,खंजर-3
20.उकसाना,चकमा देना -4
23.लक्ष,सौ हजार-2
25.ईश्वर,भगवान-2
26.विदा,गमन-3
27.लेखनी,पेन-3

**ऊपर से नीचे**

1.हुनर,फन-2
2.शांति,वीराना-3
3.चिलमन,ओट,घूंघट-3
4.ज्वालामुखी से निकला गर्म पदार्थ-2
5.माजरा,मुद्दा-3
7.आंगन,बरामदा-3
9.भागना (अंग्रेजी-2)
10.चटपटा,क्षारीय-4
12.कारनामा,करिश्मा-4
16.अच्छे सुर का ज्ञाता-3
17.मालिक,स्वामी-2
19.प्रेम प्रतिद्वंदी(उर्दू-3)
21.बेदखल करना-3
22.फिजूल,व्यर्थ-2
24.गधा,गर्दभ -2
25.एक प्रकार की विदेशी शराब-2

### शब्द पहेली -7838 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ह | ल | क | ■ | क | ल | र | व |
| क | द | ■ | हा | ज | मा | ■ | ■ | र |
| ह | ■ | ना | मी | ■ | ल | व | ■ | दा |
| र | च | ना | का | र | ■ | सा | ल | न |
| ■ | र | ■ | र | ■ | स | ■ | ह | ■ |
| र | स | द | ■ | ता | ली | म | जा | ना |
| बा | ■ | ल | क | ■ | के | ला | ■ | ट |
| य | ■ | ■ | स | ज | दा | ■ | ना | क |
| त | ल | ब | र | ■ | र | ह | म | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**वृष राशि :** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। लेदेकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे।

**मिथुन राशि :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**कर्क राशि :** सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें।

**सिंह राशि :** अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**कन्या राशि :** बुरी संगति से बचे। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें।

**तुला राशि :** कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक राशि :** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।

**धनु राशि :** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंग।

**मकर राशि :** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

**कुंभ राशि :** जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

**मीन राशि :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक संपत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

### पीएम कल पुणे में कई विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन-शिलान्यास

# निर्मित 2650 पीएमएवाई घरों को सौंपेंगे

**लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से प्रधानमंत्री को किया जाएगा सम्मानित**



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को महाराष्ट्र के पुणे का दौरा करेंगे। इस दौरान वह मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। साथ ही विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी को एक कार्यक्रम में लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार उन लोगों को दिया जाता है जिन्होंने राष्ट्र की प्रगति और विकास के लिए उल्लेखनीय एवं असाधारण काम किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार मंगलवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे प्रधानमंत्री दगडूशेठ मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। पूर्वाह्न 11:45 बजे उन्हें लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 12:45 बजे प्रधानमंत्री मेट्रो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे और विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री पुणे मेट्रो चरण कके दो गलियारों के पूर्ण खंडों पर सेवाओं के उद्घाटन के अवसर पर मेट्रो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। ये खंड फुगेवाड़ी स्टेशन से सिविल कोर्ट स्टेशन और गरवारे कॉलेज स्टेशन से रूबी हॉल क्लिनिक स्टेशन तक हैं। परियोजना की आधारशिला भी 2016 में प्रधानमंत्री ने रखी थी। नए खंड पुणे शहर के महत्वपूर्ण स्थानों जैसे शिवाजी नगर, सिविल कोर्ट, पुणे नगर निगम कार्यालय, पुणे आरटीओ और पुणे रेलवे स्टेशन को जोड़ेंगे। प्रधानमंत्री पिंपरी चिंचवड़ नगर निगम (पीसीएमसी) के तहत अपशिष्ट से ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन करेंगे। लगभग 300 करोड़ रुपये की लागत से विकसित, यह बिजली उत्पादन के लिए सालाना लगभग 2.5 लाख मीट्रिक टन कचरे का उपयोग करेगा।

प्रधानमंत्री पीसीएमसी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित 1280 से अधिक घरों को सौंपेंगे। वह पुणे नगर निगम द्वारा निर्मित 2650 से अधिक पीएमएवाई घरों को भी सौंपेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री पीसीएमसी द्वारा निर्मित किए जाने वाले लगभग 1190 पीएमएवाई घरों और पुणे महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित 6400 से अधिक घरों की आधारशिला भी रखेंगे।

उल्लेखनीय है कि लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार लोकमान्य तिलक की विरासत का सम्मान करने के लिए 1983 में तिलक स्मारक मंदिर ट्रस्ट ने गठित किया था। यह पुरस्कार उन लोगों को दिया जाता है जिन्होंने राष्ट्र की प्रगति और विकास के लिए काम किया है और जिनके योगदान को उल्लेखनीय और असाधारण के रूप में देखा जा सकता है। यह हर साल एक अगस्त- लोकमान्य तिलक की पुण्यतिथि पर प्रस्तुत किया जाता है। प्रधानमंत्री इस पुरस्कार के 41वें प्राप्तकर्ता बनेंगे। इसे पहले डॉ. शंकर दयाल शर्मा, प्रणब मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी, इंदिरा गांधी, डॉ. मनमोहन सिंह, एन.आर. नारायण मूर्ति, डॉ. ई. श्रीधरन जैसे दिग्गजों को प्रदान किया जा चुका है।

## कांग्रेस ने धारा 370 को बच्चे की तरह पाला व रामलला को टेंट में रखा : शाह

**एजेंसी। इंदौर**



मध्यप्रदेश के इंदौर में मालवा इलाके के बूथ सम्मेलन के जरिए कार्यकर्ताओं को चुनावी जीत का मंत्र देने आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और कहा कि कश्मीर में धारा 370 को कांग्रेस ने बच्चे की तरह पाला और अयोध्या में रामलला को टेंट में रखा। इंदौर प्रवास पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जानापाव में भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और परशुराम मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद वे कनकेश्वरी गरबा मैदान पहुंचे, जहां उन्होंने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अमित शाह ने इस मौके पर अहिल्याबाई को याद करते हुए कहा कि उन्होंने गुलामी के अवशेषों को मिटाने की पहल की थी जिसे हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढा रहे हैं। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने धारा 370 को बच्चे की तरह पाल रखा था, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 को खत्म कर कश्मीर को भारत के साथ जोड़ दिया। कांग्रेस और यूपीए के सभी दलों ने धारा 370 को हटाए जाने का विरोध किया था। अयोध्या में निमार्णाधीन राम मंदिर का जिक्र करते हुए अमित शाह ने कहा कि अयोध्या में रामलला टेंट में विराजमान थे। कांग्रेस मंदिर के काम को अटका रही थी। कोर्ट के फैसले के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने राम मंदिर का भूमि पूजन किया। अहिल्याबाई होल्कर के बाद धार्मिक स्थल के कायाकल्प करने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। शाह ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ को करप्शन नाथ और दिग्विजय सिंह को बंटाधार कहकर तंज कसा। उन्होंने कहा कि कमल नाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने डेढ़ माह के अंदर बंटाधार के शासन की याद दिला दी थी। कमल नाथ ने किसान सम्मान निधि योजना में किसानों के नाम तक केंद्र सरकार को नहीं भेजे थे, इतना ही नहीं गरीब कल्याण की 51 योजनाओं को भी कांग्रेस की सरकार ने बंद कर दिया था। भाजपा की फिर सरकार बनी तो योजनाओं को शुरू किया गया।

### बंगाल के मुर्शिदाबाद में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता की पीट-पीट कर हत्या

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के घोरमारा में रविवार सुबह सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की एक महिला कार्यकर्ता खातून बेवा (64) की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतका के छोटे भाई बिलाल मंडल ने कहा कि वह कट्टर कांग्रेस समर्थक होने के अलावा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और अनुभवी पार्टी के लोकसभा सदस्य अधीर रंजन चौधरी की फॉलोअर भी थीं। मंडल ने कहा, सत्तारूढ़ दल का समर्थन प्राप्त कुछ उपद्रवियों ने उनके घर के सामने गालियां देना शुरू कर दिया। जैसे ही मेरी बड़ी बहन ने विरोध किया, उसे पीट-पीटकर मार डाला गया।

## योजनाबद्ध व्यवधानों से सदन की गरिमा हो रही कम : लोस अध्यक्ष

**एजेंसी। गुवाहाटी**



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुवाहाटी में असम राज्य विधानसभा के नए भवन का रविवार को उद्घाटन किया। इस अवसर पर लोकतंत्र को मजबूत करने में जनप्रतिनिधियों की भूमिका के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि जनप्रतिनिधि लोगों की आस्था और विश्वास के संरक्षक होते हैं। उन्होंने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि संवाद और चर्चा के स्थान पर सदन की कार्यवाही में बाधा डालकर, नारेबाजी करके और सदन में तख्तियां दिखाकर असहमति व्यक्त की जा रही है। इस बात पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि योजनाबद्ध व्यवधानों से सदन की गरिमा कम हो रही है। बिरला ने विधायकों से आग्रह किया कि वे विधानमंडलों को केवल भवन के रूप में न देखकर इसे संवाद और चर्चा का पवित्र स्थान मानें जहां लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाता है और लोकतंत्र की भावना को मजबूत किया जाता है। उन्होंने सुझाव दिया कि सभी सदस्यों को, राजनीतिक संबद्धता से ऊपर उठकर, विधायी निकायों की गरिमा और मयार्दा को बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए।

इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, विधानसभा अध्यक्ष बिस्वजीत दैमारी; केंद्रीय आयुष मंत्री सबार्नंद सोनोवाल; केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्यमंत्री रामेश्वर तेली, असम विधानसभा के उपाध्यक्ष नुमल मोमिन; सांसद, विधायक और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

यह याद दिलाते हुए कि विधानमंडलों में होने वाली चचाओं का आम जनता पर गहरा प्रभाव पड़ता है, उन्होंने विधि निमार्ताओं से लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विधायी मंचों का सदुपयोग करने की अपील की। बिरला ने इस बात पर भी जोर दिया कि जनप्रतिनिधियों को रचनात्मक बहस के लिए इन मंचों का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सदन में गरिमा बनाए रखना सत्ता पक्ष और विपक्ष सभी दलों के सदस्यों की जिम्मेदारी है।

बिरला ने कहा कि यह भवन जन आकांक्षाओं और जनकल्याण का प्रतीक है। उन्होंने इस बात की सराहना की कि नए भवन में उत्तर पूर्व भारत की विविधता को समाहित किया गया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि असम विधानसभा के नए भवन में विकास के संकल्प को पूरा करने के लिए कार्य किया जाएगा जिसके परिणामस्वरूप आत्मनिर्भर असम का विकास होगा। बिरला ने यह भी कहा कि नया भवन नए संकल्प, आत्मविश्वास, जोश और उत्साह के साथ आगे बढ़ने के नए असम के लक्ष्य का साक्षी होगा और यह नया भवन इस नई यात्रा का सशक्त साधन बनेगा।

## 51 सौ जरूरतमंदों के आवास की आस पूरी करेंगे योगी

**एजेंसी। गोरखपुर**



अमूमन हर दौरे पर विकास व जनकल्याणकारी कार्यों की सौगात देने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को गोरखपुर में 51 सौ जरूरतमंदों के आवास की आस पूरी करेंगे। सोमवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे से वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज परिसर में आयोजित लाभार्थी सम्मेलन में वह प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थियों के बैंक खातों में 51.52 करोड़ रुपये की धनराशि ट्रांसफर करेंगे। लाभार्थी सम्मेलन में मुख्यमंत्री 250 लाभार्थियों को 50 हजार रुपये की दर से प्रथम किस्त, 2602 लाभार्थियों को 01.50 लाख रुपये की दर से दूसरी किस्त तथा 2248 लाभार्थियों को 50 हजार रुपये की दर से तीसरी किस्त की धनराशि सिंगल क्लिक से लाभार्थियों के बैंक खातों में अंतरित करेंगे। पीएम आवास योजना के तहत गोरखपुर में 43 हजार 600 आवास स्वीकृत हैं। इसमें से 35 हजार 500 आवास पूर्ण हो चुके हैं। इसमें 08 हजार 400 आवास चार माह पूर्व ही स्वीकृत हुए हैं।

## उभरती प्रौद्योगिकियां शक्ति के महत्वपूर्ण आयाम के रूप में उभरेंगी : जयशंकर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियां (सीईटी) शक्ति के महत्वपूर्ण आयाम के रूप में उभरने जा रही हैं। सेमीकॉनइंडिया सम्मेलन को वीडियो के जरिए संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा, ₹यह आश्चर्य की बात नहीं है कि सीईटी अब शक्ति के महत्वपूर्ण आयाम में से एक के रूप में उभर रही है। कौन आविष्कार करता है, कौन निर्माण करता है, बाजार हिस्सेदारी क्या है, संसाधन कहां हैं, कौशल किसके पास है, प्रतिभा कहां है - ये सब महत्वपूर्ण सवाल हैं। उन्होंने कहाः चिप निर्माण के लिए लड़ाई का वर्णन बढ़ा-चढ़ाकर किया जाता है, लेकिन इसमें सच्चाई है। काफी हद तक, सीईटी क्षेत्र में चिंताएं इस बात से प्रभावित होती हैं कि कैसे अन्य क्षेत्रों में बाजार हिस्सेदारी और उत्पादन प्रभुत्व का लाभ उठाया गया। विदेश मंत्री ने कहा कि प्रौद्योगिकी का व्यापार सिर्फ व्यापार नहीं है, यह राजनीति विज्ञान की तरह ही है। जयशंकर ने कहा, सच्चाई यह है कि हम आर्थिक ताकत की प्रतिक्रिया के रूप में निर्यात नियंत्रण को फिर से उभरते देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस विषय पर व्यापक स्तर पर वैश्विक बातचीत भी हुई है। जयशंकर ने कहा, उनमें से उल्लेखनीय सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन और इनोवेशन पार्टनरशिप पर समझौता ज्ञापन है जो मार्च 2023 में अमेरिकी वाणिज्य सचिव जीना रायमोंडो की भारत यात्रा के दौरान भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच संपन्न हुआ था।

### ‘मन की बात' में पीएम मोदी ने कहा-

## चार हजार महिलाओं ने बिना ‘मेहरम’ किया हज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चार राज्यों में कुछ महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुस्लिम आबादी तक पहुंचने की कोशिश में रविवार को कहा कि उनकी सरकार द्वारा किए गए एक बड़े बदलाव के बाद हाल ही में समुदाय की 4,000 महिलाओं ने अपने पुरुष साथियों या 'मेहरम' के बिना हज यात्रा की। पीएम मोदी ने आगे बताया कि पिछले कुछ वर्षों में हज नीति में जो बदलाव किए गए हैं, उनकी काफी सराहना हो रही है। अपने मासिक रेडियो प्रसारण 'मन की बात' में मोदी ने कहा, "मुझे इस बार बड़ी संख्या में पत्र मिले हैं... ये पत्र उन मुस्लिम महिलाओं ने लिखे हैं जो हाल ही में हज यात्रा से आई हैं। उनकी यह यात्रा कई मायनों में बेहद खास है। ये वो महिलाएं हैं, जिन्होंने बिना किसी पुरुष साथी या मेहरम के हज किया है। यह संख्या 50 या 100 नहीं बल्कि चार हजार से ज्यादा है- यह बहुत बड़ा बदलाव है।" उन्होंने कहा कि इससे पहले मुस्लिम महिलाओं को मेहरम के बिना हज करने की अनुमति नहीं थी। दिसंबर 2023 में राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव होने हैं।




## ‘बिग बॉस ओटीटी 2’ में आशिका भाटिया हुईं शो से बाहर!



**कंट्रोवर्शियल** रियलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी 2' में वाइल्डकार्ड के रूप में एंट्री पाने वाली आशिका भाटिया को लेटेस्ट 'वीकेंड का वार' एपिसोड में बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। आशिका ने दो हफ्ते पहले एल्विश यादव के साथ शो में वाइल्डकार्ड के तौर पर एंट्री की थी। उन्हें घर से बेघर होने के लिए मनीषा रानी के साथ नोमेनेट किया गया था। बिगबॉस तक ने ट्वीट किया, ब्रेकिंग! आशिका भाटिया को बिग बॉस ओटीटी हाउस से बाहर कर दिया गया है। घर में रहने के दौरान, आशिका ने खुलकर बात करने में समय लिया। हालांकि, वह एल्विश, मनीषा और अभिषेक के करीब रही। पिछले हफ्ते के कैप्टेंसी टास्क के दौरान, आशिका को अविनाश सचदेवा पर अपना आपा खोते हुए देखा गया और उन्होंने यह सुनिश्चित कर लिया कि अविनाश यह टास्क न जीतें।

### सोनू निगम ने भूषण कुमार संग मनाया जन्मदिन



**ऐसा** लगता है कि सोनू निगम ने लगभग तीन साल बाद टी-सीरीज के प्रमुख भूषण कुमार के साथ अपने सभी विवादों को खत्म कर दिया है। दरअसल, दोनों को सिंगर के 50वें बर्थडे सेलिब्रेशन में गले मिलते देखा गया। पार्टी में भूषण कुमार के साथ मीका सिंह, जैकी श्रॉफ, सुदेश भोसले और राहुल वैद्य जैसे जाने-माने लोग नजर आए। सेलिब्रिटी पैपराजी विरल भयानी द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में सोनू और भूषण कुमार एक-दूसरे को गले लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में दोनों को हल्की-फुल्की बातचीत करते हुए भी दिखाया गया है। एक वीडियो में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे पार्टी में मेहमान के तौर पर नजर आ रहे हैं।

### रणनीति

### एलसीए तेजस का नया ठिकाना बना अवंतीपोरा फॉरवर्ड एयरबेस

# हैमर जैसी मिसाइल से होंगे लैस

**घाटियों में उड़ान भरने लेने के लिए एलसीए बेड़े को अग्रिम मोर्चों पर ले जाया गया**

**कारगिल युद्ध के दौरान लॉन्चिंग बेस में से एक था वायुसेना का यह अग्रिम एयरबेस**




**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान के साथ सीमा पर घाटियों में उड़ान का अनुभव लेने के लिए स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस को जम्मू और कश्मीर में स्थानांतरित कर दिया है। केंद्रशासित प्रदेश में उड़ान और अन्य अभियानों में अनुभव प्राप्त करने के लिए एलसीए बेड़े को अग्रिम मोर्चों पर ले जाया गया है, जहां बेड़े के पायलट व्यापक उड़ान भर रहे हैं। इन विमानों के लिए फिलहाल अवंतीपोरा फॉरवर्ड एयरबेस पर ठिकाना बनाया गया है। भारतीय वायुसेना के केंद्रशासित प्रदेश में कई अड्डे हैं, जो चीन और पाकिस्तान सहित दोनों मोर्चों पर संचालन के लिए महत्वपूर्ण हैं। वायुसेना अनूठे इलाके में उड़ान भरने का अनुभव लेने के लिए जम्मू-कश्मीर और लद्दाख सहित उत्तरी क्षेत्र में अपने लड़ाकू विमानों को ले जाती रहती है। वायुसेना अधिक से अधिक क्षमताओं को जोड़कर स्वदेशी एलसीए तेजस लड़ाकू विमान का पुरजोर समर्थन कर रही है। वायुसेना ने एलसीए तेजस की दो स्क्वाड्रन का संचालन शुरू कर दिया है, जबकि 83 मार्क-1ए के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिनकी डिलीवरी अब से कुछ साल बाद होने वाली है। वायु सेना ने तेजस के लिए तमिलनाडु में 45 स्क्वाड्रन 'फ्लाइंग डैगर्स' और 18 स्क्वाड्रन 'फ्लाइंग बुलेट्स' सुलूर एयर बेस पर बनाई हैं, जो तेजस लड़ाकू विमान के प्रारंभिक परिचालन मंजूरी (आईओसी) और अंतिम परिचालन मंजूरी (एफओसी) वेरिएंट से सुसज्जित हैं। अब वायु सेना की नजर एलसीए मार्क-2 और पांचवीं पीढ़ी के उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) पर भी है। स्वदेशी एलसीए तेजस को पहले से ही पाकिस्तानी और चीनी संयुक्त उद्यम जेएफ-17 फाइटर जेट की तुलना में कहीं अधिक सक्षम माना जाता है। हैमर जैसी मिसाइल से लैस होकर तेजस उनसे कहीं अधिक उच्च श्रेणी में होगा। कश्मीर की वादियों में एलसीए तेजस के उड़ान भरने की पुष्टि तब हुई, जब भारतीय वायुसेना की पश्चिमी वायु कमान ने एओसी-इन-सी एयर मार्शल पीएम सिन्हा के अवंतीपोरा फॉरवर्ड एयरबेस के दौरे के बारे में एक ट्वीट साझा किया, जहां उन्हें तेजस एमके-1 लड़ाकू विमान की जांच करते देखा गया।

## ‘रॉकी और रानी की प्रेम कहानी’ ने दूसरे दिन की जबरदस्त कमाई



**बहुप्रतीक्षित** बॉलीवुड फिल्म ‘रॉकी और रानी की प्रेम कहानी’ ने रिलीज होने के दूसरे दिन 29 जुलाई को जबरदस्त कमाई की है। शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म ने दूसरे दिन करीब 16 करोड़ का कलेक्शन किया है। निर्देशक करण जौहर की कमबैक फिल्म ह्यरॉकी और रानी की प्रेम कहानीह्न में रणवीर सिंह, आलिया भट्ट, धर्मेंद्र, जया बच्चन, शबाना आजमी हैं। यह फिल्म पिछले कुछ दिनों से चर्चा में थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म ने पहले दिन 11.50 करोड़ का कलेक्शन किया। हालांकि, यह संख्या उम्मीद से कम थी, फिर भी फि ल्म ने अच्छी शुरूआत की। अब इसके दूसरे दिन की कमाई के आंकड़े सामने आए हैं, जो संतोषजनक हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक ‘रॉकी और रानी की प्रेम कहानी’ ने दूसरे दिन करीब 16 करोड़ का कलेक्शन किया है। इतना ही नहीं, फिल्म ने दो दिन में 25 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। फिल्म ने अब तक कुल 27.10 करोड़ की कमाई कर ली है। इस फिल्म का बजट 160 करोड़ बताया जा रहा है। इस फिल्म के जरिए करण जौहर सात साल बाद निर्देशन में लौट आए हैं। ‘गली बॉय’ के बाद आलिया और रणवीर एक बार फिर फैमिली ड्रामा ‘रॉकी और रानी की प्रेम कहानी’ में मुख्य भूमिका में हैं।

## झारखण्ड के लगभग 24 लाख किसान सरकारी मदद की आस में

# पिछली राशि का भुगतान अबतक बाकी : बंधु तिर्की



### 10 लाख 259 किसानों ने फसल तो लगाई पर उनकी एक तिहाई फसल क्षतिग्रस्त हो गयी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व मंत्री और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखण्ड के 24 लाख से अधिक किसानों को पिछले वर्ष घोषित सूखा राहत की राशि अबतक नहीं मिली है और यह गंभीर चिन्ता की बात है। जबकि इस वर्ष फिर से कम वर्षा के कारण झारखण्ड का अधिकांश हिस्सा सूखे की चपेट में है और अपने भविष्य के प्रति किसान बहुत अधिक व्याकुल एवं आशंकित हैं। श्री तिर्की ने कहा कि राज्य के कुल 33 लाख 62 हजार 823 से पिछले वर्ष सरकार की घोषणा के बाद राहत के लिये आवेदन किया था जिनमें से लगभग 10 लाख किसानों को ही राज्य सरकार ने साढ़े तीन हजार रुपए की सहायता राशि दी है और बाकी किसान मदद की आस लगाये बैठे हैं। श्री तिर्की ने कहा कि राज्य सरकार के आँकड़ों के अनुसार आवेदन करनेवाले किसानों में 17 लाख 49 हजार 806 वैसे हैं जिन्होंने कम बारिश के कारण बुवाई ही नहीं की जबकि 10 लाख 259 किसानों ने फसल तो लगाई पर उनकी एक तिहाई फसल क्षतिग्रस्त हो गयी। जबकि 6 लाख 12 हजार 758 वैसे भूमिहीन कृषक मजदूर हैं जो इस आपदा से प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में पिछले वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी बहुत कम वर्षा हुई है और सूखे के कारण फसलों की व्यापक क्षति अनुमान है इसलिये सरकार को अविलम्ब किसानों की पुरानी बकाया राहत राशि का भुगतान कर इस साल किसानों को राहत पहुँचाने की योजना को अंतिम रूप देना चाहिये और इसके लिये युद्ध स्तर पर तैयारी करनी चाहिये। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख से इस समस्या के गंभीरता एवं संवेदनशीलता से समाधान की अपील करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि राज्य सरकार का यह दावा अपनी जगह पर सही हो सकता है कि उसे केन्द्र सरकार की ओर से अभी तक सूखा राहत के नाम पर कोई सहायता राशि नहीं मिली है जबकि केन्द्रीय टीम ने प्रभावित जिलों का दौरा भी किया था और झारखण्ड सरकार को 9500 करोड़ रुपए के केन्द्रीय मदद की आस है। लेकिन श्री तिर्की ने कहा कि यदि केन्द्र से अभी तक सूखा राहत के नाम पर कोई सहायता राशि नहीं मिली है तो किसानों को विकट स्थिति से निकालने का कोई रास्ता राज्य सरकार को ही निकालना चाहिये क्योंकि यह उसकी नैतिक जिम्मेदारी है। श्री तिर्की ने कहा कि पिछले साल झारखण्ड सरकार ने राज्य के पूर्वी सिंहभूम और सिमडेगा को छोड़कर प्रदेश के 22 जिलों के 226 प्रखंडों को सूखा प्रभावित घोषित किया गया था। इनमें से 7 जिलों में आंशिक सुखाड़ का असर देखा गया जिनमें रांची, बोकारो, रामगढ़, लोहरदगा, गुमला, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिले शामिल है। जबकि, खूंटी, पलामू, गढ़वा, लातेहार, हजारीबाग, धनबाद, कोडरमा, गिरिडीह, जामताड़ा, देवघर, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज जिले में सूखे का सर्वाधिक असर देखा गया।

### भाजपा युवा मोर्चा महानगर ने लगाया नेत्र जांच शिविर

**रांची।** भाजपा युवा मोर्चा महानगर ने रविवार को अपर बाजार मंडल के अध्यक्ष रौनक राजपूत और केयर नेत्र एनजीओ के सहयोग से गाड़ीखाना सामुदायिक भवन में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इसमें 223 मरीजों की निःशुल्क जांच और चश्मे का वितरण किया गया। मौके पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा कि युवा मोर्चा रांची महानगर के कार्यकर्ता लगातार सराहनीय काम करते आ रहे है। इन्होंने कोरोना काल में 50 हजार लोगों को वैक्सीनेशन कैंप के माध्यम से कोरोना वैक्सीन दिलवाने का काम किया। युवा शक्ति जिस तरीके से समाज की सेवा के लिए आगे आकर सेवा कर रहे हैं। ये सराहनीय है। रघुवर ने कहा कि रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में देश के युवाओं और समाज को नशे से बचने की सलाह दी है। झारखंड के युवा साथियों से आह्वान करता हूं की नशे के खिलाफ जन जागरुकता अभियान चला कर युवाओं को नशा छुड़ाएं।

## अग्रवाल सभा का वार्षिक आम सभा हुआ संपन्न

# 23 नवंबर को सामूहिक विवाह के आयोजन लिया गया निर्णय




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अग्रवाल सभा रांची की वार्षिक आम सभा महाराजा अग्रसेन भवन के सभागार में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस आम सभा में अग्रवाल सभा की नई कमेटी द्वारा 1 वर्षों में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई एवं भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय किया गया। बैठक में अग्रवाल सभा के मंत्री मनोज चौधरी ने वर्ष 2022- 23 की प्रतिवेदन प्रस्तुत कर सभा की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि अग्रवाल सभा ने एक वर्ष मे 50 से भी अधिक सामाजिक, जनसेवा एवं जन कल्याणकारी कार्य किए हैं। तथा विभिन्न सभी कार्यक्रमों के आयोजनों में एकजुटता के साथ समाज गठबंधन को मजबूत करने में अपना योगदान एवं पूर्ण सहयोग देने पर सबो के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अग्रसेन भवन व्यवस्था कार्य को सुचारू रूप से निरंतर कर और अधिक सुविधायुक्त बनाया जा रहा है। भवन में 40 केवी का सोलर पावर प्लांट लग रहा है जिससे बिजली का उत्पादन में भवन आत्मनिर्भर हो जाएगा। भवन में एक लगभग 1000 स्क्वायर फुट का मल्टीप्लस हॉल बनाया जा रहा है। तथा एक हॉल को पूर्ण वातानुकूलित किया जाएगा। वार्षिक आम- सभा मे वर्ष 2022-23 के आय-व्यय का अंकेक्षित ब्यौरा पेश किया गया। तथा सर्वसम्मति से जे.एन. अग्रवाल एंड कंपनी को अंकेक्षक नियुक्त किया गया।आम सभा में सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने बताया कि अग्रवाल सभा द्वारा 24 सितंबर को संपूर्ण मारवाड़ी समाज का वैवाहिक परिचय सम्मेलन तथा 23 नवंबर को सामूहिक विवाह काआयोजन किया गया है। जिसकी तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है।

## रांची में इंडिया की बैठक में बनी रणनीति

# एक अगस्त को समाहरणालय से राजभवन तक होगा प्रदर्शन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में इंडिया के सभी घटक दलों ने निर्णय लिया है कि मणिपुर की घटना और वहां की स्थिति को लेकर केंद्र सरकार का जो रवैया है और जिस तरह से केंद्र ने चुप्पी साध रखी है, उसे किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इंडिया के सभी घटक दल इसका पुरजोर विरोध करेंगे। यह विरोध केवल राजधानी में नहीं, बल्कि पूरे राज्य के जिला मुख्यालय में होगा। एक अगस्त को इंडिया के सभी घटक दल राज्य के सभी जिले के समाहरणालय से लेकर राजभवन तक विरोध दर्ज करेंगे। धरना देंगे और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। यह निर्णय रविवार को कांग्रेस भवन में इंडिया के सभी घटक दलों की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने की। बैठक में कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम मुख्य रूप से उपस्थित थे।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि मणिपुर तीन मई से जातीय हिंसा की आग में जल रहा है। इसके बावजूद केंद्र सरकार मूकदर्शक बनी है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाया, तो संसद भवन में उनके माईक को बंद कर दिया गया। केंद्र सरकार लोकतंत्र का मखौल उड़ा रही है। उन्होंने कहा कि इंडिया के घटक दल के सांसद चाहते हैं कि सदन में नियम 267 के द्वारा चर्चा हो। इसमें मणिपुर की सच्चाई निकलकर सामने आये लेकिन सत्ता पक्ष सरकार यह चाहती है कि चर्चा मात्र औपचारिकता के लिए हो। कांग्रेस एवं विपक्षी दलों को विशेष चर्चा से कम मंजूर नहीं है। कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि जिस तरह से मणिपुर जल रहा था और वहां की सरकार मूक दर्शक बनकर देख रही थी, यह किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। वहां के दो समुदाय के लोगों को आपस में लड़ाने का काम भाजपा ने किया है। भाजपा की नीति एवं सिद्धांत को पूरा देश जान चुका है। कुछ दिन पहले वायरल वीडियो ने दुनिया के सामने देश को शर्मसार कर दिया। देश की जनता भाजपा सरकार को कभी माफ नहीं करेगी।

# शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के नाम पर राज्य के युवाओं को वरगला रही है सरकार : किसलय




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष किसलय तिवारी ने हेमंत सरकार पर शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में राज्य के युवाओं को ठगने का आरोप लगाया है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को मोर्चा अध्यक्ष किसलय तिवारी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सत्तारूढ़ झामुमो और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनावी घोषणा पत्र में हर साल पांच लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था। ऐसा नहीं होने पर बेरोजगारी भत्ता देने और इसमें फेल रहने पर राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की थी। अभी राज्य में शिक्षकों के 26001 पदों के लिए युवाओं से आवेदन मांगे जा रहे। पर ठोस स्थानीय और नियोजन नीति के अभाव में युवा ठगी के शिकार हो रहे हैं। अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड में नौकरी के बदले युवाओं को मुख्यमंत्री से कोरा आश्वासन और लाठियां मिल रही हैं। पौने चार सालों में चार तरह की गाड़ियां मुख्यमंत्री के लिए खरीद ली गयीं पर नौकरी नहीं आयी। मंत्रियों के लिए आवास के लिए पैसे आये पर नौकरी नहीं आ?ी। नौकरी देने का मूल आधार स्थानीय नीति और नियुक्ति नियमावली है। यह सरकार इसे अब तक बना नहीं सकी है। एक नियोजन नीति ऐसी बनाई कि कोर्ट में खारिज हो गयी। किसलय तिवारी ने कहा कि राज्य सरकार जानबूझकर लोक लुभावन नीति लाती रही है। शिक्षक नियुक्ति के नाम पर सीएम ने धोखा देने का काम फिर शुरू किया है। 26001 युवाओं को शिक्षक की नौकरी के लिए विज्ञापन जारी हुआ है। राज्य में 2016 के बाद से सीटेट की परीक्षा नहीं हुई है। 2016 से 2023 के बीच पौने तीन लाख स्टूडेंट्स ने मेहनत के बूते बीएड और दूसरी परीक्षा पास की। यह सोचा था कि शिक्षक की नौकरी मिलेगी। लेकिन अभी स्थिति ऐसी है कि लाखों युवाओं का भविष्य अंधकारमय दिख रहा है।

# मुहर्रम पर्व सफलता पूर्वक सम्पन्न होने पर शिया समुदायों ने प्रशासन का आभार जताया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन व झारखंड राज्य हज समिति के सदस्य व मस्जिद जाफरिया रांची के इमाम खतीब हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल हसन रिजवी, अंजुमन ए जाफरिया व समस्त शिया समुदाय ने मुहर्रम वर्ष 2023 के सफलता पूर्वक सम्पन्न होने पर रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी किशोर कौशल, लोअर बाजार थाना प्रभारी, हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी, डेली मार्केट थाना प्रभारी का आभार व्यक्त करते हुए उनका शुक्रिया अदा किया। मौलाना तहजीब ने कहा कि हम सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के अकील उर रहमान, मो इस्लाम, मो आफताब, मो सईद और समस्त सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के पदाधिकारीगण, मरहबा ह्यूमन सोसाइटी के डॉक्टर असलम परवेज, नेहाल अहमद उनकी टीम, अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी मुख्तार, डॉक्टर तारिक उनकी टीम, कर्बला चौक दुकानदार समिति के अध्यक्ष हाजी माशूक उनकी टीम, अंसारी पंचायत, जमीयतुल इराकीन सैफुल हक उनकी टीम, श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष जय सिंह यादव, सागर कुमार, उनकी टीम समेत समस्त रांची वालों का आभार और शुक्रिया अदा करते हैं। साथ ही पुलिस पदाधिकारीगण, बिजली विभाग, पानी विभाग, नगर निगम, सहित समस्त विभाग के पदाधिकारीगण, विशेष रूप से प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, वेब मीडिया और हमारे जुलूस में शामिल तमाम लोगों के साथ साथ विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के लोगों का भी आभार व्यक्त किया।

### प्रधानमंत्री की बैठक में शामिल होंगे रघुवर दास

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 31 जुलाई को लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड, बंगाल, ओडिशा के लोकसभा-राज्यसभा के सभी सांसद और संगठन प्रभारियों की बैठक बुलायी है। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास भी शामिल होंगे। रघुवर दास रविवार को रांची से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। 31 जुलाई की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनावी रणनीति साझा करेंगे, जिस पर दिये गये टास्क पर सभी सांसद व पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में जाकर काम करेंगे। लोकसभा चुनाव के पहले प्रधानमंत्री सभी प्रदेशों के सांसद-पदाधिकारियों से अलग-अलग दिन दिल्ली में बैठकें आयोजित कर रहे हैं।

# श्रीमद्भागवतगीता में दर्शन, धर्म और नीति का समन्वय : नमिता सिंह



**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. नमिता सिंह ने कहा कि श्रीमद्भागवतगीता संस्कृत वाङ्मय का एक अत्यन्त लोकप्रिय दार्शनिक ग्रन्थ है, जिसमें दर्शन, धर्म और नीति का समन्वय है। इसके सन्देश का क्षेत्र सार्वभौमिक है एवं मानवमात्र के लिए कल्याणकारी है। डॉ. सिंह ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चुनार, मीरजापुर एवं चातुर्वेद संस्कृत प्रचार संस्थान, काशी के संयुक्त तत्वावधान में ऑनलाइन समायोजित एकादशी श्रीमद्भागवद्गीता राष्ट्रीय व्याख्यान गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि मानव-जीवन की समस्त समस्याओं का निदान गीता में मिलता है। गीता हमें उच्च आकांक्षा एवं आशा के अनुरूप जीने के लिए अन्तः प्रेरणा देती है। गीता को उद्धृत करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि दैवी-सम्पत्ति मुक्ति के लिये और आसुरी-सम्पत्ति बन्धन के लिये है। अतः हमें दैवी गुणों का अनुसरण करना चाहिए। मनुष्य को काम, क्रोध और लोभ का त्याग कर देना चाहिए। क्योंकि, ये आत्मनाश के द्वार हैं। मानवमात्र को समत्वभाव से कार्य करते हुए कर्तव्यपथ पर आगे बढ़ना चाहिए। शारदापीठ महाविद्यालय, द्वारका,गुजरात के सेवानिवृत्त संस्कृत विभागाध्यक्ष एवं संगोष्ठी के मुख्य वक्ता आचार्य सच्चिदानन्द द्विवेदी ने कहा कि श्रीमद्भागवद्गीता धमार्नुकूल आचरण पर बल देती है। धर्माचरण करते हुए ही हमें जीवन संग्राम का सामना करना चाहिए। भारतभूमि और भारतीयता की रक्षा करने के लिए हमें गीता के सिद्धान्तों का अनुसरण करना चाहिए। संगोष्ठी के विशिष्ट वक्ता राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, रांची के संस्कृत विभागाध्यक्ष डा. शैलेश कुमार मिश्र ने कहा कि श्रीमद्भागवद्गीता भारतीय परंपरा में विद्यमान शास्त्रों की विशाल ज्ञान राशि का निचोड़ है। भगवद्भागीता इन्द्रियों के वशीभूत होकर अनैतिक आचरण में डूबे लोगों का मार्गनिर्देशन कर सकती है। जीवन में दुःख से मुक्ति के लिए मनोनिग्रह आवश्यक है। उन्होंने मनोनिग्रह के लिए गीता में बतलाए गए दो उपायों अभ्यास और वैराग्य की चर्चा की। अतिथियों का स्वागत करते हुए डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के अध्यक्ष एवं संगोष्ठी के समन्वयक डा. धनंजय वासुदेव द्विवेदी ने कहा कि गीता ज्ञान-विज्ञान के अनुपम विश्वकोष महाभारत का सर्वोत्कृष्ट अंश है। परब्रह्म भगवान श्रीकृष्ण के मुखारबिन्द से निःसृत यह गीता परमनिः श्रेयस साधिका है। गीता की लोकोत्तर रमणीयता, अनन्त विश्वसनीयता, सार्वभौम उपयोगिता, आध्यात्मिकता इसे महान बना देती है। गीता उपनिषदों के गूढ़ अध्यात्म ज्ञान का परमाह्लादमय नवनीत है। भीलवाड़ा, राजस्थान के मोहित शर्मा ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। ज्योत्स्ना शुक्ला एवं शमीक शुक्ला ने गीता-श्लोक पाठ प्रस्तुत किया। संगोष्ठी का संचालन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मऊ के सहायकाचार्य डॉ. चन्द्रकान्त दत्त शुक्ल ने किया। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मीरजापुर के सहायकाचार्य डॉ. प्रभात कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## गर्व राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में बीएयू के छात्रों को मिली बड़ी कामयाबी

# पहली बार 25 छात्र-छात्राओं ने सफलता का लहराया परचम




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी), नई दिल्ली द्वारा आयोजित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर) राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट)-2023 में राज्य के बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के कुल 25 छात्र-छात्राएं सफल घोषित किये गये। इस परीक्षा में बीएयू अधीन पीजी एवं पीएचडी पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत एवं पूर्ववर्त्ती स्नातक छात्रों में कृषि संकाय से 15, वानिकी संकाय से 3, वेटनरी संकाय से 7 छात्र- छात्राएं सफल हुए हैं। इस वर्ष कृषि संकाय के दो छात्रों सिमरन सिम्ब्रुई एवं दीपक मिश्रा तथा वानिकी संकाय से डॉ. अभय कुमार ने राष्ट्रीय स्तर पर दोहरी सफलता हासिल की है। इन्होंने यूजीसी नेट परीक्षा 2023 को भी क्वालीफाई किया है। वहीं डॉ. अभय कुमार ने लगातार पांचवें वर्ष एएसआरबी-आईसीएआर नेट परीक्षा क्वालीफाई कर अपनी प्रतिभा दिखाई है।

सफल छात्रों में कृषि संकाय के मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग से पल्लवी भारती एवं वर्षा कुमारी, शस्य विज्ञान विभाग से पीयूष कुमार जयसवाल, चित्रोंपाला देहुरी एवं सिमरन सिम्ब्रुई, कीट विज्ञान विभाग से राहुल साहू एवं आकाश गौरव, आनुवंशिकी एवं पौधा प्रजनन विभाग से अर्जुन कुमार अग्रवाल, रौनक कुमार, सुरभि सिन्हा एवं दीपक कुमार मिश्रा, पौधा रोग विभाग से ज्योति कुमारी, कृषि मौसम एवं पर्यावरण विभाग से सत्य प्रज्ञान कार, उद्यान विभाग से नवीन कुमार रंजन के अलावा प्रिया पल्लवी शामिल है। वहीं वानिकी संकाय से कृषि वानिकी से डॉ. अभय कुमार, अंकित कुमार झा तथा पूर्व पीजी छात्रा अंशु कुमारी शामिल है। अंशु कुमारी वर्त्तमान में वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून में पीएचडी (कृषि वानिकी) कर रहीं है। इसीतरह वेटनरी संकाय से दो पूर्ववर्त्ती छात्रों में डॉ. पवन कुमार वर्मा (पशु उत्पादन एवं प्रबंधन) तथा डॉ सुजीत उमर (गर्भ विज्ञान) ने आईसीएआर नेट परीक्षा क्वालीफाई किया है। वहीं राज्य के एकमात्र मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय, गुमला के पहले सत्र (2017-21) के पांच स्नातकधारी पूर्ववर्त्ती छात्रों एवं देश के प्रतिष्ठित मात्स्यिकी महाविद्यालयों में पीजी पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं में विजय कुमार गुप्ता (मत्स्य संसाधन), किशुन सोरेन (मत्स्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी), सूरज कुमार (जलीय जीव एवं स्वास्थ्य प्रबंधन), रंजू कुमारी (मत्स्य पोषण एवं आहार प्रौद्योगिकी) तथा काजल कुमारी (मत्स्य फिजियोलॉंजी एवं बायोकेमिस्ट्री) को सफलता हासिल हुई है। इस महाविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रम मात्र की पढ़ाई होती है। विश्वविद्यालय छात्रों की इस अपार सफलता पर कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह ने खुशी जाहिर की। सफल छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं मंगलमय जीवन की शुभकामना दी है। बीएयू छात्रों की इस बड़ी सफलता पर डॉ. एमएस मल्लिक, डॉ. सुशील प्रसाद, डॉ. डीके शाही, डॉ. पीके सिंह, डॉ. एस कमाकर्ार, डॉ. एके सिंह, डॉ. बीके अग्रवाल सहित अनेकों शिक्षकों ने भी छात्र-छात्राओं को बधाई दी और शुभकामना व्यक्त की है।

### रांची की लोजपा कमेटी भंग

**रांची।** रांची के ड्यूक मेंशन लाइन टैंक रोड स्थित लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास ) कार्यालय में रविवार को अहम बैठक हुई। इसमें रांची जिला कमेटी को भंग कर दिया गया है। जिलाध्यक्ष दिनेश सोनी ने बताया कि जिले के कुछ पदाधिकारी निष्क्रिय हैं और कुछ पदाधिकारी पार्टी को तोड़ने में लगे हैं। इस वजह से उपस्थित पदाधिकारियों ने रांची जिला लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास ) कमेटी को भंग करने का निर्णय लिया है। इस बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अगर वाहनों में पार्टी पदाधिकारी का बोर्ड लगाकर कोई भी घूमते मिला, तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

## पृष्ठ एक के शेष

**पलामू में 55 पेटी अंग्रेजी...**

पुलिस उसे जब्त कर थाना लायी, इसकी जानकारी देते हुए छापेमारी दल में शामिल एसआई जिम्मी हंसदा ने बताया कि जब्त शराब में क्वीन डिस्टिलर्स बॉटल्स प्राइवेट लिमिटेड चंडीगढ़ अंकित है। इस मामले में फरार नीतीश तिवारी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस छापेमारी अभियान में मुख्य रूप से एसआई जिम्मी हंसदा, एएसआई, बीर बहादुर सिंह, हवलदार राजमोहन राम, आरक्षी मिथिलेश तिवारी, नंद किशोर, अनिल डे, चालक संजय मेहता आदि लोग शामिल थे।

**बच्चों के अधिकारों की रक्षा...**

बाल कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। मिशन वात्सल्य और किशोर न्याय अधिनियम में बदलाव के कारण बाल संरक्षण कार्यकताओं का सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के कारण पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन जैसी महत्वाकांक्षी योजना बन पाई। भारत का किशोर न्याय अधिनियम काफी वृहद है, हम सबों को मिलकर इसके लिए धरातल पर काम करनाा है। उन्होंने कहा कि आज 30 जुलाई है इसी दिन को हम मानव तस्करी के विरोध के दिन के रूप में मनाते हैं। बंगाल, बिहार, ओडिशा और झारखंड के कई जिले मानव तस्करी से ग्रस्त हैं। झारखंड के गुमला, पाकुड़, दुमका, खूंटी आदि जिले के काफी बच्चे हर रोज दिल्ली से रेस्क्यू किए जाते हैं। आज वक्त है कि जो प्लेसमेंट एजेंसियां बहला-फुसला कर मानव तस्करी करती हैं, उन पर नियंत्रण लगाया जाए। इस कार्यक्रम के दौरान वैसे माता-पिता भी शामिल हुए जिन्होंने हाल ही में हुए परिवर्तनों के कारण गोद लेने की प्रक्रियाओं में हुई आसानी के बारे में अपने अनुभव साझा किए। इस कार्यक्रम के माध्यम से सफल मिशन वात्सल्य पहलों का प्रचार-प्रसार किया गया। इस मौके पर झारखंड राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष काजल यादव भी उपस्थित रहीं।

# पीएम ने 'मन की बात' में शहडोल की फुटबॉल क्रांति का किया जिक्र

**एजेंसी। भोपाल।**
पीएम ने 'मन की बात' कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के शहडोल जिले की फुटबॉल क्रांति और मिनी ब्राजील के रूप में जाने गए ग्राम विचारपुर का उल्लेख किया। पीएम यहां एक जुलाई की यात्रा में फुटबॉल के युवा और बाल खिलाडियों से मिले थे। पूर्व नेशनल प्लेयर और कोच रईस अहमद ने इन बच्चों को फुटबॉल के लिए प्रोत्साहित किया था। आज 1200 से अधिक फुटबाल क्लब शहडोल और उसके आसपास के गांव में चल रहे हैं। इन क्लबों को




प्रशासन द्वारा फुटबॉल और खेल मैदान की सुविधा उपलब्ध करवाई गई हैं। पीएम ने बताया कि शहडोल जिले में विचारपुर ग्राम को मिनी ब्राजील माना जाता है। आज से दो-ढाई दशक पहले यहां नशाखोरी बढ़ने का नुकसान नौजवानों को हो रहा था। रईस अहमद ने युवाओं की प्रतिभा को पहचानते हुए सीमित संसाधनों से उन्हें फुटबॉल सिखाना शुरू किया था। थोड़े समय में फुटबॉल लोकप्रिय हो गया। अब यहां फुटबॉल क्रांति नाम से कार्यक्रम चल रहा है, जिसमें युवाओं को खेल प्रशिक्षण दिया जाता है। राष्ट्रीय और राज्य स्तर की 40 से ज्यादा प्रतिभाएं सामने आ चुकी हैं। पीएम ने कहा कि इस उपलब्धि से देशवासियों को अवगत कराना आवश्यक लगा, इसलिए 'मन की बात' में इसका उल्लेख किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी गत एक जुलाई की शहडोल यात्रा में फुटबॉल क्रांति कार्यक्रम के 100 होनहार फुटबॉल खिलाड़ियों और कोच से संवाद भी किया था।

उन्होंने खिलाड़ियों से आत्मीय बातचीत में उनके अनुभव सुने थे। पीएम ने चार वर्षीय अनिदेव और पांच वर्षीय यश से बातचीत कर उनके फुटबॉल प्रेम के बारे में जानकारी ली। प्रधानमंत्री मोदी ने शहडोल जिले के ग्राम पकरिया का भी उल्लेख किया जहां जनजातिय समाज के लोग प्रकृति और पानी के संरक्षण के लिए गंभीर हैं। इस क्षेत्र के लोगों ने स्थानीय प्रशासन के सहयोग से करीब 100 कुंओं को वॉटर रिचार्ज सिस्टम में बदल दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने उज्जैन में पुराणों पर आधारित चित्र कथाओं के निर्माण के कार्य का भी उल्लेख किया। पहाडी शैली, नाथद्वारा शैली, बूंदी शैली और अपभ्रंश शैली में चित्र बनाने वाले देशभर से आये 18 चित्रकार त्रिवेणी संग्रहालय में अपनी कृतियां प्रदर्शित करेंगे। उज्जैन में श्री महाकाल लोक के साथ एक नए दिव्य स्थान के दर्शन श्रद्धालु और पर्यटक कर सकेंगे।

## झारखंड के सुशांत मिश्रा का अनकैप्ड (इंडिया) प्लेयर-यूके कैंप के लिए चयन



**रांची।** मुम्बई इंडियंस के अनकैप्ड (इंडिया) प्लेयर-यूके कैम्प के लिए हरमू यूथ क्रिकेट क्लब, रांची के होनहार तेज गेंदबाज सुशांत मिश्रा का चयन किया गया है। सुशांत, रॉबिन मिंज के साथ रांची से एक अगस्त को मुम्बई के लिए जाएंगे। वहां से अपने टीम मेम्बर्स के साथ दो अगस्त को यूके के लिए प्रस्थान करेंगे। इससे पहले वो सनराइजर्स हैदराबाद से बेस प्राइस 20 लाख पर जुड़े हुए थे। वर्तमान में सुशांत रांची रेलवे में कार्यरत हैं। सुशांत के पापा समीर मिश्रा और मां ममता मिश्रा, जेएससीए प्रेसिडेंट संजय सहाय, सचिव देवाशीष चक्रवर्ती, आरडीसीए सचिव शैलेन्द्र कुमार, जेएससीएके आजीवन सदस्य और हरमू यूथ क्रिकेट क्लब के सचिव संजय पांडे, संरक्षक विनय सिंह ने बधाई दी है।

## NEWS इन ब्रीफ

### उरुग्वे के स्ट्राइकर एडिंसन कैवानी बोका जूनियर्स में शामिल हुए



**ब्यूनस आयर्स।** उरुग्वे के अनुभवी स्ट्राइकर एडिंसन कैवानी मुफ्त ट्रांसफर पर बोका जूनियर्स में शामिल हो गए हैं। अर्जेंटीना क्लब ने यह जानकारी दी है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, स्पेन के वालेंसिया के साथ उनका अनुबंध 12 महीने पहले समाप्त होने के बाद 36 वर्षीय खिलाड़ी दिसंबर 2024 तक चलने वाले सौदे पर सहमत हुए। बोका ने शनिवार रात सेंटर फॉरवर्ड की एक तस्वीर के साथ एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, हम आपको घर पाकर खुश हैं। पिछले अगस्त में मैनचेस्टर यूनाइटेड से हटने के बाद पिछले सीजन में वालेंसिया के लिए 28 मैचों में कैवानी ने केवल सात गोल किए थे। उनके करियर में पेरिस सेंट-जर्मेन, नेपोली, पलेर्मो और डेन्यूबियो भी शामिल हैं।

### विश्व तैराकी में चीन को मिले 2 रजत, 1 कांस्य पदक

**बीजिंग।** जापान के फुकुओका में आयोजित विश्व तैराकी चैंपियनशिप में चीनी टीम ने 29 जुलाई को चांग युफेई, ली बिंगचे और फंग शुवेई के उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ 2 रजत और 1 कांस्य पदक जीता। चीनी खिलाड़ी चांग युफेई ने महिलाओं की 50 मीटर बटरफ्लाई में 25.05 सेकंड के समय के साथ एशियाई रिकॉर्ड तोड़ दिया, लेकिन स्वीडिश स्टार सारा सजोस्ट्रॉम को हराने में असफल रहीं और रजत पदक जीता। महिलाओं की 800 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी के फाइनल में, चीनी खिलाड़ी ली बिंगचे ने 8 मिनट 13.31 सेंकंद के साथ एशियाई रिकॉर्ड तोड़ते हुए और एक रजत पदक जीता। महिलाओं की 200 मीटर बैकस्ट्रोक फाइनल में चीन की फंग शुवेई ने 2 मिनट 6.74 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता।

# हॉकी : भारतीय महिला टीम ने स्पेन को 3-0 से हराया

**एजेंसी। बार्सिलोना**
भारतीय महिला हॉकी टीम ने दबदबे भरा प्रदर्शन करे हुए रविवार को यहां स्पेनिश हॉकी महासंघ की सौवीं वर्षगांठ पर हो रहे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में मेजबान स्पेन पर 3-0 से आसान जीत दर्ज की। भारतीय टीम को अभी तक टूर्नामेंट में हार का सामना नहीं करना पड़ा है, उसके लिये वंदना कटारिया ने 22वें मिनट, मोनिका ने 48वें मिनट और उदिता ने 58वें मिनट में गोल दागे।

शनिवार को इंग्लैंड पर सफलता से आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम ने पहले क्वार्टर से ही मजबूत शुरूआत की। खिलाड़ियों ने सतर्कता बरतते हुए छोटे और सटीक पास से अनुशासित प्रदर्शन जारी रखा जिससे उन्होंने सर्कल में



मौके बनाये लेकिन मेहमान टीम पहले क्वार्टर में कोई गोल नहीं कर सकी। स्पेन ने भी पहले क्वार्टर के अंतिम पांच मिनट में कुछ अच्छे प्रयास किये लेकिन भारतीय कप्तान और गोलकीपर सविता ने बेहतरीन बचाव कर प्रतिद्वंद्वियों को दूर ही रखा। दूसरे क्वार्टर में भारत ने दबदबा बनाया जिससे उनकी बढ़त हासिल करने की भूख स्पष्ट दिखी। सुशीला ने 22वें मिनट में मैदानी गोल करने का अच्छा मौका बनाया और नेहा गोयल को सर्कल के ऊपर पास दिया लेकिन उनका शॉट स्पेनिश गोलकीपर क्लारा पेरेज के पैड से वापस आ गया। इंग्लैंड के खिलाफ तीन गोल करके स्टार रहीं लालरेमसियामी ने रिबाउंड को गोलकीपर के पास स्मैश किया और वहीं मौजूद वंदना ने इसे छुआकर गोललाइन के अंदर पहुंचा दिया। बढ़त हासिल करने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने सर्कल के अंदर कई बार सेंध लगाई।

स्पेन पर दबाव बढ़ता जा रहा था और भारत ने मोनिका के पेनल्टी कॉर्नर पर 48वें मिनट में किये गये गोल से बढ़त दोगुनी कर दी। भारत ने फिर दीप ग्रेस एक्का, निक्की प्रधान और सुशिला चानू की बदौलत रक्षण भी मजबूत किया जिससे स्पेन के हमलों पर लगाम लगी रही। हूटर बजने से दो मिनट पहले उदिता ने बेहतरीन ड्रिब्लिंग का नजारा पेश करते हुए तीसरा गोल दाग दिया।

## भारतीय जूनियर निशानेबाजों की होटल के नियम तोड़ने के लिए शिकायत



**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारतीय निशानेबाजी दल के कुछ सदस्यों ने हाल में चांगवोन में तीसरी विश्व जूनियर चैंपियनशिप के दौरान उस होटल के नियमों का उल्लंघन किया जहां वे ठहरे थे। इस घटना की शिकायत 90 सदस्यीय दल के साथ गए अधिकारियों से की गई है। भारतीय टीम के साथ गए एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया कि होटल के स्वागत कक्ष ने एक घटना की जानकारी दी जिसमें एक महिला निशानेबाज को पुरुष निशानेबाज के कमरे में पाया गया। इसके अलावा होटल के कुछ कमरों में सामान को नुकसान के मामले भी सामने आए। अधिकारी ने बताया, हम स्वतंत्र रूप से घटना (महिला निशानेबाज का पुरुष निशानेबाज के कमरे में मिलना) की पुष्टि नहीं कर पाए क्योंकि किसी ने भी उन्हें कमरे के अंदर जाते या बाहर निकलते हुए नहीं देखा।'' उन्होंने कहा, हालांकि होटल ने कमरों में कुछ सामान को नुकसान पहुंचाने की जानकारी दी जिसके लिए उन्हें भरपाई कर दी गई।' अधिकारी ने कहा, होटल के स्वागत कक्ष ने महिला निशानेबाज के पुरुष निशानेबाज के कमरे में मिलने की घटना की भी जानकारी दी लेकिन उक्त निशानेबाजों से बात करने पर कुछ नहीं पता चला। टीम का कोई भी सदस्य होटल द्वारा शिकायत की गई गतिविधियों में लिप्त नहीं था।' भारत ने कोरिया के शहर में 24 जुलाई को संपन्न हुए टूनार्मेंट के लिए प्रतिस्पर्धी देशों के बीच सबसे बड़ा दल भेजा था। भारत छह स्वर्ण, छह रजत और पांच कांस्य पदक के साथ चीन के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। चीन ने 12 स्वर्ण सहित 28 पदक जीते थे। अधिकारी ने कहा, जिन निशानेबाजों की शिकायत की गई वे अपने खर्चे पर गए थे। वे शॉटगन निशानेबाज हैं।' अपने खर्चे पर जाने वाले निशानेबाजी न्यूनतम क्वालीफिकेशन स्कोर' (एमक्यूएस) वर्ग में चुनौती पेश करते हैं। किसी प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करने या निशानेबाजी प्रतियोगिताओं के अगले स्तर पर चुनौती पेश करने के लिए एमक्यूएस न्यूनतम स्कोर होता है जिसे बनाना होता है। एमक्यूएस स्कोर की घोषणा भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) करता है।

## अजिंक्य रहाणे वन-डे कप के लिए लीसेस्टरशायर से हटे



**एजेंसी। इंग्लैंड**
भारत के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे, जिनके आगामी वन-डे कप के लिए लीसेस्टरशायर के साथ जुड़ने की उम्मीद थी, टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे क्योंकि उन्होंने क्रिकेट से एक छोटा ब्रेक लेने का फैसला किया है। 35 वर्षीय रहाणे मूल रूप से जून में लीसेस्टरशायर में शामिल होने वाले थे, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल और वेस्टइंडीज के खिलाफ उसके बाद के टेस्ट में उनकी भागीदारी के कारण वह काउंटी टीम के साथ नहीं रह सके। लीसेस्टरशायर ने एक बयान में कहा, उन व्यस्तताओं को पहले उनके कार्यक्रम में शामिल नहीं किया गया था, 35 वर्षीय ने अब अगस्त और सितंबर के दौरान क्रिकेट से ब्रेक लेने की इच्छा व्यक्त की है। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज पीटर हैंड्सकॉम्ब, जो काउंटी चैम्पियनशिप और टी20 ब्लास्ट के लिए लीसेस्टरशायर सेटअप का हिस्सा रहे हैं, रहाणे के प्रतिस्थापन के रूप में टीम के साथ बने रहेंगे। 32 वर्षीय हैंड्सकॉम्ब ने इस सीजन में अब तक क्लब के लिए 809 रन बनाए हैं, जिसमें काउंटी चैंपियनशिप के डिवीजन दो में 45.4 की औसत से 681 रन भी शामिल हैं। लीसेस्टरशायर के क्रिकेट निदेशक क्लॉड हेंडरसन ने कहा, सबसे पहले, हम अजिंक्य की स्थिति को पूरी तरह से समझ रहे हैं। उन्होंने हाल के महीनों में, भारत में और राष्ट्रीय टीम के साथ यात्रा करते हुए, एक व्यस्त कार्यक्रम का अनुभव किया है, और हम ठीक होने और अपने परिवार के साथ कुछ समय बिताने की उनकी इच्छाओं को स्वीकार करते हैं। हम अजिंक्य के साथ लगातार संपर्क में हैं और स्वीकार करते हैं कि क्रिकेट में परिस्थितियां कैसे तेजी से बदल सकती हैं। वह हमारी समझ के लिए बेहद आभारी हैं और अभी भी एक दिन लीसेस्टरशायर के लिए खेलने की उम्मीद करते हैं।

### जिम एफ्रो टी10 : डरबन कलंदर्स बना पहला विजेता

## हान्सबर्ग बफेलोज को 8 विकेट से हराया




**एजेंसी। हरारे**
जिम्बाब्बे में जिम एफ्रो टी-10 के फाइनल मुकाबले में डरबन कलंदर्स ने जोहान्सबर्ग बफेलोज को आठ विकेट से हराकर लीग की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। मैच में डरबन कलंदर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जो उसके लिए शत-प्रतिशत सही साबित हुआ। हरारे स्पोर्ट्स क्लब मैदान में बल्लेबाजी करने उतरी जोहान्सबर्ग टीम ने निर्धारित 10 ओवर में चार विकेट खोकर 127 रन बनाए। टीम की तरफ से सबसे ज्यादा रन टॉम बैंटन ने बनाए, जिन्होंने 17 गेंदों का सामना करते हुए 2 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 36 रन की पारी खेली। उनके अलावा कप्तान मोहम्मद हफीज ने 13 गेंद में 32 रन बनाए। वहीं यूसुफ पठान 14 गेंद में 5 चौको की मदद से 25 रन ही बना सके। सात ओवर के खेल तक टीम ने अपने तीन अहम विकेट गंवा दिए थे। इस तरह टीम 127 का स्कोर खड़ा कर सकी। इसके जवाब में डरबन कलंदर्स ने आखिरी ओवर में चार गेंद (9.2 ओवर) शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की तरफ से हजरतुल्लाह जजई ने फिनिशर की भूमिका निभाई और टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाकर ट्रॉफी टीम के नाम कर दी। हजरतुल्लाह जजई ने 22 गेंद में एक चौके और 4 छक्के की मदद से नाबाद 43 रन की पारी खेली। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 195 प्लस रहा। इसके अलावा टिम सीफर्ट ने 14 गेंद में 30 रन बनाए। वहीं आंद्रे फ्लेचर ने 11 गेंद में 3 चौको और 2 छक्कों की मदद से 29 रन की पारी खेली। जोहान्सबर्ग टीम की तरफ से सबसे ज्यादा 2 विकेट उस्मान शिनवारी ने लिए। इस तरह डरबन कलंदर्स ने जोहान्सबर्ग बफेलोज को हराकर पहली बार टी-10 लीग का खिताब अपने नाम किया है।

## रिटायर हो रहे स्टुअर्ट ब्रॉड को मिला गार्ड ऑफ ऑनर

**एजेंसी। लंदन**
इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड को रविवार को ओवल में पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट के चौथे दिन टेस्ट क्रिकेट में आखिरी बार बल्लेबाजी करने के लिए बाहर निकलते समय ऑस्ट्रेलिया की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर मिला। 37 वर्षीय ब्रॉड ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद घोषणा की थी कि वह खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लेंगे। उन्होंने 602 टेस्ट विकेट के साथ अपना करियर समाप्त किया और 600 से अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले सिर्फ दो तेज गेंदबाजों में से एक बन गए, उनके साथ लंबे समय तक गेंदबाजी साथी रहे जेम्स एंडरसन भी यह कारनामा कर चुके हैं जो मैच के चौथे दिन ब्रॉड के साथ बल्लेबाजी करने आए थे। जैसे ही ब्रॉड और एंडरसन अपनी दूसरी पारी में इंग्लैंड की पारी को 389/9 से आगे बढ़ाने के लिए बाहर निकले, ऑस्ट्रेलिया टीम की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर और ओवल में दर्शकों की खचाखच भीड़ ने खड़े होकर तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने बताया, जिस



क्षण ब्रॉड और एंडरसन एक साथ बाहर निकले, मैं और मेल जोन्स लगभग स्वस्थ हो गए! ब्रॉडी ने जिमी के चारों ओर अपना हाथ रखा और कहा, 'आइए एक साथ गार्ड ऑफ ऑनर से गुजरें, हम ज्यादातर चीजों से एक साथ गुजरे हैं' लेकिन जिमी ने स्थिति को पूरी तरह से समझ लिया। यहां तक कि कुछ ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने ब्रॉडी के अंतिम मैच में तालियां भी बजायीं। यह भावनात्मक क्षण था।'' ब्रॉड मिशेल स्टार्क की पहली पांच गेंदों पर रन नहीं बना सके, लेकिन बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को मिडविकेट के ऊपर से छक्का मारने में सफल रहे। यह टेस्ट क्रिकेट में ब्रॉड की आखिरी गेंद साबित हुई, क्योंकि एंडरसन, जो रविवार को 41 साल के हो गए, अगले ओवर में ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी की गेंद पर पगबाधा आउट हो गए।

### एकदिवसीय मैच | गुडाकेश मोती-शेफर्ड 3-3 विकेटों की अनुशासित गेंदबाजी का प्रयास

# वेस्टइंडीज ने भारत को 6 विकेट से हराया

**एजेंसी। ब्रिजटाउन**
(बारबाडोस), गुडाकेश मोती (3/36) और रोमारियो शेफर्ड (3/37) के तीन-तीन विकेटों की अगुवाई में अनुशासित गेंदबाजी प्रयास, इसके बाद शाई होप (नाबाद 63) के शानदार अर्धशतक ने शनिवार को यहां दूसरे वनडे में भारत पर छह विकेट की शानदार जीत के साथ वेस्टइंडीज को तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर करने में मदद की। सलामी बल्लेबाज ईशान किशन (55) ने अपना लगातार दूसरा अर्धशतक जमाया, लेकिन भारत कठिन उछाल वाली पिच पर अच्छी शुरूआत का फायदा उठाने में नाकाम रहा और 40.5 ओवर में 181 रन पर ऑल आउट हो गया। जवाब में, वेस्टइंडीज ने होप और कीसी कार्टी (नाबाद 48) के बीच नाबाद 91 रनों की साझेदारी की बदौलत छह विकेट रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। वेस्टइंडीज ने 36.4 ओवर में 182/4 रन बनाये। पिछले दस मैचों में भारत के




खिलाफ वेस्टइंडीज की यह पहली वनडे जीत थी। एक छोटे से लक्ष्य का पीछा करते हुए, काइल मेयर्स तेजी से ब्लॉक से बाहर हो गए, उन्होंने ब्रैंडन किंग के शामिल होने से पहले हार्दिक पांड्या और मुकेश कुमार की भारत की नई गेंद जोड़ी को ड्राइव और फ्लिक किया, और उमरान मलिक की गेंद पर लगातार चौकों के साथ 1000 एकदिवसीय रन को पार कर लिया। इसके बाद मेयर्स ने नौवें ओवर की पहली गेंद पर अर्धशतकीय साझेदारी पूरी करने के लिए छह रन के लिए स्टाइलिश फ्लिक के साथ शार्दुल ठाकुर का आक्रमण में स्वागत किया, लेकिन एक गेंद बाद उसी को दोहराने का प्रयास करते हुए गिर गए। उसी ओवर में ठाकुर ने किंग को एलबीडब्ल्यू आउट करके वेस्टइंडीज का स्कोर 54/2 कर दिया। क्रीज पर होप के साथ, वेस्टइंडीज तेजी से आगे बढ़ने में कामयाब रहा, लेकिन ठाकुर ने एलिक अथानाज को हटाने के लिए फिर से प्रहार किया। हालांकि, कप्तान ने सुनिश्चित किया कि वेस्टइंडीज मेहमानों की तरह एक बेहतरीन शुरूआत बर्बाद न करे। मेजबान टीम ने शिमरॉन हेटमायर को कुलदीप यादव की गुगली पर खो दिया, लेकिन होप ने स्कोरबोर्ड को इतना तेज रखा कि बादल छाए रहने की स्थिति को देखते हुए उन्हें डीएलएस बराबर स्कोर से आगे रखा जा सके। और एक बार जब कार्टी की नजर उस पर पड़ी, तो इस जोड़ी ने प्रभावी ढंग से स्ट्राइक रोटेट करने और लक्ष्य के करीब पहुंचने में अच्छा प्रदर्शन किया। होप ने 70 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और इस दौरान अपनी टीम को 150 रन के पार भी पहुंचाया। अंत तक बाउंड्रीज नहीं लगाने के बावजूद, इस जोड़ी ने पीछा करने पर नियंत्रण कर लिया और सुनिश्चित किया कि वेस्टइंडीज आसानी से लक्ष्य हासिल कर ले।

### स्टूअर्ट ब्रॉड-एंडरसन के साथ जोड़ी को हमेशा याद रखा जाएगा : राहुल द्रविड़

**भारत के** मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने संन्यास की घोषणा करने वाले इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टूअर्ट ब्रॉड को 'विशिष्ट क्रिकेटर' करार दिया जिनकी जेम्स एंडरसन के साथ जोड़ी क्रिकेट जगत में हमेशा याद रखी जाएगी। सैंतीस वर्षीय ब्रॉड ने शनिवार को घोषणा की कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लंदन के ओवल में चल रहे पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट मैच के बाद वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। द्रविड़ ने यहां दूसरे वनडे में



भारत की वेस्टइंडीज से छह विकेट से हार के बाद कहा, वह (ब्रॉड) शानदार गेंदबाज रहे हैं। वह एक महान गेंदबाज हैं। जिम्मी एंडरसन के साथ उनकी जोड़ी को हमेशा याद रखा जाएगा।' उन्होंने कहा, एंडरसन और ब्रॉड पूरे दशक तक इंग्लैंड के लिए खेलते रहे और उन्होंने वास्तव में शानदार प्रदर्शन किया। टेस्ट क्रिकेट में 600 विकेट लेना और कई टेस्ट मैच खेलना, ऐसा कोई विशिष्ट क्रिकेटर ही कर सकता है।'